वे नारियाँ अपने कार्यों के लिए लज्जित होती हैं = तीओ महिलाओ णियकज्जस्स लज्जिया होंति।

अब्भासो Exercise

Translate into Hindi हिन्दीभासाए अणुवायं कुणन्तु

इहेव भारहेवासे साएयं णाम णयरं। तत्थ वसू णाम सत्थवाहो। तस्स सुंदरी णाम भारिया। ज बहु जणो करेइ धम्मं सो कायव्वो। तया रण्णी दासि पुच्छइ—'को एत्थ मच्चुं पाविओ। तीए रोयमाणीए तप्परिवारो वि रोवेइ। तम्मि काले णरिंदभज्जा किं पि कारणत्थं कुंभगारी गेहं दासिं पेसेइ। तओ जणणीए पुत्तीए समीवमागन्तुं भणियं। धिरत्थु ममं, जेण मए दव्वस्स कए भाउविणासो चिंतिओ। पिअस्स हट्टाओ नाइदूरे रुक्खस्स पच्छा अप्पाणं आवरिअ ठविआ। कियंतकाले सो सोण्णारो हट्टं संवरिअ, मंजूसं च हत्थेण गहिऊण सो भयमंतो इओ तओ पासंतो सिग्घं गच्छंतो जाव तस्स रुक्खस्स समीवं आगओ तया सा सहसा णीसरिऊण मउणेण तं णिब्भच्छेइ।

एगम्मि वणे वाणरो जूहवई सच्छंदपयारो परिवसइ। सो कयाइ परिणयवओ बलवता वाणरेण अभिभूओ। एवं भणंता कलुणं परुण्णा भणइ तं जणणी। तत्थेव णयरे बहस्ससई नाम माहणो, तस्स सोमिला भज्जा, तेसिं पुत्तो रुद्ददत्तो। सुरिंददत्त—रुद्ददत्ता बालवयंसा।

सोहम्मदेवो चुओ माणुसं विग्गहं लहिऊण गुरुसमीवे जिणवयणं सोऊणं समणो जाओ, सो अहं। भो महाराय, सागयं ते। राइणा भणियं। अहो ते महाणुभावया। किं वा तवस्सिजणो पियं वज्जिय अण्णं भणिउं जाणइ। ण य मियङ्कबिम्बाओ अंगारवुट्ठीओ पडंति। ता अलं एइणा। भयवं, कया ते पारणगं भविस्सइ। अग्गिसम्मेण भणियं। महाराय, पञ्चहि दिणेहि। राइणा भणियं। भयवं, जइ ते णाईव उवरोहो, ता कायव्वो

मम गेहं पारणएणं पसाओ ! अग्गिसम्मेण भणियं । महाराय, आगच्छइ ताव सो दियहो, को जाणइ अन्तरे किंपि भविस्सइ । राइणा भणियं । भयव, विग्घं मोत्तूण संगच्छइ । अग्गिसम्मतावसेण भणियं । जइ एवं ते निब्बन्धो, ता एवं पडिवण्णा (स्वीकृत है) ते पत्थणा ।

ता किं इयाणिं पि ते ण संजायं पारणयं ति । अग्गिसम्मतावसेण भणियं 'न संजायं' । तावसेहि भणियं । कहं न संजायं, किं न पविट्ठो तस्स राइणो गुणसेणस्स गेहं । अग्गिसम्मतावसेण भणियं 'पविट्ठो' । तावसेहि भणियं— 'ता कहं ते न संजायं' ति । तेण भणियं । बालभावाओ चेव मे सो राया अणवरद्धवेरिओ, खलयारिओ अहं तेण । पुव्वि मए पुण न जाणिओ, अवगओ से इयाणि वेराणुबंधो ।

Translate into Prakrit पाइअभासाए अणुवायं कुणन्तु

आकाश में बादल छाये हैं और बिजली चमक रही है । उसने हँसते हुए माँ से कहा—'मैं आज भोजन नहीं करूँगा । मुझे जल्दी ही पुस्तक याद करनी है । अप्सराएँ इन्द्र के अखाड़े में नाचती हैं । मेरी मित्रता उनके साथ नहीं है । जरादेवी के पुत्र का नाम जरत्कुमार है । अर्धमागधी भाषा में विपुल साहित्य है । पश्चिम दिशा में उनका घर है । देवताओं की पूजा सुख देती है । उसके पेट में पीड़ा है । महासती का तेज अपूर्व होता है । शील के प्रभाव से असंभव कार्य संभव हो जाते हैं । यात्रा के लिए वे लोग जाते हैं । उनके साथ क्या तुम भी जा रहे हो ।

करता है। वह पढ़ने में तेज है। उसका मन खेलने में बहुत लगता है। हम लोग भी पढ़ने में मन लगाते हैं। बचपन का परिश्रम जीवनभर काम आता है।

कुमुदचन्द्र वाराणसी में रहता है। वह सुशील बालक है, पढ़ने में मन लगाता है। उसमें विनय गुण वर्तमान है। रामबालक प्रसाद बहुत परिश्रम करते हैं। उन्होंने पढ़ने का कार्यक्रम तैयार किया है। वे लोग हम लोगों से झगड़ा करते हैं। दण्ड-विभाग का अधिकारी मेरा मित्र है। पटने में उनका मित्र रहता है। मथुरा भी अयोध्या के समान तीर्थ-स्थान है। मथुरा को मधुवन या मधुपुरी भी कहते हैं। धौलपुर चम्बल नदी के तटपर स्थित है। यह प्राचीन स्थान है। मेघदूत में इसका नाम दशपुर आया है। यक्ष मेघ को मार्ग बतलाता है। विदुषी बहनें उन्नति करती हैं।

पंचमो पवाढओ Lesson 5

नपुंसकलिङ्ग शब्द और उनके प्रयोग

२२. नपुंसकलिङ्ग मे स्वरान्त शब्दों में प्रथमा और द्वितीया के एक वचन मे अनुस्वार का प्रयोग किया जाता है अर्थात् विभक्ति चिह्न अनुस्वार जोड़ा जाता है।

२३. नपुंसकलिङ्ग मे स्वरान्त शब्दों में प्रथमा और द्वितीया के बहु-वचन में इं, इँ और णि विभक्ति चिह्न जोड़े जाते हैं।

२४. प्रथमा के एक वचन मे इकारान्त और उकारान्त शब्दों के अन्तिम इ और उ को दीर्घ नहीं होता।

२५. तृतीया विभक्ति से आगे के सभी रूप पुंल्लिङ्ग के समान ही होते हैं।

वण—वन शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	वणं	वणाइं, वणाइँ, वणाणि
बी०	वणं	वणाइं, वणाइँ, वणाणि
त०	वणेण	वणेहि
च०	वणस्स	वणाणं
पं०	वणत्तो, वणाओ	वणाहिंतो
छ०	वणस्स	वणाण
स०	वणम्मि	वणेसु
सं०	हे वण	हे वणाइं, वणाइँ, वणाणि

धण—धन शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	धणं	धणाइं, धणाइँ, धणाणि
बी०	धणं	धणाइं, धणाइँ, धणाणि

इसके आगे वण शब्द के समान रूप होते हैं।

इकारान्त दहि (दधि) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प०	दहिं	दहीइं, दहीइँ, दहीणि
बी०	दहिं	दहीइं, दहीइँ, दहीणि
त०	दहिणा	दहीहि
च०	दहिणो, दहिस्स	दहीणं
पं०	दहिणो, दहित्तो	दहीहिंतो, दहीसुंतो
छ०	दहिणो, दहिस्स	दहीणं
स०	दहिम्मि	दहीसु
सं०	हे दहि	हे दहीइं, दहीइँ, दहीणि

वारि—जल शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	वारिं	वारीइं, वारीइँ, वारीणि
बी०	वारि	वारीइं, वारीइँ, वारीणि
त०	वारिणा	वारीहि
च०	वारिणो, वारिस्स	वारीणं
पं०	वारिणो, वारित्तो	वारीहिंतो
छ०	वारिणो, वारिस्स	वारीणं
स०	वारिम्मि	वारीसु
सं०	हे वारि	वारीइं, वारीइँ, वारीणि

सुरहि—सुरभि शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	सुरहि	सुरहीइं, सुरहीइँ, सुरहीणि
बी०	सुरहि	सुरहीइं, सुरहीइँ, सुरहीणि

शेष रूप वारि शब्द के समान होते हैं।

उकारान्त महु—मधु शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	महु	महूइं, महूइँ, महूणि
बी०	महुं	महूइं, महूइँ, महूणि
त०	महुणा	महूहि
च०	महुणो,	महूणं

	एकवचन	बहुवचन
पं०	महुणो, महुत्तो	महूहितो, महूसुंतो
छ०	महुणो, महुस्स	महूण
स०	महुम्मि	महूसु
सं०	हे महु	हे महूइं, महूइँ, महूणि

जाणु—जानु शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	जाणु	जाणूइं, जाणूइँ, जाणूणि
बी०	जाणुं	जाणूइं, जाणूइँ, जाणूणि

इसके आगे महु के समान रूप होते हैं।

अंसु (अश्रु) शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	अंसु	अंसूइं, अंसूइँ, अंसूणि
बी०	अंसुं	अंसूइं, अंसूइँ, अंसूणि

इसके आगे महु के समान रूप होते हैं।

व्यञ्जनान्त दाम—दामन् नपुंसकलिङ्ग शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प०	दाम	दामाइं, दामाइँ, दामाणि
बी०	दाम	दामाइं, दामाइँ, दामाणि
त०	दामेण	दामेहि
च०	दामाय, दामस्स	दामाणं
पं०	दामत्तो, दामाओ,	दामत्तो, दामाओ, दामाहिंतो
छ०	दामस्स	दामाण
स०	दामम्मि	दामेसु
सं०	हे दाम	हे दामाइं, दामाइँ, दामाणि

नकारान्त नाम—नामन् शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	नामं	नामाइं, नामाइँ, नामाणि
बी०	नाम	नामाइं, नामाइँ, नामाणि

इसके आगे के रूप दाम के समान होते हैं।

नकारान्त पेम्म (प्रेमन्) शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	पेम्मं	पेम्माइं, पेम्माइँ, पेम्माणि
वी०	पेम्मं	पेम्माइं, पेम्माइँ, पेम्माणि

शेष शब्द रूप दाम के समान होते हैं।

नकारान्त अह—अहन् शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	अहं	अहाइं, अहाइँ, अहाणि
वी०	अहं	अहाइं, अहाइँ, अहाणि

शेष रूप दाम शब्द के समान होते हैं।

सान्त सेय—श्रेयस् शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	सेयं	सेयाइं, सेयाइँ, सेयाणि
वी०	सेयं	सेयाइं, सेयाइँ, सेयाणि

शेष रूप वण शब्द के समान होते हैं हैं।

सान्त वय (वयस्) शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	वयं	वयाइं, वयाइँ, वयाणि
वी०	वयं	वयाइं, वयाइँ, वयाणि

शेष शब्द रूप वण शब्द के समान होते हैं।

वर्तमान कृदन्त हसंत, हसमाण शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	हसन्तं, हसमाणं	हसन्ताइं, हसन्ताइँ, हसन्ताणि
वी०	हसन्तं, हसमाण	हसन्ताइं, हसमाणाइँ, हसन्ताणि

अवशिष्ट रूप वण के समान होते हैं।

वत् प्रत्ययान्त भगवन्त—भगवत् शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	भगवन्तं	भगवन्ताइं, भगवन्ताइँ, भगवन्ताणि
बी०	भगवन्तं	" " "

शेष रूप वण शब्द के समान होते हैं।

आउ, आउस—आयुष् शब्द के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प०	आउं	आऊइं, आऊइँ, आऊणि
बी०	आउं	आऊइं, आऊइँ, आऊणि
त०	आउणा	आऊहि-हिं
च०	आउणो, आउस्स	आऊण
पं०	आउणो, आउत्तो	आऊहिंतो, आऊसुंतो
छ०	आउणो, आउस्स	आऊणं
स०	आउम्मि	आऊसु
सं०	हे आउ	हे आऊइं, आऊणि

शब्दकोष

अवक्खाणं = [illegible]
गोसिंगाणं = गाय का सींग
[illegible] = विचार
[illegible] = चंदन
पयं = पद, विभक्ति अन्तवाला शब्द
समग्ग = समग्र, सब
[illegible] = [illegible]
विमाणं = विमान
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

विसेसं = विशेष
रयणं = रत्न
आसणं = आसन, बैठने की वस्तु
नामं = नाम, [illegible]
[illegible] = [illegible], सीढ़ी
[illegible] = [illegible]
भयं = भय
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

विसोहणं = विशोधन, शुद्धीकरण
विस्सं = मांस के समान गन्ध वाला
विस्सरणं = विस्मृति
विस्सामण = चप्पी, अंगमर्दन, वैयावृत्य
विस्सारण = विस्तारण, फैलाव
विहं = आकाश
विहडणं = विघटन
विहणणं = विंजन
विहम्मं = विधर्मता
विहाणं = विधान, शास्त्रोक्त रीति, परित्याग
विहूणणं = विधूनन, पंखा, दूरीकरण
वीवाहणं = विवाह करना
वीसन्दणं = एक प्रकार का खाद्य
वुक्कारियं = गर्जना
वुज्जणं = स्थगन, आच्छादन, ढकना
वुत्तं = छन्द
वूहं = व्यूह, सैन्यरचनाविशेष
वेअं = कर्मविशेष, वेद्य
वेअड्डं = भिलावा, विदग्धता
वेअण = वेतन, कम्प, अनुभव
वेणइअं = वैनयिक, विनय, नम्रता
वेणिअं = लोकापवाद
वेत्तं = स्वच्छ वस्त्र
वेदिसं = विदिशा की तरफ
वेप्पुअं = बचपन
वेफल्लं = निष्फलता
वेमणस्सं = मनमुटाव
वेरग्गं = वैराग्य, उदासीनता
वेरमणं = विराम, निवृत्ति
वेरुलिअं = वैडूर्य रत्न
वेलग्गं = लज्जा
वेलुग = बेल का पेड़
वेसणं = चने का आटा
वेसम्मं = विषमता
वेहणं = वेधन
वेहव्वं = वैधव्य, रँडापा
वेहवं = विभूति, ऐश्वर्य
वोमं = आकाश
वोरमणं = हिंसा, प्राणिवध
वोसिरणं = परित्याग
वोहित्तं = जहाज, नौका
संकमणं = संक्रमण, प्रवेश
संकलं = सांकल, निगड
संकलण = संकलन, मिश्रता
संकित्तणं = संकीर्त्तन, उच्चारण
संकोअणं = संकोचन, संकोच
संखं = सांख्य दर्शन
संखाण = गिनती, गणना
संखेवणं = संक्षेपण, अल्प करना
संग = सींग, शृंग सम्बन्धी
संगम = संगत, मित्रता
संगरं = युद्ध
संगिण्हणं = आश्रयदान
संगीअं = संगीत, गान
संगोल्लं = समूह, संघात
संघट्टणं = संघट्टन, संमर्दन
संघयणं = संहनन, शरीर, अस्थि-रचना
संघायणं = विनाश, हिंसा
संचरणं = चलना, गति
सं..णणं = उत्पत्ति
संजुअं = युद्ध, लड़ाई
संजोअणं = संयोजन, जोड़ना

संठाणं = आकृति, आकार
संठावणं = संस्थापन
संडासं = सँड़सी, चिमटा
संडिब्भं = बालकों का क्रीड़ास्थान
संतमसं = अन्धकार, अन्धेरा
सन्तरणं = तैरना
संतावण = सन्ताप
संथरण = संस्तरण, निर्वाह, बिछौना
संदंसण = दर्शन, देखना
संदीवण = उत्तेजना
संधाण = सन्धि, सुलह, मद्य, सुरा
संधारणं = सान्त्वना, आश्वासन
संनिज्झं = सान्निध्य, निकटता
संनिविट्ठं = मोहल्ला
संपयाणं = समर्पण
संपहारणं = निश्चय
संपाडणं = सम्पादन, निष्पादन
संपेसणं = संप्रेषण, भेजना
संबल = पाथेय
संमज्जणं = प्रमार्जन, साफ करना
संमोहण = मोहित करना
संरक्खणं = संरक्षण समीचीनरक्षण
सच्चं = सत्य
सट्ठं = शठता
सढयं = कुसुमा, फूल
सणं = पाट, शण
सत्तं = सत्त्व
सत्थं = स्वास्थ्य, स्वस्थता
सत्थिअं = जाँघ
हरितं = हरी घास
सद्दहाणं = श्रद्धान, विश्वास
सद्दालं = नूपुर
सद्द = श्राद्ध
सप्पि = घी, घृत
समच्चणं = पूजन
समागमणं = समागमन
समाण्लणं = आज्ञा
समालंभण = अलंकरण
समालोयणं = समालोचन, सामान्य
  अर्थ का दर्शन
समाहाणं = समाधान,
समुक्कित्तणं = समुत्कीर्तन, उच्चारण
समुम्मूलणं = उन्मूलन, उत्पाटन
समुट्ठाणं = सम्यग् उत्थान

सग्गं = सुरग
सारज्जं = स्वर्ग का राज्य
सारिक्ख = समानता
साहसं = साहस
सिन्दूरं = सिन्दूर
सिरूड = खटिया, मचिया
सिप्पं = पलाल, पुआल, कारीगरी
सिरं = मरतक
सिवं = मंगल, कल्याण
सिहरं = शिखर
सीउण्हं = शीतोष्ण
सुअणं = सोना, शयन
सुन्देरं = सौन्दर्य
सुकय = सुकृत
सुक्कं = चुंगी, शुक्ल
सुचरिअं = सदाचरण
सुत्तं = सूत्र, तागा
सुहं = सुख
सूलच्छं = गड्ढा, छोटा तालाब
सेच्चं = शीतपन
सेवणं = सीना
सोअमल्लं = सुकुमारता
सोइअं = चिन्ता
सोड्डीरं = पराक्रम
सोमाणं = मसान, मरघट
सोवाणं = सीढ़ी, निसेनी
सोसण = सुखाना
सोहग्ग = सुभगता, सौभाग्य
हड्डं = हाड़
हणणं = मारना
हम्मिअ = गृह, प्रासाद
हिज्जीरं = साकल, सिकरी
हिडणं = पर्यटन
हिडोलणं = खेत में पशु आदि को रोकने की आवाज
हिमं – तुषार
हिरण्णं = चांदी
हीसमणं = हेषारव, घोड़े का शब्द
हेअंगवीणं = नवनीत, मक्खन
हेमं = सुवर्ण, सोना
खोहं = मधु
गोविल्लं = चोली, कंचुकी
रिणं = कर्ज, ऋण
उग्गाहणं = उगाहना, तगादा
उच्चह्लरं = ऊसर भूमि
उडु = नक्षत्र
उण्णं = ऊन
उव्वंजण = मालिश
उवट्ठाणं = उपवेशन
उवणिमंतणं = निमन्त्रण
उसीरं = उशीर, खश
कंडं = दण्ड लाठी
कडारं = नारियल
करणं = इन्द्रिय, साधन
करिल्लं = करेला
कवडं = कपट, माया
कविअ = लगाम
कविल्लुय = कड़ाही
कव्वालं = कार्यालय
कव्वं = काव्य
कसव्वं = भाफ, बाष्प
कसिअं = चाबुक
काणणं = जगल
काहलं = ढोल, वाद्यविशेष
किट्टिसं = खली
किविडं = खलिहान
कुडगं = भूसा, अन्न का छिलका

कुंभंडं = कोहँड़ा
कुच्चं = दाढ़ी-मूँछ
कुडीरं = झोपड़ी
कुडुंबं = परिवार
कुल्लडं = चूल्हा
कूडं = जाल
कोट्ठारं = भाण्डागार
खिच्चं = खिचड़ी
गेहं, गिहं = घर
थढ = स्तूप, टीला

क्रियाकोष

वंचइ = ठगता है
वंजइ = व्यक्त करता है
वंदइ = प्रणाम करता है
वंछइ = चाहता है, अभिलाषा करता है
वग्गइ = कूदता है, जाता है, वर्णन करता है
वज्जइ = डरता है, बजता है
वज्जरइ = कहता है, बोलता है
वट्टइ = परोसता है, व्यवहार करता है, बरतता है
वड्डइ = बढ़ता है
वड्ढावइ = बढ़ाता है, पूर्ति करता है
वण्णइ = वर्णन करता है
वमइ = उल्टी करता है, वमन करता है
वेढइ = मार डालता है, पीड़ा करता है
वाइ = सूखता है, बुनता है
वायइ = बजाता है
वालइ = मोड़ता है, वापस लौटता है
वावरइ = काम में लगता है
वाहइ = वहन करता है, चलाता है
वाहरइ = बोलता है
विअसइ = उत्पन्न होता है, विकसित होता है
विअट्टइ = अप्रमाणित करता है, विचारता है, विहरता है
विअरइ = विहरता है, अर्पण करता है, देता है
विअप्पइ = विचार करता है, संहार करता है

विउमइ = विद्वान की तरह आचरण करता है
विओजइ = अलग करता है
विचइ, विउज्झइ = अलग होता है
विंटइ = वेष्टन करता है, लपेटता है
विकत्थइ = प्रशंसा करता है
विकट्टइ = काटता है
विकिणइ, विक्कइ, विक्केइ = बेचता है
विक्खरइ = बिखरता है
विकुप्पइ = कोप करता है
विकूणइ = घृणा से मुँह मोड़ता है
विगणइ = निन्दा करता है, घृणा करता है
विगरहइ = निन्दा करता है
विगिंचइ = पृथक् करता है
विच्छुट्टइ = विक्षोभ करता है, चंचल हो उठता है
विट्टालइ = अस्पृश्य करता है, उच्छिष्ट करता है
विडवइ = तिरस्कार करता है
विढवइ = उपार्जन करता है, पैदा करता है
विणिजुजइ = जोड़ता है, कार्य मे लगता है
विणिवट्टइ = निवृत्त होता है, पीछे हटता है
विणिवारइ = रोकता है, निवारण करता है
विणवइ = प्रार्थना करता है
विणसइ = स्थापना करता है
विक्कइ = छेदता है
विप्पलंभइ = ठगता है
विम्हरइ = याद करता है
विरइ = तोड़ता है, व्याकुल होता है
विरल्लइ = विस्तारता है, फैलाता है
विलसइ = मौज करता है
विवरइ = बाल सँवारता है
विमइ = हिंसा करता है
विसूरइ = खेद करता है
वेअइ = अनुभव करता है
वेढइ = लपेटता है
वेहइ = बीधता है
वोलइ = चलता है
वुड्ढइ = बढ़ता है, बढ़ाता है
वेआरइ = ठगता है, प्रतारण करता है
वेल्लइ = काँपता है, क्रीड़ा करता है
वोसरइ = परित्याग करता है
विरमालइ = बाट जोहता है
विरेअइ = दस्त लेता है
विलुंपइ = अभिलाषा करता है
विवहइ = विवाह करता है
विसिसइ = विशेषण युक्त करता है
वीसुंभइ = पृथक् होता है

प्रयोगवाक्य

जल मे मछलियाँ रहती हैं = वारिम्मि मच्छा णिवसंति।
वह अपध्यान करता है = सो अवज्झाणं करेइ।
वे लोग दक्षिण की तरफ जाते हैं = ते दाहिणपासं गच्छंति।
हम लोग उसके आसन को पसंद करते हूँ = अम्हाणं तस्स आसणं रुच्चइ

इसका यौवन अभी भी अक्षुण्ण है = तीए जोव्वगं अहुणावि अक्खुण्णं अत्थि

इसका व्याकरण ज्ञान बहुत अच्छा है = तस्स वायरणणाणं बहुत्तमं अत्थि

मुझे श्लोकार्ध भी नहीं आता है = मह सिलोगद्धं वि ण आआइ

चौराहे पर वे लोग मिलते हैं = चच्चरम्मि ते जणा मिलन्ति

समोशरण में मनुष्य, पशु-पक्षी सभी बैठते हैं = समोसरणम्मि मणुस्स पसू-पक्खिणो सव्वे जीवा आसंति

व्याकरण में संज्ञा, सर्वनाम, और क्रिया का वर्णन रहता है = वागरणम्मि संण्णा सव्वनाम-विसेसण-किरियाणं-वण्णणं रहइ

चतुर लोग चौराहे पर घूमते हैं = विअड्ढजणा चच्चरम्मि भमन्ति

सिद्धालय में सिद्ध रहते हैं = सिद्धालयम्मि सिद्धा णिवसंति।

सिंह-गर्जना जंगल में सुनाई पड़ती है = सिहगज्जणं वणे सुणइ।

इससे मेरा मनमुटाव है = तेहिं सह मज्झ वेमणस्सं अत्थि

मुझे पाठ तनिक भी याद नहीं है = मज्झ पाठो अप्पं वि ण विम्हरइ

विषमता हमारे देश से कब दूर होगी = वेसम्मं अम्हाणं देसत्तो कआ दूरं होज्जहिइ

इसका संगीत मुझे बहुत प्रिय है = तस्स संगीअं मज्झ बहुपियं अत्थि

इसकी आकृति भयावह है = तस्स संठाणं भयावहं अत्थि

इस कहानी का तुम संवेदन करते हो = तीए कहाए तुमं संवेयणं करेसि

अब्भासो Exercise

Translate into Hindi हिन्दीभासाए अणुवायं कुणन्तु

नाम, इमाओ ते गच्छ, तओ जायवाण जराकुमारे सविमाया मोएण निवडिया दिट्ठी, चिन्तिअं इमिणा 'अहो' कट्ठं अहं वासुदेवपुत्तो होऊण सगलजणमिट्ठं कणिट्ठं भायरं विणासेहामि त्ति, तओ आपुच्छिऊण जायवजणं जणद्दणरक्खणत्थं गओ वणवासं जराकुमारो।

अण्णया रायगिहे दूरदेसाओ समागया रयणकंबलवाणियगा। दंसिया महाजणस्स कंबलगा कि मोल्ल त्ति पुट्ठा महाजणेण ते भणंति एक्केक्कं लक्खमोल्लं। अइमहग्घ त्ति न गहिया केणावि। तओ गया रायकुले। दिट्ठा सेणिएण, महग्घ त्ति न गहिया रन्ना। चेल्लणा भणइ—'मम एगं गेण्हसु' राया नेच्छइ। निग्गया रायकुलाओ वाणियगा। भमंता गया भद्दागेहं। दंसिया भद्दाए वि कंबला गहिया सव्वे, मोल्लं च दिण्णं। चेल्लणा कंबलकए रुट्ठा सेणियस्स। नायं रन्ना, पेसिया पुरिसा—वाहरह वाणिय। आगया, भणंति—गोभद्द सेट्ठिभज्जाए भद्दाए सव्वे रयणकंबला गहिय त्ति। पेसिओ तत्थ सेणिएण पहाणपुरिसो, जहा—'कएणं मम चेल्लणाए एगं कंबलणं देहि त्ति। भणियं भद्दाए—'को देवपाएहिं सह अम्ह ववहारो, मोल्लं विणा वि कंबलो छिज्जइ। किन्तु ते सव्वे सुण्हाए पायपुंछणया कया सेज्जमारुहंतीए। बहुकालगहिया अत्थि। किन्तु तेसु किसारियाए (कीड़ों ने) कत्थइ दोरओ (तागा) पायडो कओ। तेण तेहि न कयाइं पायपुंछणाइं। मा दोरएणं सालिभद्दभज्जाणं पाया छणिज्जिसंति। तओ तेहि जइ देवपायाण कज्जमत्थि, ता देवो आणवेउ, जेण समाविज्जंति।' निवेइयं रन्ना। तुट्ठो सेणिओ। अहो कयत्थो अहं, जस्स मम एरिसगा वाणियगा संति।

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं कुणन्तु

किसी समय राजगृह में दूर देश से रत्नकंबल बेचनेवाले व्यापारी आये। उन्होंने वहाँ के महाजनों को कम्बल दिखलाये। महाजन उनका मोल पूछते हैं। वे एक-एक लाख रुपया कीमत बतलाते हैं। रानी चेलना लेना चाहती है। मोल अधिक होने से राजा नहीं खरीदता है। यह आग जलती है और सोना चमकता है। मैं एक बात सोचता हूँ। वे लोग यह नहीं सोचते। किसान गुड तोलना है। लड़के कालेज में हल्ला करते हैं, पढ़ते नहीं। किसी नगर में एक कुम्हार रहता है। उसकी पत्नी की मित्रता राजा की रानी के साथ है। कुम्हारिन के घर में गधी है, जिसे वह बहुत प्यार करती है। मुझे पंखे की हवा अच्छी लगती है। उसको अंगमर्दन अच्छा नहीं लगता है।

सांख्यदर्शन आत्मा का अस्तित्व मानता है। मैं गद्य का संक्षेपण करता हूँ। उसके पास अपार ऐश्वर्य है। मुझे बेसन की रोटी अच्छी मालूम होती है। बेल के पेड़ पर बहुत पत्ते है, पर फल नहीं हैं। मैं गान्धी के गुणों का निरन्तर संकीर्त्तन करता रहता हूँ। मैं विधर्मी के साथ भी सम्बन्ध बनाये रखता हूँ। मैं आपकी प्रशंसा करता हूँ, पर आप मेरी बात नहीं मानते हैं। वे अपनी ही बात कहते रहते हैं।

उनका आचरण हमको भी अच्छा लगता है। यह एक लोककथा है। वसन्तपुर नगर में एक ब्राह्मण रहता है। उसके पास तीन गायें हैं। कर्म एवं भावना के क्षेत्र में अन्धानुकरण करना हानिकर है। इस कथा में मानव-स्वभाव का सुन्दर विश्लेषण है। इसके पश्चात् माता पुत्री के पास पहुँचती है। संसार में परिग्रह का संचय ही पाप का कारण है। इस कथा के रचयिता आचार्य हरिभद्र हैं। कुन्दकुन्दाचार्य का लिखा हुआ समयसार ग्रन्थ है। आचार्य नेमिचन्द्र ने गोम्मटसार की रचना की है।

संस्कृत साहित्य में कालिदास का नाम सर्वोपरि है। उमास्वाति बहुत बड़े सूत्रकार हैं। सूत्रग्रन्थों की शैली संक्षिप्त होती है। मैं स्नान कर भोजन करता हूँ और तुम बिना स्नान किये ही भोजन कर लेते हो। प्रातःकाल जागना स्वास्थ्य के लिए हितकर होता है। हँसती हुई लड़कियाँ झूला झूलती हैं। तुम लोग माता-पिता की आज्ञा मानते हो या नहीं। मेरे भाई अजमेर में रहते हैं। वे कपड़े का व्यापार करते हैं। उनके यहाँ उत्सव होता है। मैं भी उस उत्सव में शामिल होता हूँ। आप लोग पाठशाला क्यों जाते हैं।

छट्ठो पचाढओ Lesson 6

काल और क्रिया रूप

२५. काल रचना की दृष्टि से प्राकृत मे वर्तमान, भूत, आज्ञा, विधि, भविष्य और क्रियातिपत्ति के प्रयोग दिखलायी पड़ते हैं। सहायक क्रिया के साथ कृदन्त रूपों का व्यवहार बहुलता से उपलब्ध होता है।

२६. वर्तमान काल के दो भेद हैं—सामान्य वर्तमान और तात्कालिक वर्तमान। सामान्य वर्तमान का अनुवाद वर्तमान काल के सामान्य रूपों द्वारा किया जाता है। यथा—

बालक हँसता है = बालओ हसइ।
वे पढ़ते हैं = ते पढन्ति।
हम लोग दौड़ते हैं = अम्हे धावंति।
वे लोग छत से गिरते हैं = ते पासादओ पडंति।
वह गुरु को प्रणाम करता है = सो गुरुं पणमइ।
मैं सच बोलता हूँ = अह सच्चं बोल्लामि।
हम लोग आपको प्रणाम करते हैं = अम्हे भवन्तं पणमामो।
तुम पुस्तक पढ़ते हो = तुमं पोत्थयं पढसि।
आप पुस्तक लिखते हैं = भवन्तो पोत्थयं लिहइ।
तुम लोग खेलते हो = तुम्हे खेल्लित्था
वे पटने में रहते हैं = ते पडलिपुत्ते वसंति।
वे लोग काशी मे रहते हैं = ते कासीए वसंति।
वे लोग चलते हैं = ते जणा चलंति।

२७. तात्कालिक वर्त्तमानकाल के वाक्यों का अनुवाद दो प्रकार से किया जाता है। प्रथम प्रक्रिया द्वारा सामान्य वर्तमान काल के क्रिया रूपों को रखकर ही प्राकृत वाक्य लिखे जाते हैं। दूसरी प्रक्रिया मे मूलधातु मे न्त प्रत्यय जोड़कर कर्त्ता के वचन के अनुसार अत्थि या सन्ति लगाकर अनुवाद करते हैं) प्राचीन प्राकृत मे तात्कालिक वर्तमान (Present progressive tense) के प्रयोग प्रायः नहीं मिलते। सामान्य वर्तमान की क्रिया से ही वाक्यों का अनुवाद किया गया है।

हमारे विचार से तात्कालिक वर्तमान का अनुवाद 'न्त' और अत्थि के योग से ही करना उचित है। यथा—

वह जा रहा है = सो गच्छन्तो अत्थि।
तू जा रहा है = तुमं गच्छन्तो अत्थि, सि वा।
वे लोग पढ़ रहे हैं = ते पढन्ता सन्ति।
तुम लोग पढ़ रहे हो = तुम्हे पढन्ता अत्थि।
मैं पढ़ रहा हूँ = अहं पढन्तो अत्थि, हं पढन्तो म्हि वा
वह छात्रा जा रही है = सा छत्ता गच्छन्ती अत्थि।
वे छात्राएँ पढ रही हैं = ताओ छत्ताओ पढन्तीओ सति।
लड़कियाँ विद्यालय जा रही हैं = बालिआओ विज्जालयं गच्छन्तीओ सति।
वह मनोरमा काम कर रही है = सा मनोरमा कज्ज कुणन्ती अत्थि।
रामदास पुस्तक याद कर रहा है = रामदासो पत्थयं सुमिरन्तो अत्थि।
वह कलम से लिख रहा है = सो कलमेन लिखन्तो अत्थि।
सुरेन्द्र विद्यालय जा रहा है = सुरेंदो विज्जालयं गच्छन्तो अत्थि।
मैं तुम से पूछ रहा हूँ = हं तुमं पुच्छन्तो म्हि।
वह परमात्मा का ध्यान कर रहा है = सो परमप्प झाणन्तो अत्थि।
वे रुपये एकत्र कर रहे हैं = ते रूवआणि चिणन्ता संति।
वे परिश्रम से काम कर रहे हैं = ते समेण कज्जं कुणन्ता सन्ति।
तुम क्या कर रहे हो = तुमं किं कुणन्तो अत्थि, सि वा।
वह जंगल में घूम रहा है = सो वणम्मि भमन्तो अत्थि।

मुनि तीर्थयात्रा के लिए जा रहे हैं=मुणीओ तित्थजत्ताए गच्छन्ता संति।
बालक खेल कर रहे हैं = बालआ खेलं कुणन्तो सन्ति।
सेना दुर्ग में प्रवेश कर रही है=सेना दुग्गम्मि पवेसं कुणंती अत्थि।
गुरु शिष्यों को उपदेश दे रहे हैं = गुरु सिस्से उवएसं देंतो अत्थि।
वे लोग सीढ़ी पर चढ़ रहे हैं = ते सोवाणं आरोहंता सन्ति।
मैं पीढ़े पर बैठ रहा हूँ = हं पीढम्मि उवविसंतो अत्थि।
आप लोग देव को प्रणाम कर रहे हैं = भवन्ता देवं पणमन्ता सति।
वे लोग ससुराल जा रहे हैं =ते ससुरालयं गच्छन्ता सन्ति।
नागरिक लोग नृत्य देख रहे हैं=पउरा जणा णच्चं पेच्छन्ता सन्ति।
वे धर्मशाला में रह रहे हैं = ते धम्मसालाए वसन्ता सन्ति।
माली वृक्षों का सिंचन कर रहा है = माली विच्छाणं सिंचणं कुणन्तो अत्थि।
मधुमक्खियाँ मधु संचय कर रही हैं = महुमक्खियाओ महुसंचयं कुणन्तीओ सन्ति।

वर्तमानकाल में कुछ धातुओं के रूप

ठा < स्था—ठहरना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	ठाइ	ठान्ति, ठान्ते, ठाइरे
म० पु०	ठासि	ठाइत्था, ठाह
उ० पु०	ठामि	ठामो, ठामु, ठाम

ने < नी—ले जाना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	नेइ	नेन्ति, नेन्ते, नेइरे
म० पु०	नेसि	नेइत्था, नेह
उ० पु०	नेमि	नेमो, नेमु, नेम

पा—पीना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	पाइ	पान्ति, पान्ते, पाइरे
म० पु०	पासि	पाइत्था, पाह
उ० पु०	पामि	पामो, पामु, पाम

ण्हा < स्ना—स्नान करना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	ण्हाइ	ण्हान्ति, ण्हान्ते, ण्हाइरे
म० पु०	ण्हासि	ण्हाइत्था, ण्हाह
उ० पु०	ण्हामि	ण्हामो, ण्हामु, ण्हाम

कर < कृ—करना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	करइ, करेइ, करए	करन्ति, करेन्ति, करन्ते, करिरे
म० पु०	करसि, करसे, करेसि	करित्था, करह, करेह
उ० पु०	करामि, करेमि, करमि	करिमो, करामो, करमो, करेमो, करिमु, करिम, कराम

अस्—होना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	अत्थि	अत्थि, संति
म० पु०	अत्थि, सि	अत्थि
उ० पु०	अत्थि, म्हि	अत्थि, म्हो, म्ह

२८. वर्तमान काल में धातु का अत्थि रूप तीनों पुरुष और दोनों वचनों में बनता है।

भूतकाल

२९. भूतकाल के परिज्ञान के लिए प्राकृत में एक ही काल का प्रयोग पाया जाता है। अनुवाद में कृदन्त पदों से विशेष सहायता ली जाती है। सभी प्रकार के अतीत प्रयोगों में सामान्य भूत के अतिरिक्त कृदन्तों का भी प्रयोग पाया जाता है।

३०. भूतकाल के रूपों के लिए व्यञ्जनान्त धातुओं में ईअ प्रत्यय सभी पुरुषों और सभी वचनों में जोड़ा जाता है। स्वरान्त धातुओं में तीनों पुरुष और दोनों वचनों में सी, ही और हीअ प्रत्यय जोड़कर रूप बनाये जाते हैं।

व्यञ्जनान्त हस धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हसीअ	हसीअ
म० पु०	हसीअ	हसीअ
उ० पु०	हसीअ	हसीअ

स्वरान्त हो धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	होसी, होही, होहीअ	होसी, होही, होहीअ
म० पु०	होसी, होही, होहीअ	होसी, होही, होहीअ
उ० पु०	होसी, होही, होहीअ	होसी, होही, होहीअ

ठा < स्था—ठहरना धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	ठासी, ठाही, ठाहीअ	ठासी, ठाही, ठाहीअ
म० पु०	,, ,, ,,	,, ,, ,,
उ० पु०	,, ,, ,,	,, ,, ,,

झा < ध्यै—ध्यान करना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	झासी, झाही, झाहीअ	झासी, झाही, झाहीअ
म० पु०	झासी, झाही, झाहीअ	झासी, झाही, झाहीअ
उ० पु०	झासी, झाही, झाहीअ	झासी, झाही, झाहीअ

ने < नी—ले जाना

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	नेसी, नेही, नेहीअ	नेसी, नेही, नेहीअ
म० पु०	नेही, नेही, नेहीअ	नेसी, नेही, नेहीअ
उ० पु०	नेसी, नेही, नेहीअ	नेसी, नेही, नेहीअ

अस् धातु का तीनों पुरुषों मे एकवचन मे आसि और बहुवचन मे अहेसि रूप बनता है। कुछ वैयाकरणों के अनुसार तीनों पुरुषों के एकवचन और बहुवचन का रूप आसि ही है।

प्रयोगवाक्य

तुम पटना गये थे = तुमं पाडलिपुत्तं गच्छीअ ।
उसने बनारस मे पढ़ा था = सो वाराणसी ए पढीअ ।
तुमने यह क्या किया = तुमं इदं किं करीअ ।
उन लोगोंने आँखें बन्द कीं = ते जणा नेत्ताइं संमीलीअ ।
उन लोगों ने आत्मा का ध्यान किया = ते जणा अप्पं झाहीअ ।
मैंने प्रातःकाल में पुस्तक पढ़ी = अहं पच्चूसे पोत्थयं पढीअ ।
उसने मेरी घड़ी चुराई = सो मज्झ घडि चोरीअ ।
किसान ने खेत सींचा = किसओ खेत्तं सिचीअ ।
मैंने रोटी खायी = अहं रोटिअं खादीअ ।
राम ने मेरे विरुद्ध शिकायत की = रामो मज्झ विवरीयं अवहीरीअ ।
शिक्षक ने लड़के को पीटा = सिक्खओ वालअं ताडीअ ।
उसने मधुर गीत गाया = सा महुरं गीयं गाहीअ ।
पुलिस ने चोर को पकड़ा = पुलिसो चोरं गिण्हीअ ।
न्यायाधीश ने फैसला सुनाया = णायाहीसो नायं सुणीअ ।
तुम एक पुस्तक पढ़ रहे थे = तुमं एगं पोत्थयं पढीअ ।
लड़के मैदान मे खेल रहे थे = वालआ खेत्ते खेलीअ ।
यात्री यात्रा कर रहे थे = जात्तीआ जत्तं करीअ ।
तुम कुएँ पर स्नान कर रहे थे = तुमं कूवम्मि ण्हाणं करसी ।
तुम ने रामायण पढ़ी थी = तुमं रामायणं पढीअ ।
तुम्हारे पिता घर जा रहे थे = तुज्झ पिआ गिहं गच्छीअ ।
रसोइया ने भोजन बनाया = पाचओ भोयणं णिम्मीअ ।
शिक्षक लड़कों को पढ़ा रहे थे = सिक्खओ वालआ पढीअ ।
उर्मिला गाना गा रही थी = उम्मिला गाणं गाहीअ ।
उसकी बेटी ने प्रवेशिका पास की = तस्स पुत्ती पवेसिअं उत्तरीअ ।
उसने खेत से धान काटा = सो खेत्तओ सस्सं कट्टीअ ।
बाग मे माली ने फूल तोड़े = उज्जाणे माली फुल्लाणि तुट्टीअ ।
माता ने बालक को भात खिलाया = माया बालअं भत्तं भुंजावीअ ।
कुन्ती ने पुत्रों को शिक्षा दी = कुंती बालआ सिक्खं देहीअ ।
भिखारी ने भीख माँगी = भिक्खुओ भिक्खं मग्गीअ ।
मल्लाह नदी में नाव को ले गया = केवट्टो नईए नावं नेहीअ ।
सेवक ने आज्ञा नहीं मानी = सेवओ अण्णं ण मण्णीअ ।

मैंने किसी की बुराई नहीं की = अहं कम्सवि अणिट्ठं ण करीअ।
वे लोग पटने में रहते थे = ते जणा पाडलिपुत्तम्मि णिवसीअ।

भविष्यत्काल

३१. भविष्यत्काल का व्यवहार प्राकृत मे एक ही प्रकार का पाया जाता है। इसका अनुवाद भी सामान्य भविष्य के क्रियापदों द्वारा किया जाता है। इसकी रूपावली के लिए प्रथम पुरुष एकवचन में हिइ और बहुवचन में हिन्ति, मध्यम पुरुष के एकवचन में हिसि और बहुवचन में हित्था एवं उत्तम पुरुष के एकवचन में स्सं, स्सामि और वहुवचन में स्सामो प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

हस धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हसिहिइ	हसिहिन्ति
म० पु०	हसिहिसि	हसिहित्था
उ० पु०	हसिस्सं, हसिस्सामि	हसिस्सामो, हसिस्सामु

हो धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	होहिइ	होहिन्ति
म० पु०	होहिसि	होहित्था
उ० पु०	होस्सं, होस्सामि	होस्सामो, होस्सामु

ठा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	ठाहिइ	ठाहिन्ति
म० पु०	ठाहिसि	ठाहित्था
उ० पु०	ठाहामि, ठास्सामि	ठास्सामो, ठाहामो

झा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	झाहिइ	झाहिन्ति
म० पु०	झाहिसि	झाहित्था
उ० पु०	झास्सामि	झास्सामो

ने धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	नेहिइ	नेहिन्ति
म० पु०	नेहिसि	नेहित्था
उ० पु०	नेस्सामि	नेस्सामो

पा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	पाहिय	पाहिन्ति
म० पु०	पाहिसि	पाहित्था
उ० पु०	पास्सामि	पास्सामो

भविष्यकाल में सुण (श्रु) के स्थान पर सोच्छ, रुद् के स्थान पर रोच्छ, विद् के स्थान पर वेच्छ, दृश् के स्थान पर दच्छ, मुच् के स्थान पर मोच्छ, वच् के स्थान पर वोच्छ, भिद् के स्थान पर भेच्छ एवं भुज् के स्थान पर भोच्छ आदेश होता है और प्रत्यय जोड़कर पूर्ववत् ही रूप बनाये जाते हैं।

प्रयोगवाक्य

वह कल विद्यालय जायगा = सो कल्लं विज्जालयम्मि गच्छहिइ ।
वे लड़के वहाँ पर पुस्तक पढ़ेंगे = ते बालआ तत्थ पोत्थयं पढहिन्ति ।
तुम वहाँ पर प्रार्थना करोगे = तुमं तत्थ पत्थणं केरहिसि ।
हम लोग मैदान में खेलेंगे = अम्हे खेत्ते खेलस्सामो ।
शीला गया जायगी = सीला गयं गच्छहिइ ।
तुम अपनी किताब पढ़ोगे = तुमं णियपोत्थयं पढहिसि ।
वर्षा अच्छी होगी = वरसा उत्तमा होहिइ ।
खेत में धान की फसल पैदा होगी = खेत्ते सस्सं उप्पज्जहिइ ।
वह किताब की दुकान से किताब खरीदेगा = सो पोत्थयहट्टीए पोत्थयं कीणहिइ ।
वह दस बजे रोटी खायगा = सो दसवायणे रोट्टगं खाअहिइ ।
उसको कल पुरस्कार मिलेगा = सो पुरक्कारं पप्पहिइ ।
श्रीकान्त मैदान में पढ़ेगा = सिरिकंतो खेत्ते पढहिइ ।
हम लोग दिल्ली जायेंगे = अम्हे दिल्लिं गच्छहिस्सामो ।

मेरी बहन गाती रहेगी = मज्झ बहिणी गायहिइ।
तोता रामनाम कहेगा = सुगो रामनामं कहहिइ।
जुलाई में कालेज खुलेगा = जुलाईमासम्मि विज्जालयो उग्घहिइ।
खेत में पानी बरसेगा = खेत्ते जलं वरहिइ।
तुम लोग रमना में खेलोगे = तुम रमनाखेत्ते खेलहिसि।
तुम लोग पटना जाओगे = तुमं पाडलिपुत्तं गच्छहिसि।।
कल पिताजी वाराणसी से आयेंगे = कल्ल पिआ वाराणसि आगच्छहिइ।
तुम कपड़ा खरीदोगे = तुमं वत्थं कीणहिसि।
वह धनी आदमी हाथी बेचेगा = सो धणिओ हत्थि विक्कीणहिइ।
तुम बाजार से कागज लाओगे = तुमं हट्टाओ कग्गलं आणेहिसि।
तुम गाँव में सफाई करोगे = तुमं गामम्मि जामहिसि।
हम विद्यालय का सुधार करेंगे = अम्हे विज्जालयस्स सोहणं करिस्सामो।
वे विद्यालय के अधिकारी बनेंगे = ते विज्जालयस्स अहियारी होहिन्ति।
वे लोग हमारे कामों से प्रसन्न होंगे = ते अम्हाणं कज्जाओ पसण्णा होहिन्ति।
हम लोग आपकी भेंट स्वीकार करेंगे = अम्हे तुम्हाणं उवहारं पग्गहिस्सामि।
चलने पर तुमको प्यास लगेगी = चलणम्मि तुम पिवासा लग्गहिसि।
आज उपवास करने से कल भूख लगेगी = अज्ज उववासकरणेन कल्लं छुहा लग्गहिइ।
मधुमक्खी छत्ता बनायेगी = महुमक्खी महुछत्तं णिम्माहिइ।
विश्वविद्यालय में प्राकृत की पढ़ाई चलेगी = विस्सविज्जालये पाइय अज्झयणं आरंभहिइ।
हम लोग प्रातःकाल दाँतौन करेंगे = अम्हे पच्चूसे दंतहावणं करिस्सामो।

विधि और आज्ञा

३२. जब किसी क्रिया के औचित्य का भाव प्रकट करना हो अर्थात् अमुक क्रिया होनी चाहिए अथवा नहीं, तो विधिलिङ् का प्रयोग होता है। आचार-व्यवहार आदि के सम्बन्ध में शिक्षा-उपदेश देने में विधि का व्यवहार किया जाता है। साधारणतः विधि के दो भेद हैं—प्रवर्तना

और निवर्तना। सत्कार्य में प्रवृत्ति को प्रवर्तना और असत्कार्य से निवृत्ति को निवर्तना कहते है।

३३. इच्छा, सामर्थ्य (Ability), योग्यता (Fitness) और संभावना (Possibility) का बोध कराने के लिए विधि एवं आज्ञा का प्रयोग किया जाता है। प्राकृत में विधि और आज्ञा के रूप समान होते हैं।

३४. विधि और आज्ञा मे प्रथम पुरुष एकवचन मे उ प्रत्यय और बहुवचन मे न्तु प्रत्यय; मध्यम पुरुष एकवचन मे हि, सु प्रत्यय और बहुवचन मे ह प्रत्यय एवं उत्तम पुरुष एकवचन में मु प्रत्यय और बहुवचन मे मो प्रत्यय जोड़ा जाता है।

हस धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हसउ, हसेउ	हसन्तु, हसेन्तु
म० पु०	हसहि, हससु, हसेहि	हसह, हसेह
उ० पु०	हसिमु, हसेमु	हसिमो, हसेमो

हो धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	होउ	होन्तु
म० पु०	होहि, होसु	होह
उ० पु०	होमु	होमो

ठा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	ठाउ	ठान्तु
म० पु०	ठाहि, ठासु	ठाह
उ० पु०	ठामु	ठामो

झा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	झाउ	झान्तु
म० पु०	झाहि, झासु	झाह
उ० पु०	झामु	झामो

ने धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	नेउ	नेन्तु
म० पु०	नेहि, नेसु	नेह
उ० पु०	नेमु	नेमो

पा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	पाउ	पान्तु
म० पु०	पाहि	पाह
उ० पु०	पामु	पामो

ण्हा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	ण्हाउ	ण्हान्तु
म० पु०	ण्हाहि	ण्हाह
उ० पु०	ण्हामु	ण्हामो

कर धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	करउ, करेउ	करन्तु, करेन्तु
म० पु०	करहि, करसु, करेहि	करह, करेह
उ० पु०	करिमु, करामु	करिमो, करामो

पूस पुष्ट होना धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	पूसउ	पूसन्तु
म० पु०	पूसहि, पूससु	पूसह
उ० पु०	पूसिम	पूसिमो

गच्छ < गम—जाना धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	गच्छउ	गच्छन्तु
म० पु०	गच्छहि	गच्छह
उ० पु०	गच्छिमु, गच्छामु	गच्छिमो, गच्छामो

अस् धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	अत्थि	अत्थि
म० पु०	अत्थि	अत्थि
उ० पु०	अत्थि	अत्थि

प्रयोगवाक्य

तुम वहाँ जाओ और काम करो=तुमं तत्थ गच्छहि एवं कज्जं करहि।
तुम अपने मित्र के साथ स्कूल जाओ = तुमं णियमित्तेण सह विज्जालयं गच्छहि।
तुम आचारांग पढो = तुमं आचारांगं पढहि।
झूठे आदमी का साथ मत करो=असत्तनराणं संमग्गं मा करहि।
बड़ों की निन्दा मत करो = गुरुजणाणं निंदा मा करहि।
आकाश के तारों को देखो = आयासम्मि तारागणं पेच्छहि
वे लोग नदी के तट पर घूमें = ते जणा नइतडे भमन्तु।
तुम यहाँ से भाग कर चले जाओ=तुमं एत्थ थाणओ धविता गच्छहि।
तुम लोग इनकी रक्षा करो = तुमं इमाणं रक्खं करहि।
वे लोग इनको रुपये दें = ते जणा इमाणं रुप्पआणि देंतु।
वे जंगल मे घूमने जायें = सो वणम्मि भमणे गच्छहि।
तुम फौज में भरती हो जाओ = तुमं सेणाए पविट्ठो होहि।
वे लोग आत्मा का ध्यान करें = ते जणा अप्पाणं झान्तु।
वे लोग उसके सौन्दर्य पर हँसते हैं=ते जणा तस्स सुन्देरं हसन्तु।
तुम इस समय सुग्गे को पढाओ = तुमं इयाणीं सुअं पढहि।
तुम गरीबों को चावल दो = तुमं दरिद्दाणं तंडुलं देहि।
बच्चों को मिठाई दो=बालाणं मिट्ठाण्णं देहि।
उस पुराने मकान को गिरा दो = तं जुण्णं भवनं पाडसु।
इस काम को जल्दी कर डालो=इदं कज्जं सिग्घं करेहि।
वह बालिका कपड़ा को सींये = सा बालिआ वत्थं सिव्वउ।
किसाण ईख का रस पीये = किसओ उच्छुरसं पाउ।
जुलाहा वस्त्र को बुने = तंतुवाओ वत्थं रयउ।
वे लोग जामुन के फल चुने = ते जणा जंबूफलाणि चिव्वन्तु।
वे सन्दूक की चाभी दें = ते वासरस्स कुंचिअं देन्तु।
पाव पर पट्टी बांधो = विलम्मि पट्टिअं बंधहि।

रेंड के पेड़ को काट डालो = एरण्डवित्र्छं छिन्नहि।
हम लोग सत्य बोलें = अम्हे सच्चं बोल्लेमो।
वे लोग पटने में ठहरें = ते जणा पाडलिपुत्तम्मि ठान्तु।
उनको धर्मशास्त्र पढाओ = ताण धम्मसत्थं पढहि।
तुम लोग इस बबूल के पेड़ को काटो = तुम इमं बब्बूलवित्र्छं छिन्नहि
हम लोग सब अपना अपना काम करें = अम्हे णिय-णियकज्जं करेमो।
राम खलिहान में पुआल बिछावे = रामो खले पलालं तिणउ।
पाव भर दही ले लो = कुडवत्तं दहि गिण्हहि।
तुम लोग प्रातःकाल ही स्नान करो = तुमं पच्चूसे ण्हाहि।

क्रियातिपत्ति (Conditional)

३५. पूर्व कथन में कोई हेतु निर्दिष्ट हो और दूसरे में उसका फल, तो इस प्रकार के वाक्य-खण्डों की रचना के लिए क्रियातिपत्ति का व्यवहार किया जाता है। आशय यह है कि जब परस्पर संकेतवाले दो वाक्यों का एक संकेतवाक्य बने और उसका बोध करानेवाली क्रिया कोई सांकेतिक क्रिया जब अशक्य प्रतीत हो, तब क्रियातिपत्ति का प्रयोग होता है। क्रियातिपत्ति में क्रिया की अतिपत्ति—असम्भवता की सूचना मिलती है। The Conditional is used instead of the potential, when the non-performance of an action is implied.

३६. क्रियातिपत्ति में तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में ज्ज, ज्जा, न्त और माण प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

हस धातु के रूप

	एकवचन				बहुवचन			
प्र० पु०	हसेज्ज,	हसेज्जा,	हसन्तो,	हसमाणो	हसेज्ज,	हसेज्जा,	हसन्तो,	हसमाणो
म० पु०	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
उ० पु०	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,

हो धातु के रूप

	एकवचन				बहुवचन			
प्र० पु०	होज्ज,	होज्जा,	होन्तो,	होमाणो	होज्ज,	होज्जा,	होन्तो,	होमाणो
म० पु०	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
उ० पु०	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,

ठा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	ठाज्ज, ठाज्जा, ठान्तो, ठामाणो	ठाज्ज, ठाज्जा, ठान्तो, ठामाणो
म० पु०	,, ,, ,, ,,	,, ,, ,, ,,
उ० पु०	,, ,, ,, ,,	,, ,, ,, ,,

पा धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	पाज्ज, पाज्जा, पान्तो, पामाणो	पाज्ज, पाज्जा, पान्तो, पामाणो
म० पु०	,, ,, ,, ,,	,, ,, ,, ,,
उ० पु०	,, ,, ,, ,,	,, ,, ,, ,,

गच्छ—गम धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	गच्छेज्ज, गच्छेज्जा, गच्छन्तो, गच्छमाणो	गच्छेज्ज, गच्छेज्जा, गच्छन्तो, गच्छमाणो
म० पु०	,, ,, ,,	,, ,, ,,
उ० पु०	,, ,, ,,	,, ,, ,,

प्रयोगवाक्य

यदि सड़क पर प्रकाश होता तो हम गड्ढे में न गिरते = जइ रायमग्गम्मि पयासो होज्जा, ता अम्हे खड्डम्मि ण पडेज्जा ।

यदि तू मेरे मन की अवस्था समझ पाता तो मेरा कभी उपहास न करता = जइ तुमं मज्झ मणस्स अवत्थं मुणेज्जा, ता कदापि मज्झ उवहासं ण कुणेज्जा ।

यदि मैं एक मिनट पहले आता तो गाड़ी पर सवार हो जाता = जइ हं एग क्खणं पुव्वं आगच्छेज्जा, ता सयडोवरि आसीणो होज्जा ।

यदि पिता जी आज जीवित होते तो उन्हें कितना सुख मिलता = जइ पिआ अज्ज जीविओ होज्जा ता तं किइ सुहं मिलेज्जा ।

यदि तुम रहस्य को समझ पाओ तो सत्य के मार्ग से कदापि विचलित न हो = जइ तुमं रहस्सं जाणेज्जा ता सच्चमग्गस्स कयावि विच-लिदं ण होज्जा ।

मेरे पास पर्याप्त धन होता तो विदेश की सैर करता = जइ मज्झ समीवे पज्जत्तं धणं होज्जा ता विएसभमणं करेज्जा।

यदि आरम्भ में ही शत्रु का दमन न किया जाता तो आज वह अदम्य होता = जइ आरंभे सत्तुस्स दमणं न करेज्जा, ता अज्ज सो अनियंत्तणो होज्जा।

यदि वैद्य समय पर न पहुँचता तो बीमार मर जाता = जइ समयम्मि वेज्जो न पहुच्चेज्जा ता रोगी मरेज्जा।

यदि पास ही तालाब न होता तो सारा गाँव जल जाता = जइ णियडम्मि तडाओ ण होज्जा ता समग्गो गामो जलेज्जा।

यदि यह अफवाह महाराज तक पहुँच जाय तो बुरा हो = जइ अयं जणपवायो महारायपज्जत्त पहुँच्चेज्ज ता अणिट्ठं होज्जा।

यदि मैं कर्म न करूँ तो लोक नष्ट हो जायँ = जइ हं कम्मं ण कुणेज्जा ता लोयस्स विणासो होज्जा।

यदि फिर महायुद्ध हो तो सारी मनुष्य जाति नष्ट हो जाय = जइ पुणो महा-जुद्धो होज्जा ता समग्गमणुसजाइए विणासो होज्जा।

यदि तू मेरी शरण ले तो तुझे कोई कष्ट न हो = जइ तुमं ममसरणं गिण्हेज्जा ता तुमं किमवि कट्ठं ण होज्जा।

यदि उसे भूखा रहना पड़े तो वह सारी बातों को समझ जाय = जइ सो बुभुक्खो णिवसेज्जा ता सो सयलं वयणं जाणेज्जा।

यदि तुम्हारे पिता यहाँ रहते तो बहुत धन देते = जइ तुज्झ पिआ अत्थ णिवसेज्जा ता तुज्झं सो बहुधणं देज्जा।

ध्यान से पढ़ो, नहीं तो फेल हो जाओगे = झाणेण पढेज्जा, अण्णथा अणु-त्तीण्णो होज्जा।

यदि यह चित्र मैं उसे देता तो वह बहुत खुश होता = जइ इदं चित्तं हं तस्स देज्जा ता सो बहुप्रसण्णो होज्जा।

शब्दकोष (भोज्य पदार्थ)

भात = भत्तं
दाल = सूवो, दाली
तरकारी = तेमणं

रोटी = रोट्टग, रोडिआ
परोठा = घयचोरी
हलुआ = मोहणभोओ

मालुपुआ = अपूवो
पकवान = पक्कान्नं
मिठाई = मिट्ठान्नं
लड्डू = लड्डुओ, मोदओ
जिलेबी = कुंडलिणी
घेवर = घयपूरो
गुझिआ = संयावो
पीठा = पिट्ठओ
बड़ा = वडओ
पापड़ = पप्पडो
बाटी = लेटी
कढ़ी = क्कथिआ
चिउड़ा = चिविडओ
खीर = पायसं
चीनी = सिता या सिया सक्करं
भूरा = महुहूसो
शहद = महु
अमावट = आमावट्टो
सत्तू = सत्तू
गुड़ = गुडो
चटनी = अवलेहो
दूध = खीरं, पयो, दुद्धं
दही = दहि
घी = घय, सप्पि, आज्जं
मलाई = संताणिआ
खोआ = किलाडो
छेना = आमिक्षा
तक्र = तक्कं, मट्ठं
माँड = मंडं
खिचड़ी = खिच्चडिआ
भूँजा = मिट्ठान्नं भज्जणं

लावा = लाया
होरहा = होलआ
तीखुर = तवखारो
मखाना = मखान्नं
आटा = चुण्णं
मैदा = समिआ
चाशनी = सियालेहो
शरबत = सक्करोदयं

तरकारी

आलू = आलुओ
परवल = पडोलो
बैगन = विंताओ
सेम = सिबी
कोंहड़ा = अलावू
कद्दू = अलावू, तुंबी
तरोई = दिग्घहला, कोसातई
भिंगुनी = झिंगणी
रामतरोई = भिंडा
ककड़ी, खीरा = चिब्भडं
करेला = कारवेल्लो
केला = कयली
ओल = कंदो, सूरणो
अरवी = अरलू
मुरई = मूलिआ
गोभी = गोजीहा
साग = सागो, साचो
बथुए का साग = वात्थुअं
प्याज = पलांडु
लहसुन = लसुणं
सलगम, गाजर = गिज्जणं

अब्भासो Exercise

पाइअभासाए अणुवायं कुणन्तु Translate into Prakrit

हमारे लड़के बनारस विश्वविद्यालय में विज्ञान का अध्ययन कर रहे हैं। उनकी परीक्षा आगामी मार्च महीने मे होगी। यदि वे परिश्रम करेंगे तो उत्तम श्रेणी में उत्तीर्ण होंगे। वे लोग करेला की तरकारी अधिक पसंद करते हैं। पर हमारा विचार आलू की तरकारी खाने का है। वे बाजार से मिठाइयाँ मंगाते हैं, पर यह सभी के लिए संभव नहीं है। कुछ वर्ष पहले की बात है कि रामनगर मे एक घटना घटी थी। हम लोग एक बारात मे गये थे. वहाँ पर कढ़ी बनी थी, पर वह हमें अच्छी नहीं लगी। बथुए का साग दही के साथ खाने से स्वादिष्ट लगता है। लड़के खीर को बहुत पसन्द करते हैं। मैदा के बने पदार्थ अधिक नहीं खाने चाहिए, इनके सेवन से पेट की आँतें खराब हो जाती हैं। ओल की तरकारी खाने से मुँह खुजलाने लगता है। रामतरोई की तरकारी मे नमक अधिक पड़ गया है। आटे की रोटियाँ दूध से खालो। सत्तू खाकर गुजर-बसर कर लेना बुरा नहीं है। उन बच्चों को गुड बाँट दो, पर बीमार को छेना खिलाना हितकर होगा।

मगध विश्वविद्यालय की स्थापना सन् १९६१ मे हुई है। इसके कुलपति डॉ० कालिकिंकरदत्त हैं। ये इतिहास के बड़े भारी विद्वान् हैं। इनके समय में विश्वविद्यालय की उन्नति होगी। प्राकृत का अध्ययन इस विश्वविद्यालय मे विशेष रूप से होता है। पाठ्यक्रम-निर्धारण के हेतु एक समिति बनी है, जिसके अध्यक्ष डॉ० हीरालाल जी हैं। ये प्राकृत के बहुत बड़े विद्वान् हैं। इन्होंने बड़े-बड़े अनेक ग्रन्थों का संपादन किया है। प्राकृत साहित्य संस्कृत साहित्य के समान ही समृद्ध है। इसमे काव्य, नाटक, छन्द, अलंकार आदि सभी प्रकार का वाङ्मय वर्त्तमान है। भारतीय संस्कृति और साहित्य की जानकारी के लिए प्राकृत का अध्ययन अत्यावश्यक है।

इस कक्षा में बीस छात्र पढ़ते हैं। यदि वे लोग ईमानदारी से काम करेंगे, तो अवश्य ही सफलता मिलेगी। पाटलिपुत्र में चन्द्रगुप्त का राज्य वर्तमान था। उसने बीस वर्षों तक अच्छा शासन किया। करकण्डु का बहुत अच्छा शासन था। उसे गोकुलों से बहुत प्रेम था। उसके अनेक गोकुल थे। जब उसने शरत् काल में एक सुन्दर, हृष्ट-पुष्ट गाय के बछड़े

को देखा, तो उसने आदेश दिया कि इसकी माँ का दूध मत दुहना। सारा दूध इसको पिला दिया करना। बड़े होने पर भी इसको गायों का दूध पिलाना बन्द मत करना।

हिन्दीभासाए अणुवायं कुणन्तु Translate into Hindi

तेण उत्तं—'मम नयरे जिणदासो नाम वणिगो अत्थि, सो कइवासाओ पुव्वं एत्थ आगच्च कय-विक्कयं कुणंतो चिट्ठइ'। नरिंदो वि तस्स सेट्ठिस्स आहवत्थं जणं पेसेइ। सो जिणदासो आगच्च सबधुं नरिंदं, पणमइ। नरिंदो वि तं पुच्छइ—'हे सेट्ठि! तुं अम्हे किं परिजाणासि? सेट्ठी आह—'असेगवंदियपायकमलं तं महाराय को न जाणइ? नरिंदो कहेइ 'एवं न, किन्तु अहं संबंधत्तणेण पुच्छामि। तया सो जिणदासो सम्मं सबंधु नरिंदं पुत्तत्ताए उवलक्खेइ, किन्तु कहं कहिज्जइ 'तुम्हे मम पुत्त' ति। तओ सेट्ठी मोणेण थिओ। तया सबधू नरिंदो सीहासणाओ उत्थाय पिउस्स पाए पडिओ कहेइ—'पिअ! अम्हे! यावंतं कालं पिउमुह दंसण-परिहीणा मिवभग्गा तुम्हाणं पाए पणमिमो, अज्ज अम्हाणं दिवसा सहलो, जं पिउपायदंसणं जायं। मायावि तं समायारं लोगमुहाओ जाणिऊण सिग्घं तत्थ आगया। सहसा आगयं मायरं दट्ठूणं ते दुण्णि वि माइपाएसु पडिआ। मायावि थण्ण झरंती अच्छीहिंतो हरिसेग असूणि मुंचंती नियपुत्ते सहरिसं आलिंगइ।

कत्थ वि नयरे एगेण नरिंदेण नियनयरे आएसो दिण्णो—"गाममज्झे एगो देवालओ अत्थि। पुरीए माहणा वा वइस्सा वा खत्तिया वा सुद्दा य वा नयरवासिणो जे लोगा संति तेहि देवालए पविसिअ देवं वंदित्ता गंतव्वं, अन्नहा तस्स वहो भविस्सइ।" एगो कुंभयारो तमाएसं अजा-णिऊण गद्दहमारुहिअ हत्थे लगुडं गिण्हित्ता महारायवह गच्छइ। तेण देवा-लए सो देवो न वंदिओ। तओ रुट्ठा सुहडा गिण्हिऊण नरिंदग्गओ ठविओ नरिंदेण तस्स वहो निद्दिट्ठो। वहत्थंभे सो नीओ। मरणकाले तत्थ मरणं विणा पत्थणातियं क्किज्जइ, पत्थणात्तिग पूरिऊण वहिज्जइ, एवं नियमो निवेण कओ अत्थि। तया सो कुंभारो पत्थणातिगं मग्ग त्ति कहिओ।

रण्णा चिंतिअं अहं किं करेमि? एगो सूलो, दंडोवि सूलो एगेण पहारेण अहं मरिस्सामि। तओ 'अहुणो एगो आरूढो' इअ चिंति-सा दंडपाणगो निग्गालिओ, उवरि रासहहिअं तस्स भणित्ता तस्स कुडीए

संतुट्टेण निवेण समाणं गिहे मोडओ। एवं अविआरिओ आएसो—‘कयावि अप्पवहाए होइ।

अन्नम्मि दिणे विउप्पेरिओ सो कोढिओ पुत्तो सीलवईए समीवं आगच्छंतो दासीए अवमाणिओ धक्काए नीसरणीए अहो खित्तो। तस्स अंगाइं पि चुण्णीकयाइं, एवं जया सो आगच्छइ, तया दासी तं हिट्ठंमि खिवई। तेण तओ एव निण्णओ कओ कया वि एत्थ न आगमिस्सामि, एवं दिणाणि गच्छंति। सा सीलवई कस्सावि वयणं न मन्नेइ।

सत्तमो पवाढओ Lesson 7

कृदन्त रूप और उनका व्यवहार Verbal derivatives)

वर्तमान कृदन्त

३८. प्राकृत में न्त और माण वर्तमान कृदन्त हैं। इनका प्रयोग तब किया जाता है जब यह भाव प्रकट करना हो कि कर्त्ता एक साथ (Simultaneously) दो क्रियाएँ करता है। जब क्रियाएँ एक के बाद दूसरी या भिन्न भिन्न काल मे हों, तो न्त और माण का प्रयोग रचना में नहीं किया जाता। यथा—

वह स्नान करते हुए पढ़ता है = सो ण्हान्तो पढइ।

परतन्त्र मनुष्य साँस लेता हुआ जीवित नहीं होता = ससंतो न जीवइ परायत्तो।

प्रियंवदा सदा मुस्कराती हुई बातें करती है = प्रियंवदा सदा हसंती बोल्लइ।

बादल गरजता हुआ बरस रहा है = मेहो गज्जंतो वरसइ।

भक्त ईश्वर का स्मरण करते हुए प्राण छोड़ता है = भत्तजणो ईसरं सुमिरंतो पाणा मुंचइ।

विद्वानों के सम्पर्क मे आने से मूर्ख भी विद्वान् बन जाता है = विउसेहिं संसग्गेन्भो मुक्खो विउसो होइ।

आय से अधिक खर्च करने के कारण हर कोई ऋणी हो जाता है = आयत्तो अधियं वियन्तो सव्वो जणो रिणी होइ।

सदा दूसरों की नकल करनेवाली जातियाँ आत्मसम्मान खो बैठती हैं = सययं परार्ण अणुकुणन्तीओ जातीओ अप्पसम्माणं हान्ति।

भीख मांगते हुए वह घर-घर फिरता है = भिक्खं जाअमाणो घरत्तो घरं सो अडइ।

पाठ पढ़ते हुए मैं सारी रात जागता रहा = पाठं पढन्तो हं सव्वं रत्तिं जग्गीअ।

क्या भीख मांगने वाले लोग भी कहीं आदर पाते हैं = किं भिक्खं अटन्तो जणो वि कहिं सम्माणं लहइ।

प्रतिदिन पाठ पढ़नेवाला छात्र आसानी से परीक्षा पास कर लेता है = पइदिणं पाढं अहीयमाणो छत्तो सुहेण परिक्खं उत्तरइ।

राजाज्ञा को भंग करनेवालों को क्षमा नहीं किया जाता = रायसासण उल्लघन्तो लोओ ण मरहइ।

दो लड़कियाँ हँसते-हँसते घर जाती हैं = दुण्णि बालिआओ हसन्तीओ घरं गच्छन्ति।

जब वह नहा रहा था, उसका कपड़ा बह गया = जया सो ण्हान्तो आसी, तस्स वत्थं वहीअ।

अपराधियों ने रोते-रोते कहा कि हमारा दोष नहीं है = अवराहिओ रुवन्ता कहीअ, ज अम्हाणं अवराहो णत्थि।

मैंने उसे यहाँ खेलते खेलते देखा है = हं 'खेलन्तं पेच्छीअ।

भूतकालिक कृदन्त (Past passive participle)

३८. भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए धातु में अ, द और त प्रत्यय जोड़कर बनाये गये भूतकालीन कृदन्तों का व्यवहार भूतकालिक क्रिया के समान ही किया जाता है। प्राकृत भाषा में भूतकालीन क्रिया का प्रयोग कम ही पाया जाता है और भूतकालीन कृदन्तों का प्रयोग बहुलता से होता है।

३९. धातु में अ, द और त प्रत्यय जोड़ने पर भूतकाल में धातु के अन्त्य अ या इ होता है। यथा—

गम+अ=गमिओ	हस+अ=हसिअं
गम+द=गमिदो	हस+द=हसिदं
गम+त=गमितो	हस+त=हसितं
चल+अ=चलिओ	कर+अ=करिओ
चल+द=चलिदो	कर+द=करिदो
चल+त=चलितो	कर+त=करितो

४०. प्रेरणासूचक भूतकृदन्त के लिए धातु में आवि और इ प्रत्यय जोड़ने के उपरान्त अ, द और त प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—

कर + आवि + अ = कराविअं

कर + आवि + द = कराविदं

कर + आवि + त = करावितं

कर + इ + अ = कारिअं (इ प्रत्यय होने पर उपान्त्य अ को दीर्घ होता है)

कर + इ + द = कारिदं

कर + इ + त = कारितं

४१. प्राकृत मे ऐसे भी कुछ भूतकालीन कृदन्त है, जिनमें उपर्युक्त नियम लागू नहीं होते। ध्वनि परिवर्तन के नियमों के आधार पर ऐसे कृदन्त पद संस्कृत कृदन्तों से बनाये गये हैं।

भूतकालीन कृदन्तों के प्रयोग

देवदत्ता को माँ ने कहा, पुत्री मूलदेव को छोड़ो = भणिया देवदत्ता जणणीए, पुत्ति परिच्चय मूलदेवं।

राजा उससे प्रसन्न हुआ, वर दिया = तुट्ठो तीए राया, दिन्नो वरो।

वासुदेव ने भी नगरी मे दूसरी बार भी घोषणा करायी = वसुदेव-नंदणेण वि बीय-वारं पि घोसावियं नयरीए।

इसके पश्चात् उसने शम्बुकुमार को निवेदन किया। अनन्तर शम्बुकुमार वहाँ गया = तओ तेण संब-कुमारस्स निवेइयं। तओ गओ संबकुमारो।

प्रातःकाल हम लोगों ने वाराणसी मे गंगास्नान किया = अम्हेहि वाराणसीए गंगाण्हाणं पच्चूसे करिओ।

लंका में लक्ष्मण ने अनेक योद्धाओं के साथ मेघनाद को मारा = लंकाए लच्छिमणेण अणेयजुद्धाहि सह मेहणादं मरिओ।

तुम लोगों ने मेरे भाई को उसके पास जाने की आज्ञा दी = तुम्हेहिं ममभायरं तस्स समीवे गमणस्स आणा दिण्णा।

उस धोबी ने उस गधे को जंगल मे छोड़ दिया है = तेण रयअेण सो गद्दभो वणम्मि मुक्किदो।

दो हँसती हुई लड़कियाँ स्कूल से घर गयीं = हसन्तीओ दुण्णि बालिआओ विज्जालयत्तो घरं गमिदा।

वहाँ रहने के कारण वह नगर का सब हाल जानता है = तत्थ णिवसणेण तेण णयरस्स सव्वं समायारं णायं।

घर के भीतर छोटी कोठरी मे पहुँचकर निश्चिन्त हुआ = गिहम्मि अंतो अववरगं गओ निच्चिंतो जाओ।

उसने कहा चोर ने लूट लिया, सब कुछ लेकर नंगा कर दिया = तेण कहियं चोरेहि लुंटिओ, सव्वं अवहरिऊ नग्गो कओ।

प्रथम दिन बड़े पुत्र के घर भोजन के लिए गया = पढमदिणम्मि जेट्ठस्स पुत्तस्स गेहे भोयणाय गओ।

एक दिन वह वन मे गया, वहाँ एक विद्याधर और विद्याधरी विमान से जा रही थीं = एगम्मि दिणे सो वणम्मि गओ, तत्थ एगो विज्जाहरो विज्जाहरी अ विमाणेण गच्छन्ति।

राजा ने भी अमंगलीय पुरुष की बात को सुना, परीक्षा के हेतु राजा ने एक समय प्रातःकाल मे उसे बुलाया, उसका मुँह देखा= नरवइणावि अमंगलियपुरिसस्स वत्ता सुणिआ, परिक्खत्थं नरिंदेण एगया पभायकाले सो आहूओ, तस्स मुहं दिट्ठं।

इस अमंगलीय पुरुष का स्वरूप मैंने प्रत्यक्ष देखा है = अस्स अमंगलिअस्स पुरिसस्स सरूवं मए पच्चक्खं दिट्ठं।

उस समय उसको आनन्द नहीं आया, प्रमाद से नींद आ गयी = तया तस्स आणंदो न जाओ, पमाएण निद्दं पत्तो।

उस समय वहाँ एक कुत्ता आया = तया तत्थ एगो कुक्कुरो समागओ।

विधिकृदन्त (Potential passive participle)

४२. विधिकृदन्त का प्रयोग औचित्य, आवश्यकता, सामर्थ्य, योग्यता आदि का भाव प्रकट करने के लिए किया जाता है अर्थात् जब यह कहना हो कि कर्त्ताको अमुक कार्य करना चाहिए अथवा कर्त्ता अमुक कार्य करने का सामर्थ्य रखता है।

४३. विधि कृदन्त का कर्त्ता तृतीया विभक्ति मे और कर्म प्रथमा विभक्ति में रहता है। इस कृदन्त के लिङ्ग और वचन कर्म के अनुसार होते हैं।

४४. धातु में अव्व, अणिज्ज और अणीअ प्रत्यय जोड़ने से विध्यर्थ कृदन्त के रूप बनते हैं।

४५. अव्व या दव्व प्रत्यय जोड़ने पर प्रत्यय के पूर्ववर्ती अकारको इकार तथा ए आदेश होता है।

४६. संस्कृत के 'य' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत मे 'ज्ज' प्रत्यय होता है। यथा—

ज्ञा—जाण + अव्व = जाणिअव्वं, जाणेअव्वं

ज्ञा – जाण + अणिज्ज = जाणणिज्जं

ज्ञा—जाण + अणीअ = जाणणीअं

ज्ञा—मुण + अव्व = मुणिअव्वं, मुणेअव्वं

स्था—थक्क + अव्व = थक्किअव्वं, थक्केअव्वं

पा—पिज्ज + अव्व = पिज्जिअव्वं, पिज्जेअव्वं

कृ—कुण + अव्व = कुणअव्वं, कुणेअव्वं
तृ—तर + अव्व = तरिअव्वं, तरेअव्वं
स्मृ–सुमर = सुमरिअव्वं, सुमरेअव्वं
मुच्—मेल्ल + अव्वं = मेल्लिअव्वं, मेल्लेअव्वं
क्रुध—कुज्झ + अव्व = कुज्झिअव्वं, कुज्झेअव्वं
लुभ्—लुब्ध + अव्व = लुब्भिअव्व, लुब्भेअव्वं
नृत्—नच्च + अव्व = नच्चिअव्वं, नच्चेअव्वं
ग्रह्—घेत् + अव्व = घेत्तव्वं
दृश्—दट्ठ + अव्व = दट्ठव्वं
हस्—हस + अव्व = हसिअव्वं, हसेअव्वं
वृध्—वड्ढ + अव्व = वड्ढिअव्वं, वड्ढेअव्वं
सद् + सढ + अव्व = सढिअव्वं, सढेअव्वं
सिव—सिव्व + अव्व = सिव्विअव्वं, सिव्वेअव्वं
मृग्—मग्ग + अव्व = मग्गिअव्वं, मग्गेअव्व
इष—इच्छ + अव्व = इच्छिअव्वं, इच्छेअव्वं
हन् हण + अणिज्ज = हणणिज्जं
हन्—हण + अणीअ = हणणीअं
हन्—हण + अव्व = हणिअव्वं, हणेअव्वं
धू—धुण + अव्व = धुणिअव्वं, धुणेअव्व
धू—धुण + अणिज्ज = धुणणिज्जं, धुणणीअ
भू—हुव + अव्व = हुविअव्वं, हुवेअव्वं
भू—हुव + अणिज्ज = हुवणिज्जं
भू—हुव + अणीअ = हुवणीअ
हु—हुण + अव्व = हुणिअव्वं, हुणेअव्वं
हु—हुण + अणिज्ज = हुणणिज्ज हुणणीअं
कृ—कर (काय) + अव्व = करिअव्वं, करेअव्वं, कायअव्व
कृ—कर + अणिज्ज = करणिज्ज,
कृ—कर + अणीअ = करणीअं
दृश्—देक्ख + अव्व = देक्खिअव्व, देक्खेअव्व
दृश् + अणिज्ज = देक्खणिज्जं
दृश् + अणीअ = देक्खणीअं
गम् + तव्व = गन्तव्वं
गम् + अणिज्ज = गमणिज्जं

गम + अणीअ = गमणीओ
राज्—रज्ज + अव्व = रज्जिअव्वं, रज्जेअव्वं
स्पृश्—फास + अव्व = फासिअव्व, फासेअव्वं
स्पृश्—फास + अणिज्ज = फासणिज्ज
स्पृश्— फास + अणीअ = फासणीओ।

प्रेरक विधि कृदन्त

४७. धातु मे प्रेरक प्रत्यय 'आवि' जोड़ने के पश्चात् तव्व, अव्व, अणिज्ज और अणीअ प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—

हस् + आवि = हसावि + तव्व = हसावितव्व
हस् + आवि = हसावि + अव्व = हसाविअव्व
हस् + आवि + अणिज्ज = हसावणिज्जं, हसावणीअं
गम + आवि + तव्व = गमावितव्वं, गमाविअव्वं
कृ—कर + आवि + तव्व = कराविअव्वं, करावितव्वं, कराविणिज्जं
भू—हो + आवि = हो आवि + तव्व = होआवितव्वं, होआविणिज्जं
दृश्—देक्ख + आवि + तव्व = देक्खावितव्व, देक्खाविअव्वं
ग्रह्— गिह + आवि + तव्व = गिहावितव्व, गिहाविअव्वं

प्रयोगवाक्य

मुझे अब क्या करना चाहिए, कृपाकर बताइये = अहुणा कि कुणेअव्वं मए, किवाए बोल्लउ
तुम्हे चाहिए कि इस बालक को, जोकि रास्ता भूल गया है, घर पहुँचा दो = तुए मग्गभिट्ठो अयं सिसू गिहं पावावितव्वं।
वीतराग लोगों को यश की कामना नहीं करनी चाहिए = वीयरायेहि जणेहि जसकामना ण कुणेअव्वा।
इस काम के लिए तुमको इतनी जिद नहीं करनी चाहिए = अस्स कज्जस्स तुए एरिसी ईरिया (हठ) ण कुणणिज्जा।
आप जल्दी क्यों कर रहे हैं, दिन निकलने से पहले मुझे उस महात्मा से मिलना है = किमत्थं तुरइ, भवन्तो, सुज्जोदयओ पुव्वं सो महप्पा मए दिट्ठव्वो।
एक मिनट ठहरो, मुझे कपड़े बदलने हैं = छणं विलंवव्वं, मए वत्थाणि विवरिहेयाणि (बदलने हैं)।

यह बोझ बहुत भारी है, बच्चा इसे उठा सकता है=गुरुअरो एसो भारो, न सिसूए वोढव्वो।

यह बात प्रकट हो चुकी है, अब किसी तरह भी छिपाई नहीं जा सकती = पआसयं गओ अयमत्थो णेयाणीं कहमवि गूहणिज्जो।

शुद्ध आचारवाले अधिकारी को घूस का लोभ कदापि नहीं दिया जा सकता = सुद्धसीलो-अहियारी ण कयापि उक्कोयाए पलोहणिज्जो होइ।

रात को देर तक जागना नहीं चाहिए=रत्तीए चिरं न जागरिअव्वं।

पैदल चलनेवाले अब इस रास्ते से न जायँगे=पयाइहि अणेण मग्गेण अहुणा ण गंतव्वं।

भाषाविज्ञान जानने के लिए विद्यार्थियों को प्राकृत जरूर पढ़ना चाहिए=भाषाविणाण जाणिउं विज्जत्थीहि पाइयभासा अवस्सं पढिअव्वा।

हम लोगों को अपने देश का इतिहास-भूगोल जानना चाहिये= अम्हेहि णियदेसस्स इतिहास—भूओलो जाणेअव्वो।

सभी को प्रातःकाल भगवान् की प्रार्थना करनी चाहिए = सव्वेहि पच्चूसे भगवन्ताणं पत्थणा करणीआ।

स्वच्छ भोजन और साफ पानी पीना चाहिए = सुच्छ भोयणं सुच्छ जलं य पिज्जेअव्वं।

किसी को भी मनुष्यमात्र से घृणा नहीं करनी चाहिए = केहि अवि माणुसत्तो घिणा ण करणिज्जा।

हम सब लोगों को पढ़ने में परिश्रम करना चाहिए = अम्हेहिं सव्वेहिं पढणम्मि परिस्समो करणीओ।

तुमको मोहन से इस कामको कराना चाहिए=तुए मोहणेण इदं कज्जं कराविअव्वं।

उसके द्वारा इस पुस्तक को जरूर पढ़वाना चाहिए=तेण इदं पोत्थयं अवस्सं पढाविअव्वं।

[illegible] करते समय हमें [illegible] जरूर हँसाना चाहिए=[illegible] अम्हेहिं [illegible] हसाविअव्वो।

भविष्यत्कृदन्त (Future participle)

४८. जब यह भाव प्रकट करना हो कि कोई क्रिया निकट भविष्य में होनेवाली है तो भविष्यत्कृदन्त इस्संत, इस्समाण एवं इस्सई प्रत्यय जोड़कर प्रयुक्त होते हैं। यहाँ यह ध्यातव्य है कि कर्तृवाच्य में इस्संत प्रत्यय जोड़कर भविष्यत्कृदन्तों का प्रयोग और कर्मवाच्य में इस्समाण प्रत्यय जोड़कर भविष्यत्कृदन्तों का प्रयोग किया जाता है।

४९. प्रेरणार्थक भविष्यत्कृदन्त बनाने के लिए आवि प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् इस्संत और इस्समाण प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यथा—

कृ—कर+इस्संत=करिस्संतो।
कर्+इस्समाण = करिस्समाणो।
कर्+आवि+इस्संत = कराविस्संतो (प्रेरणार्थक)।
कर्+आवि+इस्समाण = कराविस्समाणो (प्रेरणार्थक)।

५०. स्त्रीलिङ्ग में इस्सई प्रत्यय जोड़कर भविष्यत्कृदन्त बनाये जाते हैं।

कृ—कर्+इस्सई = करिस्सई।
कर्+आवि+इस्सई = कराविस्सई (प्रेरणार्थक)।

प्रयोगवाक्य

मैं सैर को जानेवाला था कि पिता ने मुझे बुला भेजा=चंकमाय यविस्संतो हं पिआ आहूओ।

वह छुरी भौंकने वाला ही था कि किसी ने पीछे से आकर उसका हाथ पकड़ लिया = छुरीए पहरिस्संतो अमू केनवि अ पिट्ठत्तो आगच्च हत्थे गिहीयो।

पिता मरने लगा तो उसने पुत्रों को बुलाकर कहा कि एकता से कल्याण और फूट से विनाश होता है = मरिस्संतो पिआ पुत्ते आहुज्ज ब्वाअ जं एअयत्ता कल्लाणं भिद्त्तो विद्धंसो होइ।

इंगलैण्ड जाने से पहले मित्र और सम्बन्धी उससे मिलने के लिए एकत्र हुए = आगलभुवं पत्थिस्समाणं तं दिट्ठुं मित्ता बांधवा य सन्निपतिया।

अछूतों का उद्धार करना चाहते हुए महात्मा गान्धी ने उनका नया नाम हरिजन रखा=अफासीओ उद्धरिस्सन्तो महप्पा गाँधी ताणं हरिजणा इइ नवं नामं करियं।

सम्बन्ध भूत कृदन्त (Indeclinable past participle)

५१. जब कर्त्ता एक कार्य समाप्त करके दूसरा कार्य करता है, तो पहले किये गये कार्य के लिए सम्बन्ध भूतकृदन्त का व्यवहार किया जाता है। सम्बन्ध भूतकृदन्त पूर्वकालिक क्रिया का कार्य करता है।

५२. धातु में तुं, तूण, तुआण, अ, इत्ता, इत्ताण, आय और आए प्रत्यय जोड़ने से सम्बन्धसूचक भूतकृदन्त के रूप बनते है।

५३ तुं, अ. इत्ता और आय प्रत्यय होने पर प्रत्यय के पूर्ववर्ती अ को विकल्प से इ और ए आदेश होते हैं।

५४. तूण, तुआण और इत्ताण प्रत्ययों मे ण के स्थान पर सानुस्वार णं आदेश होता है। यहाँ यह ध्यातव्य है कि सस्कृत के क्त्वा और ल्यप के स्थान पर प्राकृत मे उक्त प्रत्यय होते है।

हो + तुं (उं) = होइउं, होएउं
हो + अ = होइअ, होएअ
हो + तूण (ऊण) = होइऊण, होइऊणं
हो + तुआण (उआण) = होइउआण होएउआण
हस + तुं (उं) = हसिउं, हसेउ
हस + तूण (ऊण) = हसिऊण, हसिऊणं, हसेऊणं
हस + तुआण (उआण) = हसिउआण, हसिउआणं
भण + तुं (उं) = भणिउं, भणेउं
भण + अ = भणिअ, भणेअ
भण + तूण (ऊण) भणिऊण, भणिऊणं
भण + तुआण (उआण) भणिउआण, भणिउआण
भण + इत्ता = भणित्ता. भणेत्ता
कर + इत्ता = करित्ता, करेत्ता
गम + तूण = गन्तूण
गम + इत्ता = गमित्ता. गमेत्ता
गम + इत्ताण = गमित्ताण. गमित्ताण
गह + आय = गहाय
संगह + आए = संगहाए—संगहाय
आदा + आए = आदाए—आदाय

५५. प्रेरणार्थक बनाने के लिए प्रेरणासूचक प्रत्यय जोड़ने के अनन्तर ही सम्बन्धक भूतकृत्प्रत्ययों को जोड़ा जाता है। यथा—

भण+आवि+तुं (इं) = भणाविइं, भणावेइं।

भण+आवि+अ = भणाविअ, भणावेअ।

भण+आवि+तूण (ऊण) = भणाविऊण, भणाविऊणं।

भण+आवि+तुआण (उआण) = भणाविउआण, भणाविउआणं।

भण—प्रेरणार्थक–भाण+तुं (इं) = भाणिइं, भाणेइं।

भाण+अ = भाणिअ, भाणेअ।

भाण+तूण (ऊण) = भाणिऊण, भाणिऊणं।

भाण+तुआण (उआण) = भाणिउआणि, भाणिउआणं।

कर+आवि+तुं (उ) = कराविउं, करावेउं।

कर+आवि+अ = कराविअ, करावेअ।

कर+आवि+तूण (ऊण) = कराविऊण, कराविऊणं।

कार+प्रेरणार्थक—कार+तुं (उं) = कारिउं, कारेउ।

कार+तूण (ऊण) = कारिऊण, कारिऊणं।

कार+तुआणं (उआणं) = कारिउआण, कारिउआणं, कारेउआणं।

शुश्रूष्—सुस्सूस+आवि+तुं (उं) = सुस्सूसाविउं, सस्सूसावेउं।

५६. कुछ अनियमित भूतकृदन्त भी होते हैं। इनके सम्बन्ध में कोई नियम काम नहीं करता है।

कृ—का+तुं (उं) = काउं।

कृ—का+तूणं (ऊणं) = काऊणं।

ग्रह्—घेत्+तुं = घेत्तु।

ग्रह्—घेत्+तूण = घेत्तूण, घेत्तूणं, घेत्तआण, घेत्तुआणं।

त्वर—तुर+तुं (उं) = तुरिउं, तुरेउं।

तुर+अ = तुरिअ, तुरेअ।

तुर+तूण (ऊण) = तुरिऊण, तुरिऊणं।

ध्वनिपरिवर्तन के आधार पर निष्पन्न कृदन्त—

गच्च < गत्वा	सुत्ता < सुप्त्वा
णच्चा, नच्चा < ज्ञात्वा	हंता < हत्वा
बुज्झा < बुद्ध्वा	आयाय < आदाय
मच्चा, मत्ता < मत्वा	

प्रयोगवाक्य

वह मेरा काम करके घर गया है = सो मज्झं कज्जं काऊण गिहं गच्छीअ ।

तुम खाकर विद्यालय जाओ, यही आदेश है = तुम भोयण काऊण विज्जालयं गच्छसु, इदमेव आएसं अत्थि ।

पुराना पाठ याद करके ही आगे का पाठ पढ़ो = पुरायण पाठं सुमिरिऊण अग्गपाढो पढसु ।

मैं आपको देखकर बहुत प्रसन्न हूँ = अहं भवन्तं पासिऊण प्रसन्नो अत्थि ।

मैं जलपान कर बाजार जाऊँगा, यही मेरा नियम है = हं अप्पभोयण काउण हट्टे गच्छिहस्सामि ।

इस प्रकार विश्वास दिलाकर वह रह गया = एवं पयारं विस्सासं दाऊण सो विरमीअ ।

भोजन करने के उपरान्त थोड़ा विश्राम करना चाहिए = भोयणं काउण अप्पविस्सामो कुणिअव्वं ।

पहाड़ पर चढ़कर हम लोग बहुत सुन्दर दृश्य देखते हैं = पव्वयम्मि आरोहिऊण अम्हे बहुसुन्दरं दिस्सं पेच्छामो ।

मैं प्रतिज्ञा करके ही पढ़ता हूँ; यह आप जान लीजिये = हं पइण्णं काऊण पढामि, इदं जाणउ भवन्तो ।

दुर्मति द्वीपायन भी अत्यन्त दुष्कर बालतप का आचरण कर द्वारावती के विनाश का निदान कर मरकर अग्निकुमारों मे भवनवासी देव हुआ = दीवायणो वि दुम्मई अइ-दुक्करं बाल-तवमणुचरिऊण बारवई विणासे कय-नियाणो मरिऊण समुप्पन्नो भवणवासी देवो अग्गिकुमारेसु ।

इसके पश्चात् उस अधम अग्निकुमार ने छिद्र पाकर विनाश आरम्भ किया = तओ सो अग्गिकुमाराहमो छिद्द लहिऊण विणासिउमारद्धो ।

इसके पश्चात् बलदेव-वासुदेव जलती हुई द्वारावती को देखकर विलाप करते हुए माता-पिता के महल में पहुँचे = तओ बलदेव-वासुदेवा दट्ठूण डज्झमाणिं बारवइं [illegible] पिउणो [illegible] ।

शीघ्र ही रोहिणी, देवकी और पिता को रथ पर चढ़ाकर वहाँ से चले= सिग्घं च रोहिणि देवइं पियरं च रहं समारोवेऊण तत्थत्तो गच्छीअ।

यादव वहाँ जाकर भगवान की वन्दना कर अपने-अपने स्थान पर बैठ गये = जायवा तत्थ गतूण भयवंतं वंदिऊण नियएसु ठाणेसु सन्निविट्ठा।

हेत्वर्थ कृदन्त (Infinitive of purpose)

५७. जब यह भाव व्यक्त करना हो कि कर्त्ता कोई कार्य करना चाहता है तो अभीष्ट क्रिया सूचक धातु में हेत्वर्थ कृत् प्रत्यय जोड़कर वाक्य बनाये जाते हैं। अभिप्राय यह है कि जब दोनों क्रियाओं का एक कर्त्ता हो तो निमित्तार्थबोधक धातु के आगे तुं, दु, और तुए प्रत्यय जोड़े जाते हैं। हेत्वर्थ कृत् प्रत्यय जोड़ने पर पूर्ववर्ती अ को इ और ए हो जाता है।

५८. प्रेरणार्थक हेत्वर्थ कृदन्त बनाने के लिए प्रेरणार्थक आवि और अ प्रत्यय जोड़कर हेत्वर्थ कृत प्रत्ययों को जोड़ा जाता है; पर अ प्रत्यय जोड़ने पर उपान्त्य अ को आ हो जाता है।

भण + तुं (उं) = भणिउं, भणेउं, भणेतुं, भणिदुं, भणिदुं।
हस + तुं (उं) = हसिउं, हसेउं, हसितुं, हसेतुं, हसिदुं, हसेदुं।
भू—हो + अ + तु (उं) = होइउं, होएउं, होइतुं, होएतुं।
कृ—कर + त्तए = करेत्तए
सिज्झ + तए = सिज्झित्तए, सिज्झेत्तए
उव्वज्ज + त्तए = उव्वज्जित्तए, उव्वज्जेत्तए
विहर + त्तए = विहरित्तए, विहरेत्तए
पास + त्तए = पासित्तए, पासेत्तए
गम + त्तए = गमित्तए
दा—दल् , दल + त्तए = दल इत्तए, दलएत्तए

ध्वनि परिवर्त्तन से निष्पन्न हेत्वर्थ कृदन्त

का + तुं (उं) = काउं
ग्रह—घेत् + तुं = घेत्तुं
तुर + तुं = तुरिउं, तुरेउं
दृश् + तुं = दट्ठुं, दिट्ठुं
भुज् + तुं = भोत्तुं
मुच् + तुं = मोत्तुं
रुद् + तुं = रोत्तुं
वच + तुं = वात्तुं

प्रयोग-वाक्य

अनन्तर बलदेव को देखकर रथकार स्वामी ने विचार किया = तओ बलदेवं दट्ठूण रहयार सामिणा चितियं।

मुनि ने द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से शुद्ध जानकर ग्रहण किया = मुणिणा दव्व-खेत्त-काल-भावपरिसुद्धं ति नाऊण पडिग्गाहियं।

अनन्तर देव ने सिद्धार्थ को कल्याण करने के लिए प्रयास किया = तओ देवेण सिद्धत्थस्स कल्लाणकाउ पयण्णो कयो।

बतलाइये कि अब आप क्या पढ़ना चाहते हैं = कहउ, जं अहुणा भवन्तो कि पढिउं इच्छइ।

ऐसे लोग बहुत थोड़े हैं जो बुरा करनेवाले का भी भला करना चाहते हैं = विरला ते ये अवयारीणं अवि उवकाउं इच्छन्ति।

मै इस कठिन कार्य को करने का यत्न करूँगा = हं इदं दुक्करं कज्जं संवाविउं पयण्णं करिहामि।

मैं जो पहले कहने लगा था, उसे छोड़कर दूर चला गया हूँ = पढमं जं कहिउं पवत्तो हं तं परिच्चयय दूरमइक्कन्तो अत्थि।

क्या सच तुम्हारे घर खाने को अन्न नहीं है = किण्णु तुम्हाण गिहे खादिउं अन्नमवि णत्थि।

इस उत्तर से हमे सन्तोष हो गया। आगे कुछ पूछना नहीं है = संतुट्ठा अम्हे एएण उत्तरेण। अओ परं णत्थि किमवि पुच्छिउं।

मुझ मे एक कदम भी चलने की शक्ति नहीं है = णत्थि मे सत्ती एक्कं पदमवि गमित्तए।

मंगल के समय मे तुम्हारा रोना ठीक नहीं है = ण उचियं ते मंगलकाले रोविउं।

अरे भारतवासियो! यह समय जागने का और देशसेवा मे लगने का है = अरे भारहवासीओ! कालो अयं जग्गिउं देस-सेवाए अप्पाणं वावारित्तए।

यह समय आपस मे झगड़ने का नहीं है = नायं समओ परोप्परं विवदित्तए।

अब आप क्या करना चाहते हैं, साफ-साफ कहिये = अहुणा भवन्तो किं काउं इच्छइ, निस्सन्देहं कहिउं।

बलदेव सहित द्वीपायन मुनि से प्रार्थना करने के लिए गये = गओ बलदेव-सहिओ अणुणेउं दीवायण-मुणि।

उनको लेकर पवित्र हो स्वप्न-शास्त्र के जाननेवाले के यहाँ गये = ताइं घेत्तुं सुइ-भूओ गओ सुविण-सत्थ-पाढयस्स गेहं।

अपने को प्रकट करने का यही समय है = अवसरो अयं अप्पाणं पयासिउं।

यह विपत्ति देखना सह नहीं सकता हूँ = सो विपत्तिं अवलोयिउं न सक्कइ।

इस काम को तुम्हारे सिवा दूसरा कौन कर सकता है = इदं कज्जं तुए विणा को अण्णो काउं सक्कइ।



अब्भासो Exercise

हिन्दीभासाए अणुवायं कुणन्तु Translate into Hindi

ते दट्ठूण उत्तिण्णो कुमारो कुंजराओ सह पियाए, वंदिया विणाएणं। जाव पायविहारेण थोवतरं गच्छइ ताव पेच्छइ—एगे उड्ढजाणू-अहोसिरे झाणकोट्ठोवगए धम्मसुक्काइं झायंते, एगे वायणं पडिच्छंते पुव्वगयस्स, एगे सज्झायंते अरवलियवयण पढ्इए। ते वि वंदिया परमभत्तीए। जाव थोवंतरं गच्छइ ताव पेच्छइ—एगे वागरणं परूवेंते, एगे जोइसमहिज्जंते, अन्ने अट्ठंगरुहानिमित्तमणुमीलयंते। तेवि वंदिया। कोऊहलखित्तमणो जाव थोवंतरं गच्छइ, पिच्छइ—अणेयविणेयपरियरियं धम्मघोसाभिहाणं सूरि रत्तासोयतले पुढविसिलावट्टए निविट्ठ धम्म देसयंतं। तं दट्ठूण हरिसिओ कुमारो। तिपयाहिणीकाऊण वंदिय उवविट्ठो सुद्धधरणीए सपरियणो नाइदूरमणासन्नो कुमारो। भगवयावि आसीसप्पयाणेण समासासिय पत्थाविया देसणा। तओ संसयवुच्छेयगीं वाणीं समायण्णिऊण भणियं कुमारो—'भयवं' मम असेसरायधूयाओ वरिज्जंतीओ विचित्तु-वेयकारिणीओ अहेसि।

अत्थि कत्थवि विसए एगम्मि नयरे एगो चाउव्वेदो माहणो। छत्तेहि भण्णइ—'वेयंत अम्ह वक्खाणेहि'। सो य परिक्खानिमित्तं भणइ—'तत्थ विहाणमत्थि'। छत्ता भणंति—'केरिसं'। सो भणइ—कालचउद्दसीए सेतो छालगो मारेयव्वो, जत्थ न कोइ पासइ। ताहे तस्स मंसं तेहिं सक्कियं भुंजियव्वं। तमो वेयंत सुणणजोगो होइ।' तओ तं सोऊण एगो छत्तो गहिऊण सेयच्छालगं कालचउद्दसीरत्तीए गओ सुण्णरत्थाए। मारिओ छालगो। तं गहाय आगओ। नायमुवज्झाएण—अजोगो न किंचि वि परिणयमेयस्स। न वक्खाणियं तस्स वेयरहस्सं। बीओ वितह्व गओ सुण्णरत्थाए चिंतेइ एत्थ तारगा पेच्छंति। तओ गओ देवकुले. चिंतेइ एत्य देवो पेच्छइ। गओ सुण्णागारे. तत्थ वि चिंतेइ—ताव अहं, एसो छालगो, अइसंयनाणी य पेच्छंति। जत्थ न कोइ पासइ तत्थ मारेयव्वो' त्ति एत्ति [illegible]। [illegible] न मारेयव्वो त्ति।

एवं एत्य वि [illegible] ति [illegible] ते य [illegible] नरे [illegible] ईंज।

[illegible]

अट्ठमो पचाढओ Lesson 8

वाच्य Voice

५९. प्राकृत में संस्कृत के समान तीनों वाच्य के रूप होते हैं। कर्तृ-वाच्य में कर्त्ता को प्रथमा विभक्ति और कर्म को द्वितीया विभक्ति होती है तथा क्रियापद कर्त्ता के अनुसार होता है। यथा—

बालक पुस्तक पढ़ता है = सिसू पोत्थयं पढइ।
तुम घर जाओ = तुमं गिहं गच्छहि।
मैं घर गया था = हं गिहं गच्छीअ।
तुम घर गये थे = तुमं गिहं गच्छीअ।

६०. कर्मवाच्य के कर्त्ताकारक मे तृतीया विभक्ति और कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है। क्रिया का लिंग, वचन और पुरुष कर्म के अनुसार रहता है। यथा—

मैं घट बनाता हूँ = मए घडो करीअए।
मैं गाँव जाता हुँ = मए गामो गच्छीअए।
तुम राम को देखते हो = तुए रामो पेच्छीअए।
वे लोग काम करते हैं = तेहि कज्जं करीअए।
उन्होंने हमें देखा = तेण अम्हे दिट्ठा।
तुम्हारे द्वारा वह देखा गया है = तुए सो देक्खिज्जइ।
राम आत्मा का ध्यान करता है = रामेण अप्पाणो झाइज्जइ।
कुम्हार घड़ा बनाता है = कुंभारेण घडो कुणीअइ।
मोहन महादेव की पूजा करता है = मोहणेण महादेवो अच्चीज्जइ।

६१. भाववाच्य के कर्त्ताकारक में तृतीया विभक्ति होती है, कर्म नहीं रहता और क्रियापद सदा प्रथम पुरुष और एकवचन मे रहता है। यथा—

तू, मैं देवदत्त या अन्य लोग हँसते हैं = तुए, मए, देवदत्तेणं, अण्णेहि वा हसिज्जइ।

बालक रात में जागता है = बालेण रत्तीए जग्गिज्जइ।

६२. धातुओं के कर्मणि और भावि रूपों में वर्तमानकाल और विधि एवं आज्ञार्थ में धातु प्रत्ययों के पूर्व ईअ और इज्ज विकरण जोड़े जाते हैं।

पर यह नियम उन्हीं धातुओं के लिए है, जिन धातुओं के स्थान पर आदेश—धात्वादेश नहीं होता है। भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्त्तरि के समान होते हैं।

कर्मणि और भावि के कुछ आवश्यक रूप

हस (हँसना) वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हसीअइ, हसीअए हसिज्जइ हसिज्जए	हसीअन्ति, हसिज्जन्ति
म० पु०	हसीअसि, हसिज्जसि	हसीइत्था, हसिज्जित्था
उ० पु०	हसीअमि, हसिज्जमि	हसीअमो, हसिज्जमो

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हसीअईअ, हसिज्जीअ	हसीअईअ, हसिज्जीअ
म० पु०	,, ,,	,, ,,
उ० पु०	,, ,,	,, ,,

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हसीअउ, हसिज्जउ	हसीअन्तु, हसिज्जन्तु
म० पु०	हसीअहि, हसिज्जहि	हसिज्जह
उ० पु०	हसीअमु, हसिज्जमु	हसीअमो, हसिज्जमो

भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्त्तरि के समान होते हैं।

हो < भू कर्मणि और भावि—वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	होईअइ, होइज्जइ	होईअन्ति, होइज्जन्ति
म० पु०	होईअसि, होइज्जसि	होईइत्था, होइज्जित्था
उ० पु०	होईअमि, होइज्जमि	होईअमो, होइज्जमो

भूतकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	होईअसी, होइज्जसी, होईअहीअ	होईअसी, होइज्जसी, होईअहीअ
म० पु०	,, ,, ,,	,, ,,
उ० पु०	,, ,, ,,	,, ,,

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	होईअउ, होइज्जउ	होईअन्तु, होइज्जन्तु
म० पु०	होईअहि, होइज्जहि	होईअह, होइज्जह
उ० पु०	होईअमु, होइज्जमु	होईअमो, होइज्जिमो

भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति के रूप कर्त्तरि के समान होते हैं।

प्रेरणार्थक क्रिया (Causative Verbs)

६३. प्रेरणार्थक क्रिया—क्रिया का वह विकृतरूप है, जिससे यह बोध होता है कि क्रिया के व्यापार में कर्त्ता स्वतन्त्र नहीं है, बल्कि उस पर किसी की प्रेरणा है। साधारण धातु में जो कर्त्ता रहता है, वह प्रेरणार्थक में स्वयं कार्य न करके किसी दूसरे से कार्य कराता है।

६४. प्राकृत मे प्रेरणार्थक बनाने के लिए अ, ए, आव और आवे प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

६५. अ और ए प्रत्यय के रहने पर उपान्त्य अ को दीर्घ हो जाता है। यथा—

कृ—कर् + अ = कार, कर् + आव = कराव

कर् + ए = कारे, कर् + आवे = करावे

६६, मूल धातु के उपान्त्य में इ स्वर हो तो ए और उ स्वर हो तो ओ हो जाता, है। यथा—

विस् = अ = वेस, विस् + ए = वेसे

विस् + आव = वेसाव, विस् + आवे = वेसावे

६७. उपान्त्य मे दीर्घ स्वर रहने पर धातु में प्रेरणार्थक प्रत्यय जुड़ जाते हैं और उपान्त्य को एकार या ओकार नहीं होता। यथा—

चूस् + अ = चूस; चूस् + ए = चूसे

चूस् + आव = चूसाव; चूस् + आवे = चूसावे

प्रेरणार्थक क्रिया के रूप

हस—हसाता है—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हासइ, हसावइ, हासेइ, हसावेइ	हासन्ति, हासेन्ति, हसावन्ति, हसावेन्ति
म० पु०	हाससि, हासेसि, हसावसि, हसावेसि	हासह, हासेह, हसावह, हसावेह
उ० पु०	हासमि, हासेमि, हसावमि हसावेमि	हासमो, हासेमो, हसावमो, हसावेमो

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र०, म०, उ० पु० हासीअ, हासेईअ, हसावीअ, हसावेईअ

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हासिहिइ, हासेहिइ, हसाविहिइ. हसावेहिइ	हासिहिन्ति, हासेहिन्ति, हसावहिन्ति, हसावेहिन्ति
म० पु०	हासिहिसि. हासेहिसि, हसाविहिसि हसावेहिसि	हासिहित्था, हासेहित्था, हसाविहित्था,
उ० पु०	हासिस्सं, हासेस्सं, हसाविस्सं, हसावेस्सं	हासिस्सामो, हासेस्सामो, हसाविस्सामो

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हासउ, हासेउ, हसावउ, हसावेउ	हासन्तु, हासेन्तु, हसावन्तु, हसावेन्तु
म० पु०	हाससु, हासेसु, हसावसु, हसावेसु	हासह, हासेह, हसावह, हसावेह
उ० पु०	हासमु, हासेमु, हसावमु, हसावेमु	हासमो, हासेमो, हसावमो, हसावेमो

क्रियातिपत्ति

एकवचन और बहुवचन

प्र०, म०, उ० पु० हासेज्ज, हासेज्जा, हसावेज्ज, हसावेज्जा, हासन्तो, हासेन्तो, हासवन्तो, हसावेन्तो, हासमाणो, हासेमाणो, हसावमाणो, हसावेमाणो।

कर < कृ (कराना) वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	कारइ, कारेइ, करावइ	कारन्ति, कारेन्ति, करावन्ति
म० पु०	कारसि, कारेसि, करावसि	कारह, कारित्था, कारेइत्था
उ० पु०	कारमि, कारेमि, करावमि	कारमो, कारेमो, कराचमो, करावेमो

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र०, म०, उ० पु० कारीअ, कारेईअ, करावीअ, कराईअ

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	कारिहिइ, कारेहिइ, काराविहिइ	कारिहिन्ति, कारेहिन्ति, कराविहिन्ति
म० पु०	कारिहिसि, कारेहिसि, कराविहिसि	कारिहित्था, कारेहित्था, करावहित्था
उ० पु०	कारिस्सं, कारेस्सं, कराविस्सं	कारिस्सामो, कारावेस्सामो, कराविस्सामो

विधि एवं आज्ञा

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	कारउ, कारेउ, करावउ	कारन्तु, कारेन्तु, करावन्तु
म० पु०	कारसु, कारेसु, करावसु	कारह, कारेह, करावह
उ० पु०	कारमु, कारेमु, करावमु	कारमो, कारेमो, करावमो

क्रियातिपत्ति

एकवचन और बहुवचन

प्र०, म०, उ० पु० — कारेज्ज, करेज्जा, करावेज्ज, करावेज्जा, कारन्तो, कारेन्तो, करावन्तो, करावेन्तो, कारमाणो, कारेमाणो, करावमाणो

कर्मणि और भावि के प्रेरक रूप

६८. प्रेरणार्थक धातु मे भावि और कर्मणि के रूप बनाने के लिए मूल धातु मे आवि प्रत्यय जोड़ने के उपरान्त कर्मणि और भावि के प्रत्यय ईअ, और इज्ज जोड़ने चाहिए।

६९. मूल धातु मे उपान्त्य अ के स्थान पर आ कर देने के अनन्तर इस अंग मे ईअ या इज्ज जोड़ देने से प्रेरक कर्मणि और भावि के रूप होते हैं। कर+आवि+ईअ+इ=करावीअइ=कराया जाता है।

प्रेरक भावि और कर्मणि—हास, हसावि—वर्तमान

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हासीअइ, हासिज्जइ	हासीअन्ति, हासिज्जन्ति
म० पु०	हासीअसि, हासीज्जसि	हासीइत्था, हासिज्जित्था
उ० पु०	हासीअमि, हासिज्जमि	हासीअमो, हासिज्जिमो

भविष्यत्काल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हासिहिइ, हसाविहिइ	हासिहिन्ति, हसाविहिन्ति
म० पु०	हासिहिसि, हसाविहिसि	हासिहित्था, हसाविहित्था
उ० पु०	हासिस्सामि, हसाविस्सामि	हासिस्सामो, हसाविस्सामो

भूतकाल

एकवचन और बहुवचन

प्र०, म०, उ० पु० — हासीअ, हसावीअ, हासीईअ, हासिज्जीअ

विधि एवं आज्ञार्थ

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	हासीअउ, हासिज्जउ	हासीअन्तु, हासिज्जन्तु
म० पु०	हासीअहि, हासिज्जहि	हासीअह, हासिज्जह
उ० पु०	हासीअमु, हासिज्जमु	हासीअमो, हासिज्जमो

क्रियातिपत्ति

सभी पुरुष और सभी वचनों में

हासेज्ज, हासेज्जा, हसाविज्ज, हसाविज्जा, हासन्तो, हासेन्तो, हासमाणो
पिआव < पा (पिलाना, पिलवाना)
खाम, खमावि < क्षम—क्षमा करना।
करा, करावि < कृ—करवाना।
हो, होआवि < भू—होना।
ने, नेआवि < नी—लिवाना, ग्रहण करवाना।
झा, झाआवि < ध्यै—ध्यान कराना।
जुगुच्छ < गुप्—घृणा कराना।

उपयोगी शब्दकोष

मसाला = वेसवारो
जीरा = जीरओ
हल्दी = हलद्दा, हलद्दी
धनिया = धाण्या
तेजपात = तेअपत्तं
डाल = साहा
डंठल = वुन्तो
लवंग = लवंगो
दालचीनी = गुडत्तओ
छोटी इलायची = एला
बड़ी इलायची = थूलेला
हींग = हिंगू
अदरख = आद्दअं
रस = रसो
सोंठ = सुंठी
पीपल = पिप्पली
स्याह जीरा = किसणजीरओ
शीतलचीनी = कंकोल
जायफल = जाइफलं
जावित्री = जाइपत्ती
कत्था = खदिरसारो
अनाज = अन्नं, सस्सं
धान = धाण्णं
जौ = जवो
चना = चणओ
मूंग = मुग्गो
बाजरा = वज्जरी
उड़द = मासो
कुल्थी = कुलत्थो, कुलमासो
तिल = तिलो
आम = सहआरफलं, अंबं
कटहल = पनसो
नाशपाती = अमियफलं
अनार = दाडिमो
केला = कयली
बेल = बेलो
अमरूद = पेरूओ
खजूर = खज्जूरो
नारियल = नारिएलं
अखरोट = अक्खोटो

मुनक्का = पथिआ
वहेड़ा = वहेडओ
नमक = लोणं
पीपल = अस्सत्थो
वरगद = वडो
सहजन = सोहांजन
चन्दन = चंदनविच्छो
कनेर = कण्णिआरो
कचनार = कंचणारो
मिरचा = रत्तमरियं
सौंफ = सयपुष्फा
अजवायन = जवाणिआ
मेथी = मेहिआ
राई = रायिका
कपूर = कप्पूरं
पुदीना = पुदिनो
साढीधान = साली
चावल = तडुलो
गेहूं = गोहूमो
अरहर = आढकी
मसूर = मसूरो
सोवाँ = सामाओ
सरसों = सस्सपो
तीसी = अतसी
ज्वार = तुवरो
जामुन = जंबूफलं
सेव = सीवफलं
नारंगी = नारगं
पपीता = महूरंडो
वैर = वदरीफलं
कथवेल = कवित्थो
इमली = चिंचा
इक्षु = उच्छु
वादाम = वादामो
किशमिश = महुरसा
दाख = दक्खा
मूसल = मूसलं
हरड़ = हरडई
सखुआ = सालविच्छो
ववुल = वव्वुरो
अशोक = असोयो
रीठा = अरिट्ठो
पौधा = लहुपादवो
वांस = वंसो

वस्त्राभूषण

कपड़ा = वत्थं, वसनं
कोरा कपड़ा = अणाहयं वत्थं
धोया कपड़ा, धोती = धौतवत्थं
सूती कपड़ा = कप्पासं
[illegible] = रोमजं, ओण्णेयं
[illegible] = खोमं
रेशमी कपड़ा = कोसेयं
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]
कमीज = कमणीयो, कंचुअं
टोपी = सिरत्थं
साड़ी = साडी
चोली = कंचुई
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]
मेंहदी = मेहदी
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]

कंगना = कंकणं
पहुँची = कडओ
कुण्डल = कुंडलं
हाथ का कड़ा = वाला
पाँव का कड़ा = हंसओ
बिछिया = णूउरो, णेउरो
करधनी = रसणा, मेहला
बाजू = केयूरो
सेन्दुर = सिंदूरो

पुष्प, सुगन्धित द्रव्य और औषधियाँ

कमल = पोमं, कमलं
गुलाब = पाडलो
बेला = मल्लिआ
चमेली = जाई, मालई
चम्पा = चंपा, चंपओ
जूही = जूहिआ
गेंदा = गणेसओ
ओड़हुल = जवा
मोलसिरी = बउलो
केवड़ा = केतई, केअई
खस = उसीरो
केसर = कुंकुमं
कस्तूरी = कत्थूरिआ
इत्र = पुप्फसारो
पीपल = पिप्पलो
अजमोद = अजमोदा
गुरच = गुडूई,
चिरैता = कैराअं
अडूसा = वासओ
असगन्ध = अस्सगन्धा
कत्था = खदिरो
जमालगोटा = जयवालओ
इसफगोल = सीयवीयं
सोहागा = टंकण
गेरू = गैरिअं
खड़िया मिट्टी = खडी
चूना = चुण्णं
गुलाबजल = पाडलजलं
केवड़ाजल = कअईजलं

अस्त्र

हथियार = अत्थं, सत्थं, आउहं
तलवार = असी, तरवारी
ढाल = फलओ
वर्छी = सल्लं
भाला = कुन्तो
लाठी = लगुडो, दंडो
गुप्ती = करवालिआ
बन्दूक = नालीअं
कैंची = कहणी

सम्बन्धी

पिता = पिआ, जणओ
माँ = माया, जणणी
भाई = भाया
बहन = बहिणी
बेटा = पुत्तो, तणयो, सुनू
बेटी = पुत्ती, तणया, दुहिआ
स्त्री = भज्जा, भारिया, जामया, दारा
पति = भत्ता, सामी, पई
चाचा = पियज्ज
दादा = पिआमहो

दादी = पिआमही
फूफी = पिउच्छा, पिउसिआ
प्रेयसी = पीअसी
भतीजा = भाउणिज्जो
मामा = माउलो
भगिना = भाइणिज्जो, भाइणेओ
ससुर = ससुरो
सास = सस्सू
ननद = णणंदा
भौजाई = भाउजाया
देवर = देवरो
पुत्रवधू = पुत्तवहू
पोता = पोत्तो, णत्तुणिओ
नाना = मायामहो
नानी = मायामही
नाती = णत्तिओ
साला = सालो
फुफेरा भाई = पिउसिआणेयो
मौसेरा भाई = माउसिआणेयो
मौसी = माउसिआ
बड़ा भाई = अग्गओ
छोटा भाई = अणुओ
जमाई = जामाया
साढ़ू = सालिवोढो
पौत्र की पत्नी = णत्तुइणी

वृत्तिजीवी

किसान = किसओ, किसाणो
नाई = णाविओ
धोबी = रजओ
तेली = तेलिओ
कुम्हार = कुंभआरो, कुलालो
बढ़ई = रहयारो, वड्ढई
चटाई बनानेवाला = वरुडो
लुहार = लोहयारो
सुनार = सुवण्णयारो
मोची = चम्मयारो
जुलाहा = कोलिओ, पटयारो
दर्जी = सूइयारो, सोचिओ
तमोली = तंबोलिओ
बनिया = वणिओ
मछुआ = धीवरो, [illegible]
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]
कलवार = कलालो
कारीगर = सिप्पी
राज = थवई
गन्धी = गन्धिओ
हलवाई = मोदइओ, कांदाविओ
चौकीदार = पहरी, दारवालो
नौकर = सेवओ, भिच्चो
मजदूर = समियो
कसाई = मांसिओ
व्याध = वाहो
रसोइआ = पाचओ, सूदो
जासूस = चरो.
गवैया = गायओ
बजानेवाला = वायओ
नाचनेवाला = [illegible]
बाजीगर = इंदजालिओ
वैद्य = [illegible]
[illegible] = [illegible]

पशु-पक्षी

सिंह = सीहो, केसरी
बाघ = सद्दूलो, वग्घो
भालू - भल्लुओ, रिच्छो
चीता = चित्तओ
बन्दर = वानरो, मक्कडो
हाथी = हत्थी, करी, गओ
घोड़ा = अस्सो, घोडओ
कौआ = काओ, वायसो
कोयल = कोइल, परहुओ
भैंसा = महिसो
बैल=वसहो
गाय=धेणु, गो
चील = चिल्लो
उल्लू = उलूओ
गीदड़ = सियारो
हरिण = मिओ
भेड़ा = मेसो
बकरा = अजो, छगलो
नीलगाय = गवयो
उदबिडाल = उदबिडालो
लोमड़ी = खिखिरो
घड़ियाल = मगरो, नक्को
गोह = गोहा
बत्तक = बत्तओ
मुर्गा = कुक्कुडो

भेड़िया = कोओ, विओ
गैंडा = गंडओ
सूअर = सूअरो, वराहो
बिडाल = मज्जारो, बिडालो
मूसा = मूसिओ, आखू
गरुड़ = गरुडो, वेणतेयो
गीध = गिद्दो
ऊँट = कमेलो
गधा = गद्दभो, रासहो
बाज = सेण
कबूतर = कवोओ
बगुला = बओ
कुत्ता = कुक्कुरो, सारमेयो
खरगोश = ससो
सुग्गा = सुओ, कीरो
मैना = सारिआ
तीतर = तित्तिरो
खञ्जन = खंजनो
बटेर = लावओ
पपीहा = चायओ
सारस = सारसो
चकवा = चक्कवाओ
हंसो = हंसो
मोर = मोरो
चमगादर = जउआ

सरीसृप और कीड़े-मकोड़े

साँप = सप्पो, भुयंगो
बिच्छू = विच्छिओ, अली
गिरगिट = सरडो
मछली = मच्छो
मकड़ा = मक्कडो, लूया
गिलहरी = चमरपुच्छो
मच्छर = मसओ

खटमल = मक्कुणो
जू = लिक्खा
चींटी = पिपीलिआ
कछुआ = कच्छवो, कुम्मो
मेढ़क = भेओ, दद्दुरो
घोंघा = संबूओ
जौंक = जलउआ

कीड़ा = कीडो
पतिङ्गा = सलहो
मक्खी = मच्छिआ
मधुमक्खी = महुमक्खिआ
भौंरा = छप्पद, भमरो

शरीर के अंगादि

सिर = मत्थओ, सिरं
आँख = णयणं, नेतं, अच्छि, चक्खु
कान = कण्णो, सोत्तं
नाक = णासिआ, णासा
कपार = कवालो, भालो
कन्धा = अंसो
काँख = कक्खो
हाथ = करो, पाणी, हत्थो
स्तन = थणो
हथेली = करयलं
नाखून = नहो
मुट्ठी = मुट्ठिआ, मुट्ठी
पेट = उयरं
पीठ = पिट्ठं
छाती = उरो, वच्छं
पसली = पासं
कलेजा = हिययं
नाभि = णाही
कमर = कडी
चूतर = नियंबो
जाँघ = जंघा, जंहा
मुँह = वयणं, मुहँ
जीभ = जीहा, रसणा
दाँत = दसणो, दंतो
ओठ = अहरो, ओट्ठो
गाल = कवोलो, गल्लो
बाँह = भुओ, बाहू
केहुनी = कहोणी
उँगली = अँगुली
घुटना = जाणु
टाँग = टंगो,
पैर = चरणो, पाओ
एँड़ी पाण्ही
घुट्ठी = घुट्ठिआ
केश = केसो, कचो, वालो
भौं = भौं
दाढ़ी-मूछ = समस्सू
हड्डी = अत्थि
मांस = मंसं
चर्बी = मेदो, वसा
शोणित = रत्तं, रुहिरं
पीब = किलेओ, पूयं

निवास-स्थानादि

पृथ्वी = भूमी
मिट्टी = मिट्टिआ
जल = जलं, उदगं, सलिल
पत्थर = पत्थरं
नदी = नई
गली = रथ्या
मकान = गिहं, [illegible], घरं
[illegible], छप्पर = [illegible]
[illegible] = [illegible]
ईंट = इट्टिआ
खिड़की = [illegible], [illegible]
दरवाजा = दार

अटारी = अट्टं
जंगल = वणं, काणणं
गाँव = गामो
छोटी बस्ती = वसही, पल्ली
बाजार = आवणो, हट्टो
सड़क = रायमग्गो
पहाड़ = पव्वओ, गिरी
राजमहल = सोहो, पासाओ
किला = दुग्गं
दीवाल = भित्ती
घास = तिणं
दहलीज = देहली
ओसारा = उवसालं
किवार = कवाडं
ऊखल = उलूखल
मूसल = मूसलं
सूप = सुप्पं
चालनी = चालनी
तवा = कंदू
कड़ाही = कडाहो
वर्तन = पत्तं, भायणं
बोरा = पसेवो
थाली = थालिआ
लोटा = जलपत्त
गिलास = लहुपत्तं
बिछावन = आत्थरणं
रसोईघर = महाणसं
कठौता = कक्करी
मशहरी = मसहरी
ट्रंक = पेडिआ
खूटी = णायदंयो
छाता = छत्तं
खडाऊँ = काट्ठपाउआ
कंघी = कंकतिआ, पसाहणी
पीढा = पीढं, आसणं
झाडू = सम्माज्जणी
ताली = तालिआ, करयलझुणी
चुटकी = छोडिआ
छींक = छिक्का
दाद = दद्दु
मालिश = मद्दणं
डकार = आज्झमाणं
थूक = थुक्को
कूड़ा-कचड़ा = अवक्करो
मलमूत्र = पुरीसं
गोंद = णिय्यासो
घडा = घडो, कलसो
गगरी = गग्गरी
वटलोई = थाली
कलछुल = दव्वी
लोढ़ा = पेसणं
हाँड़ी = हड़िआ
टोकरी = कंडोलो, पिडो
ढकना = पिहाणं
चमचा = चमओ
चौकी = चउक्किआ
सेज = सज्जा
चूल्हा = चुल्ली
तोशक = उसीरो
तकिया = उवहाणं
सन्दूक = वासओ, मंजूसा
पंखा = विजणं
सींक = सिक्कं
जूता = उवाणओ
आइना = दप्पणो, पुउरो
दीपक = दीवओ

बत्ती = वत्तिआ, वत्ती
भूख = छुहा
प्यास = तिसा, पिवासा
नींद = निद्दा
हिचकी = हिक्का
खुजलाहट = कण्डू
जम्हाई = जिभा, जिभिआ
दबाना = अंगमद्दणं
विष्ठा = गूहं, मलं
पसीना = सेओ, घम्मो
दाँत माँजना = दंतहावणं
लेई = विलेवी

क्रिया-कोष (गत्यर्थक) वर्तमानार्थक

जाता है = गच्छइ, वज्जइ; थाइ
आता है = आगच्छइ, आयाइ
घूमता है = भमइ
टहलना = विचरइ
पैदल चलता है = परिक्कमइ
सरकता है = परिल्हसइ
दौड़ता है = धावइ
सरकता है = सरइ, सप्पइ
खेलता है = खेल्लइ, कीडइ
तैरता है = तरइ
घुसता है = पविसइ
निकलता है = णीसरइ
भागता है = पलायइ
लौटता है = णिवट्टइ
भ्रमण करता है = परीइ
पार पहुँचता है = पारइ
चलता है = चलइ
कूदता है = कूदइ
उड़ता है = उड्डइ
नाचता है = णच्चइ
फिसलता है = खलइ
चूता है = चिवइ, णिट्टुअइ
भेजता है = पेसइ
सम्मुख आता है = समेइ

भोजनार्थक

खाता है = खादइ, भुंजइ, खाअइ
पीता है = पिज्जइ, पिवइ
चूसता है = चुस्सइ
चखता है = आसाअइ, पच्चोगिलइ, साअइ
आचमन करता है = आचमइ
चबाता है = चव्वइ
निगलता है = गिलइ
चाटता है = लिहइ

ज्ञानार्थक

जानता है = जाणइ, अवगच्छइ
देखता है = पेच्छइ, [illegible], पासइ
सूँघता है = जिघइ, जिंघइ
याद करता है = सुमरइ, सरइ
[illegible] है = [illegible]
[illegible] करता है = [illegible]
सुनता है = सुणइ, आयण्णइ
छूता है = फासइ
स्वाद लेता है = [illegible]
देखता है, निरीक्षण करता है = [illegible]
[illegible] है = [illegible]

शब्दार्थक

कहता है = कहइ, सहइ, भणइ पज्जरइ
बोलता है = बोल्लइ, भासइ ब्रुवइ
चिल्लाता है = कोगइ, कंदइ
रोता है = कंदइ, रुव्वइ, रोवइ
खिलखिलाता है = अट्टहासं करेइ
झगड़ा करता है = कलहइ
गरजता है = गज्जइ, थणइ
घोषणा करता है = घोसइ
ललकारता है = आवाहइ, हुकारइ
गूंजता है = गुंजइ
रटता है = रडइ
स्तुति करता है = थवइ, थुणइ
तड़फड़ाता है = तडप्फडइ

गाता है = गाअइ
ध्यान करता है = झाअइ
हँसता है = हसइ
विलाप करता है = विलवइ
बात-चीत करता है = संभासइ
बहस करता है = विवअइ
शब्द करता है = सद्दइ
वर्णन करता है = वण्णइ
जवाब देता है = उत्तर देइ
पढ़ता है = पढइ
भजन करता है = भजइ
उपदेश देता है = देसइ
दुःख कहता है = णिव्वरइ

भावार्थक

होता है = होइ, हवइ
प्रसन्न होता है = पसीदइ, तोसइ
तृप्त करता है = तिप्पइ
दुःखी होता है = खेअइ, सीअइ
विलाप करता है संताप होता है = झंखइ
घबड़ाता है = खोभइ, आउछी होइ
डरता है = बीहइ
भूंकता है = बुक्कइ
लज्जा करता है = लज्जइ
थकता है = थक्कइ
शोभता है = सोहइ
रहता है = वसइ
सुस्त होता है = गिलाइ, गिलायइ
पुष्ट होता है = पुसइ
मरता है = मरइ
क्षमा करता है = खमइ

प्रशंसा करता है = पसंसइ, पकत्थइ
डाह करता है = वेसइ
भय से व्याकुल होता है = धवक्कइ
म्लान होता है = मिलाइ
डरता है = तसइ
ताड़ता है = ताडइ
पीड़ा करता है = तुआइ
क्रोधित होता है = कुप्पइ, कुज्झइ
घृणा करता है = झुणइ
घमंड करता है = मज्जइ
पोषण करता है = विहइ
जानता है = बुज्झइ
सहता है = सहइ
चमकता है = रायइ, दिप्पइ, दीवइ
विराजता है = विरायइ
मूर्छित होता है = मुच्छइ
गिनता है = गणइ

जीता है = जीवइ
दया करता है = दयइ
स्वीकार करता है = अंगीकरेइ
निन्दा करता है = निन्दइ
सन्तुष्ट होता है = संतुसइ
धिक्कारता है = धिक्कारइ

हस्तक्रियार्थक

करता है = करेइ, करइ
देता है = देइ
लेता है = गेण्हइ
पकड़ता है = धरइ
फेंकता है = खिवइ
बुकनी करता है = चुण्णइ
कूटता है = कुट्टइ, कंडइ
पीटता है = ताडइ, पट्टइ
बंधता है = बंधइ
लीपता है = लिपइ
सँवारता है = भूसइ, सज्जइ, मँडइ
रंगता है = रजइ
बनाता है = रचइ, णिम्मइ
छोड़ता है = चयइ
तोड़ता है = तुट्टइ, तुडइ
काटता है = कट्टइ, छिंदइ
जोड़ता है = जोजइ
टुकड़ा करता है = खंडइ
पीसता है = पीसइ
मारता है = हणइ
थप्पड़ मारता है = चवेडं देइ
रगड़ता है = घरसइ
बुहारता है = सम्मार्जयइ
लिखता है = लिखइ
गूंथता है = गुंथइ, गुंफइ
पकाता है = पचइ
चुनता है = चिणइ
चित्र बनाता है = चित्तेइ

विविध क्रियाएँ

खरीदता है = कीणइ
बेचता है = विकीणइ
पतला करता है = तणुअइ
समेटता है = सकेलइ, संवलइ
जलाता है = डहइ
दौड़ता है = तजइ
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
सूचना करता है = सूअइ
पूछता है = पुच्छइ
माँगता है = याचइ
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

पूजा करता है = अच्चइ, पूजइ
आशीर्वाद देता है = आसीसं देइ
सीखता है = सीखइ
ठहरता है = ठाइ
जलाता है = डहइ
खुजलाता है = कडूअइ
तोलता है तोलइ
नापता है = मारइ
फैलता है = तणइ
जलता है = जलइ
हसता है = हंसइ
बचाता है = रक्खइ, गाइ
तर्क करता है = तक्कइ
सोचता है = तलहट्टइ
फूलता है = पुप्फइ
मलता है = मद्दइ
फलता है = फलइ
सोता है = सुआइ
सेवा करता है = सुस्सूसइ, सेवइ

चूमता है = चुंबइ
बढ़ता है = वड्ढइ
कोशिश करता है = चेट्ठइ
चाहता है = इच्छइ, कामइ, छंदइ
शुरू करता है = आरभइ
जीतता है = जयइ
ठगता है = छलइ
झरता है = चुअइ
हारता है = पराजयइ
जागता है = जग्गइ
नहाता है = ण्हाइ
प्रेरणा करता है = चोअइ
धोता है = छालइ
भूलता है = विसमरइ
शाप देता है = सवइ
प्रणाम करता है = पणमइ, नमइ
स्थापन करता है = ठवइ
भेंट करता है = ढुक्कइ
छिपता है = लुक्कइ

प्रयोगवाक्य

दाल में नमक ज्यादा है = दालीए लोणं अहियं अत्थि ।
पीपल के पेड़ की छाया घनी है = अस्सत्थस्स रुक्खस्स गहणछाया अत्थि ।
हींग डालने से दाल का स्वाद अच्छा होता है = हिंगूपक्खेण दालीए सायो उत्तमो होइ ।
उसके पावों में मेहंदी लगी है = तस्स पायम्मि मेहदी लग्गा अत्थि ।
वह रेशमी वस्त्र पहने हुए था = सो कोसेयं परिहाणन्तो अत्थि ।
उसने ही मुझ से यह काम कराया है = तेणेव इदं कज्जं मए कारेज्जात्थि ।
उसने मुझसे राम को क्षमा करवाया = तेण मए रामो खमावीअ ।
उसने मुझे रुपये दिलवाये हैं = तेण मज्झ रुवगं दाआवीअइ ।
उसके पास बन्दूक है = तस्स गिहे नालीअं अत्थि ।
चौकीदार पहरे पर सावधान है = पहरी दाररक्खणे सावहाणो अत्थि ।

बाजाबजानेवाला चला गया = वायओ गओ।
बाजीगर अपने खेल दिखलायेगा = इंद्जालिओ णियेन्द्जालं पेच्छहिइ।
नाचनेवाला यहाँ आया है = णच्चओ अत्थ आगओ अत्थि।
वैद्य बुलाकर उसकी दवा कराओ = वेज्जो हक्कित्ता चिगिच्छा करेउ।
उसकी भौजाई अच्छे स्वभाव की है = तस्स भाउजाया सेट्ठसहाओ अत्थि।
रसोइया खाना बना रहा है = पाचओ भोयणं णिम्मंतो अत्थि।
मेरी नानी बीमार हैं = मज्झ मायामही रोगिआ अत्थि।
उसकी ननद कल वाराणसी से आई है = तीए णणंदा कल्लं वाराणसीए आगआ अत्थि।
उसकी मौसी गाना गा रही है = तस्स माउसिआ गायणं गायन्तो अत्थि।
वे दर्जी कपड़ा सी रहे हैं = ते सूचिआ वत्थं सिव्वन्तो सन्ति।
वे लड़के तेजी से आगे बढ रहे हैं = ते बालआ वेगेण अग्गे बड्ढन्ति।
उन्होंने कल छींका था = तेहिं कल्लं छिकीअईअ।
मै उनके द्वारा तंग हुआ हूँ = तेहिं हं अच्चासामीअंमि।
वह गठरी बांधता है = सो गट्ठरं बंधइ
वे लोग जीवों पर दया करते हैं = ते जीवा दयंति।
हम लोग पाप करने वालों से घृणा करते हैं = अम्हे पाविणो झुणामो।
तुम इस कार्य को क्यों स्वीकार करते हो = तुम्हें इदं कज्जं कह अंगीकरित्था।
नहीं पढ़ने पर मैंने बच्चों को चाँटा मारा = अपढणम्मि हं सिसुं चविडं देईअ।
वह लड़की कमरे को सजाती है = सा बालिआ कक्खं सज्जइ।
वह घर की छत को लीपती है = सा पासादं लिंपइ।
वे लोग कपड़ा रंगते है = ते वत्थं रंजंति।
वे लोग पढना आरम्भ करते है = ते जणा पढणं आरंभंति।

पाइअभासाए अणुवायं कुणन्तु Translate into Prakrit

पटना नगर मे एक राजा रहता था। उसकी पत्नी का नाम मायादेवी था। उनकी तीन सन्तानें थीं। सबसे बड़ा लड़का कालेज मे पढ़ता था। दूसरा लड़का नवीं श्रेणी का छात्र था। कन्या कुसुमलता मोहिनी देवी स्कूल मे पढ़ती है। जब परीक्षा हुई तो सभी प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए।

आरा छोटा सा नगर है। यहाँ चार कालेज और नौ हाई स्कूल हैं। जैनसिद्धान्त भवन एक बहुत बड़ा ग्रन्थागार है। इसमें हस्तलिखित ग्रन्थ बहुत ज्यादा हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इस नगर का महत्त्वपूर्ण स्थान है। स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए यहाँ के छात्र गया जाते हैं। गया भी हिन्दुओं का प्राचीन तीर्थस्थान है। पितृपक्ष में यहाँ मेला लगता है। फल्गू नदी का तट प्रातःकाल सुन्दर मालूम पड़ता है।

राजगिर एक ऐतिहासिक नगर है। यहाँ प्राचीन समय में बिम्बसार राज्य करता था। इस राजा का दूसरा नाम श्रेणिक भी है। श्रेणिक बहुत ही प्रतापी और प्रभावशाली राजा था। इसके पुत्र का नाम अजातशत्रु था। अजातशत्रु अपने पिता से नाराज हो गया था। यही कारण है कि उसने अपने पिता को कारागृह में बन्द कर दिया था। राजगिर में गर्म पानी के झरने हैं। मलमास में यहाँ भी मेला लगता है। भगवान् महावीर का सबसे पहला उपदेश यहाँ के विपुलाचल पर हुआ था।

नालन्दा के विश्वविद्यालय को हम सभी जानते हैं। यहाँ दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। आरम्भिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बिना कोई भी छात्र प्रवेश नहीं पा सकता था। प्रधानाचार्य को पीठाध्यक्ष भी कहा जाता था। आज भी नालन्दा में पालिशोध-संस्थान है। इस संस्थान के निर्देशक बहुत बड़े विद्वान् हैं। विदेश से भी विद्यार्थी आकर यहाँ अध्ययन करते हैं। पालिभाषा में प्राचीन संस्कृति निहित है।

वैशाली गणतन्त्र का सर्वप्रथम नगर है। लिच्छवि राजाओं ने यहाँ पर प्रजातन्त्र की नींव डाली थी। यहाँ पर भगवान् महावीर का जन्म हुआ है। आज भी चैत्रशुक्ला त्रयोदशी के दिन मेला लगता है। इस मेले में लगभग एक लाख मनुष्य एकत्र होते हैं। हाल ही में बिहार सरकार ने यहाँ प्राकृत-शोध प्रतिष्ठान की स्थापना की है। प्राकृत भाषा का साहित्य विशाल और महत्त्वपूर्ण है। महाकाव्य, खण्डकाव्य, सट्टक, स्तोत्र गुण और परिमाण की दृष्टि से बेजोड़ है। भाषाविज्ञान और संस्कृति की दृष्टि से भी इस भाषा का महत्त्व बहुत अधिक है।

नवमो पवाढओ Lesson 9

विशेषण, संख्यावाचक शब्द, कारक, समास, एवं तद्धित

७० जो लिङ्ग और वचन विशेष्य का होता है, वही लिङ्ग और वचन विशेषण का भी होता है। यथा—

सुंदरो पुरिसो, सुंदरी नारी, सुन्दरं फलं इत्यादि।

७१. विशेषण पाँच प्रकार के होते हैं—गुणवाचक, सार्वनामिक, संख्यावाचक, तुलनात्मक और कृदन्त विशेषण। गुणवाचक विशेषण द्वारा विशेष्य की गुणसम्बन्धी विशेषता बतलायी जाती है। इस विशेषण के लिग, वचन और विभक्तियाँ विशेष्य के अनुसार ही होती है। यथा—

काला कुत्ता जाता है = किसणो कुक्कुरो धावइ।
काले कुत्ते दौड़ते हैं = किसणा कुक्कुरा धावंति।
अच्छा लड़का पढ़ता है = उत्तमो बालओ पढइ।
अच्छे लड़के पढ़ते हैं = उत्तमा बालआ पढति।
अच्छे लड़के के द्वारा पढ़ा गया = उत्तमेण बालेण पढिओ।
अच्छे लड़के को पढ़ना पसन्द है = उत्तमस्स बालस्स पढणं रुचए।

७२. विशेष्य के पूर्व मे आने से सर्वनाम भी विशेषण बन जाते हैं। इनके भी लिङ्ग, वचन और विभक्ति विशेष्य के अनुसार ही होती हैं यथा—

यह लड़का घर जाता है = अयं बालो गिहं गच्छइ।
यह लड़की घर जाती है = = इमा बाला गिहं गच्छइ
यह फूल अच्छा है = इदं पुप्फं उत्तमं अत्थि।
वह हाथी पानी पीता है = सो गयो जलं पिवइ।
वे मित्र पढ़ते हैं = ताइं मित्ताणि पढंति।
वह गाय दूध देती है = सा धेणू दुद्धं देइ।
वह फल मीठा है = एअं फलं महुरं अत्थि।
वह रानी काम करती है = एसा रण्णी कज्जं करेइ।
ये बर्तन गन्दे है = एआणि भण्डाणि मलिणाणि संति।
उस स्त्री का लड़का जाता है = अमूए इत्थीए बालओ गच्छइ।
उस आदमी का काम होता है = अमुणो पुरिसस्स कज्जं हवइ।

इन लड़कों को पुरस्कार दो = एआणं बालआणं पुरक्कारं देह ।
इन लड़कियों को पुरस्कार दो = एईणं बालिआणं पुरक्कारं देह ।
ये लताएँ अच्छी लगती हैं = एआओ लआ उत्तमा लगंति ।
ये वृक्ष अच्छे हैं = एए रुक्खा उत्तमा संति ।
उस स्थान से लड़के जाते हैं = तम्हा थाणत्तो बालआ गच्छंति ।

७३. हिन्दी में संख्यावाचक विशेषण दोनों लिङ्गों में प्रायः समान होते हैं, किन्तु प्राकृत में लिङ्गभेद से इनके रूपों में अन्तर हो जाता है। यहाँ यह ध्यातव्य है कि एक शब्द को छोड़ सभी संख्यावाची शब्द प्राकृत में भी तीनों लिङ्गों के समान होते हैं। यथा—

एक लड़का पढ़ता है = एगो बालओ पढइ ।
एक लड़की पढ़ती है = एगा बालिआ पढइ ।
यह एक पुस्तक है = इदं एगं पोत्थअं अत्थि ।
इस जंगल में एक सिंह रहता है = अस्सि वणे एगो सीहो णिवसइ ।
उस खेत में दो बकरियाँ चरती हैं—तम्मि खेत्ते दुण्णि अजा चरंति ।
उस ग्राम में तीन वैद्य रहते हैं=तम्मि गामम्मि तिण्णि वेज्जा णिवसंति ।

संख्यावाचक शब्दों के रूप

७४. संख्यावाचक शब्दों में अट्ठारस (अष्टादश) संख्यावाचक शब्द तक षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में ण्ह और ण्हं प्रत्यय जुड़ते हैं।

पुँल्लिङ्ग—एक—इक्क, एक्क, एग, एअ

	एकवचन	बहुवचन
प०	एगो, एओ, एक्को, इक्को	एगे, एए, एक्के
बी०	एगं, एअं, एक्कं	एगे, एगा, एए, एआ

शेष रूप सव्व शब्द के समान होते है।

स्त्रीलिङ्ग एगा, एआ, एक्का—एक

	एकवचन	बहुवचन
प०	एगा, एआ, एक्का	एगाओ, एआओ, एक्काओ
बी०	एगं, एअं, एक्कं	,, ,, ,,

शेष रूप सव्वा के समान होते हैं।

नपुंसक लिङ्ग—एग, एअ, एक्क (एक)

	एकवचन	बहुवचन
प०	एगं, एअं, एक्कं	एगाणि, एआणि, एक्काणि
बी०	एगं, एअं, एक्कं	,, ,, ,,

शेष शब्द पुंल्लिङ्ग के समान ही होते हैं।

उभ, उह (उभ) शब्द तीनों लिङ्गों में समान

	बहुवचन
प०	उभं
बी०	उभे, उभा
त०	उभेहि, उभेहिं
च०	उभण्हं
पं०	उभाहिन्तो, उभासुंतो
छ०	उभण्हं
ष०	उभेसु

दु, दो, वे (द्वि) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	दुवे, दोण्णि, विण्णि
बी०	,, ,, ,,
त०	दोहि–हिं–,वेहि–हि
च०	दोण्ह, दोण्हं, दुण्हं, वेण्ह
पं०	दुत्तो, दोसुन्तो, दो हिन्तो, वे सुक्तो
घ०	दोण्ह, वेण्ह, दोण्हं
स०	दोसु, वेसु

ति (त्रि) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	तिण्णि
बी०	तिण्णि
त०	ताहि, तीहि
च०	तीण्ह, तीण्हं
पं०	तीहिन्तो
छ०	तीण्हं
स०	तीसु

चउ (चतुर्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	चत्तारो, चउरो, चत्तारि
बी०	चत्तारो, चउरो, चत्तारि
त०	चउहि, चउहिं चउहिँ
च० छ०	चउण्हं
पं०	चउओ, चउहितो, चउसुन्तो
स०	चउसु

सत्त (सप्तन्) शब्द

	बहुवचन
प०	सत्त
बी०	सत्त
त०	सत्तहि-हिं-हिँ
च० छ०	सत्तण्ह, सत्तण्हं
पं०	सत्तओ, सत्तहितो सत्तसुन्तो
स०	सत्तसु

पंच (पञ्चन्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	पंच
बी०	पंच
त०	पचहि-हिं
च० छ०	पंचण्ह, पंचण्हं
पं०	पंचाहितो, पंचासुंतो
स०	पंचसु

छ (षष्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	छ
बी०	छ
त०	छहि
च० छ०	छण्हं
पं०	छहितो, छसुंतो
स०	छसु

अट्ठ (अष्टन्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	अट्ठ
बी०	अट्ठ
त०	अट्ठहि-हिं-हिँ
च० छ०	अट्ठण्ह
पं०	अट्ठाहितो, अट्ठासुन्तो
स०	अट्ठसु

णव (नवन्) तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	णव
बी०	णव
त०	णवहि
च० छ०	णवण्हं
पं०	णवाहिन्तो, णवासुन्तो
स०	णवसु

दह, दस (दशन्)

	बहुवचन
प०	दह, दस
बी०	दह, दस
त०	दहहिं, दसहिं
च० छ०	दहण्हं, दसण्हं
पं०	दहासुन्तो, दसाहिन्तो, दहाहिन्तो
स०	दहसु, दससु

इसी प्रकार एगारह, बारह, तेरह, चउद्दह, पण्णरह, सोलह, सत्तरह और अट्ठारह शब्दों के रूप होते हैं।

कइ (कति) शब्द—तीनों लिङ्गों में

	बहुवचन
प०	कइ
बी०	कइ
त०	कईहि
च० छ०	कइण्ह, कइण्हं
पं०	कईहिन्तो, कईसुन्तो
स०	कईसु

वीसा (विंशति) तीनों लिङ्गों में

	एकवचन	बहुवचन
प०	वीसा	वीसाओ
बी०	वीसं	वीसाओ
त०	वीसाअ, वीसाए	वीसाहि
च० छ०	वीसाअं, वीसाए	वीसाण-णं
पं०	वीसत्तो, वीसाए	वीसाहिन्तो, वीसासुन्तो
स०	वीसाइ	वीसासु
सं०	हे वीसा	हे वीसाओ

इसी प्रकार एगूणवीसा, एगवीसा, दुवीसा, तेवीसा, चउवीसा, पण्णवीसा, छव्वीसा, सत्तवीसा, अट्ठावीसा, एगूणतीसा, तीसा, एगतीसा,

दुतीसा, तेत्तीसा, चउतीसा, पणतीसा, छत्तीसा, सत्ततीसा, अट्ठतीसा, एगूणचालीसा, चत्तालीसा, एगचत्तालीसा, बायाला, तेआलीसा, चउआलीसा, पणयालीसा, छायालीसा, सत्तचत्तालीसा, अडचालीसा, एगूणपन्ना, पन्नासा, एगावन्ना, दोवन्ना, तेवन्ना, चउवन्ना, पणवन्ना, छवन्ना, सत्तावन्ना, अट्ठावन्ना शब्दों के रूप होते हैं।

सट्ठि (षष्टि) तीनों लिङ्गों में

	एकवचन	बहुवचन
प०	सट्ठी	सट्ठीओ
बी०	सट्ठि	सट्ठीओ
त०	सट्ठीअ, सट्ठीए	सट्ठीहि
च० छ०	सट्ठीअ, सट्ठीए	सट्ठीण
पं०	सट्ठिणो, सट्ठीए	सट्ठीहिन्तो, सट्ठीसुन्तो
स०	सट्ठीए, सट्ठीअ	सट्ठीसु
सं०	हे सट्ठि, सट्ठी	हे सट्ठीओ

इसी प्रकार एगूणसट्ठि, एगसट्ठि, दोसट्ठि, तेसट्ठि, चउसट्ठि, पणसट्ठि, छसट्ठि, सत्तसट्ठि, अडसट्ठि, एगूणसत्तरि, सत्तरि, एकसत्तरि, दोसत्तरि, तेसत्तरि, चउसत्तरि, पणसत्तरि, छसत्तरि, सत्तसयरि, अडसयरि, एगूणासीइ, असीइ, एगासीइ, दोसीइ, तेसीइ, चउरासीइ, पणसीइ, छासीइ, सत्तासीइ, अठासीइ, नवासीइ, एगूणनवइ, णउइ, एगणवइ, दोणवइ, तेणवइ, चउणवइ, पंचणवइ, छण्णवइ, सत्तणवइ, अट्ठाणवइ, एवं नवणवइ शब्दों के रूप होते हैं।

नपुंसकलिङ्ग सय (शत)

	एकवचन	बहुवचन
प०	सयं	सयाइं, सयाणि
बी०	सयं	सयाइं, सयाणि

शेष शब्द अकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों के समान होते है।

दुसय, तिसय (तीन सौ), चत्तारि सयाइं (चार सौ), पणसय, छसय, सत्तसय, अट्ठसय, नवसय, सहस्स, दससहस्स, अयुअ, लक्ख, दहलक्ख, पयुअ, आदि शब्दों के रूप भी सय के समान नपुंसक लिङ्ग मे ही होते हैं। कोडि, कोडाकोडि, सयकोडि, दहकोडि के रूप स्त्रीलिङ्ग मे होते हैं।

अपूर्णसंख्यावाचक विशेषण

चतुर्थांश = पायो
आधा = अद्धं, अद्ढं
डेढ़ = सद्धं, सड्ढं
साढ़ेतीन = अद्धतइय, अड्ढाइय
साढ़े पाँच = अद्धपंचमो
साढ़े सात = अद्धसत्तमं, अद्धसत्तमो
साढ़े नौ = अद्धनवमो
पौना = पाओणं, पाउणं
सवा = सवायो, सवायं
ढाई = दिवड्ढो
साढ़े चार = अद्धुड्ढो, अड्ढुट्ठो
साढ़े छः = अद्धछट्ठो
साढ़े आठ = अद्धट्ठयो
साढ़े दस = अड्ढदसमो

क्रमवाचक विशेषण

पहला = पढमं, पढमिल्लं
दूसरा = बीओ, दुइयो
तीसरा = तइओ, तच्चो
चौथा = चउत्थो
पाँचवा = पंचमो
ग्यारहवाँ = एक्कारमो
बारहवाँ = बारसमो
तेरहवाँ = तेरसमो
चोदहवाँ = चउद्दसमो
पन्द्रहवाँ = पण्णरसमो
इक्कीसवाँ = एक्कवीसइमो
तेईसवाँ = तेवीसइमो
पच्चीसवाँ = पंचवीसइमो
सत्ताईसवाँ = सत्तावीसइमो
उन्तीसवाँ = एगूणतीस इमो
इकतीसवाँ = एक्कतीसइमो
तैंतीसवाँ = तेत्तीसइमो
पैंतीसवाँ = पंचतीसाइमो
सैंतीसवाँ = सत्ततीस इमो
उनचालीसवाँ = एगूणचालीसइमो
इकतालीसवाँ = एगचत्ताल
तैंतालीसवाँ = तेयालीसइमो
पैंतालीसवाँ = पणयाल
सैंतालीसवाँ = सत्तचत्ताल
उनंचासवाँ = एगूणपन्नास
इक्यानवाँ = एगावन्नमो
छठा = सट्ठो
सातवाँ = सत्तयो
आठवाँ = अट्ठयो
नौवाँ = नवमो
दसवाँ = दहमो, दसमो
सोलहवाँ = सोलसमो
सत्रहवाँ = सत्तरसमो
अठारहवाँ = अट्ठारसमो
उन्नीसवाँ = एगूणवीसइमो
बीसवाँ = वीसइमो
बाईसवाँ = बावीसइमो
चौबीसवाँ = चउवीसइमो
छब्बीसवाँ = छव्वीसइमो
अट्ठाईसवाँ = अट्ठावीसइमो
तीसवाँ = तीसइमो
बत्तीसवाँ = बत्तीसइमो
चौंतीसवाँ = चउतीइमो
छत्तीसवाँ = छत्तीसइमो

उन्तीसवाँ = अउनीसइमो
चालीसवाँ = चत्तालीसमो
ब्यालीसवाँ = बायालीसइमो
तैंतालीसवाँ = तेचत्तालीसइमो
छियालीसवाँ = छायालीसइमो
अड़तालीसवाँ = अट्ठचत्ताल-
अडयालीस
पचासवाँ = पन्नासइमो
बावनवाँ = बावण्णो
तिरपनवाँ = तिपंनासइमो
चौवनवाँ = चउवण्णइमो
पचपनवाँ = पणपन्न
साठवाँ = सट्ठिमो
बासठवाँ = बासट्ठो
चौंसठवाँ = चउसट्ठिमो
छासठवाँ = छासट्ठो
अड़सठवाँ = अडसट्ठिमो
सत्तरवाँ = सत्तरिअमो
बहत्तरवाँ = बावत्तरो
चौहत्तरवाँ = चउहत्तरो
छिहत्तरवाँ = छहत्तरो
अठहत्तरवाँ = अट्ठहत्तरो
अस्सीवाँ = असीइमो
ब्यासीवाँ = बासीइमो
चौरासीवाँ = चउरासीइमो
छियासीवाँ = छासीइमो
अट्ठासीवाँ = अट्ठासीयमो
नब्बेवाँ = नवइयमो
बानवेवाँ = बाणउयो
चौरानवेवाँ = चउणउयो
छियानवेवाँ = छन्नउयो
अट्ठानवेवाँ = अट्ठाणउयो
सौवाँ = समयमो

एकबार = एगहुत्तं
तीनबार = तिक्खुत्तो
पाँचबार = पंचक्खुत्तो
हजारबार = सहस्सहुत्तं, सहस्स-
क्खुत्तो
सत्तावनवाँ = सत्तावण्णो
अट्ठावनवाँ = अट्ठावण्णो
उनसठवाँ = एगूणसट्ठो
इकसठवाँ = एगसट्ठो
त्रेसठवाँ = तिसट्ठो
पैंसठवाँ = पंचसट्ठो
सड़सठवाँ = सत्तसट्ठो
उनहत्तरवाँ = एगूण सत्तरो
एकहत्तरवाँ = एकसत्तरो
तिहत्तरवाँ = तिहत्तरो
पचहत्तरवाँ = पंचहत्तरो
सत्तहत्तरवाँ = सत्तहत्तरो
उन्यासीवाँ = एगूणासीययमो
इक्यासीवाँ = एगासीइमो
चासीवाँ = तेयासीइमो
पिचासीवाँ = पंचासीइमो
सत्तासीवाँ = सत्तासीइमो
नवासीवाँ = एगूणनउमो
इक्यानवेवाँ = एक्काणउयो
तिरानवेवाँ = तेणउयो
पंचानवेवाँ = पंचाणउयो
सत्तानवेवाँ = सत्ताणउयो
निन्यानवें = नवणवइयो
एकसौ एकवाँ = एक्कोत्तरसयो
दोबार = दुवखुत्तो
चारबार = चउक्खुत्तो
सौबार = सयहुत्तं, सयक्खुत्तो
अनन्तबार=अणंतहुत्तो, अणंतक्खुत्तो

प्रकारवाचक विशेषण

एक प्रकार=एगहा	तीन प्रकार=तिहा, तिविह
दो प्रकार=दुहा, दुविहा	एक प्रकार=एगविह
चार प्रकार=चउहा, चउद्धा, चउविह	आठप्रकार=अट्ठहा, अट्ठविह
बहुत प्रकार=बहुहा, बहुविह	दस प्रकार=दसहा, दसविह
सैकड़ों प्रकार=सयहा, सयविह	हजार प्रकार=सहस्सहा, सहस्सविह
नाना प्रकार=णाणाविह	अनेक प्रकार=अणेयविह

७५. प्राकृत में एक से श्रेष्ठ और सबसे श्रेष्ठ का भाव बतलाने के लिए अर, अम, ईअस और इट्ठ प्रत्यय जोड़े जाते हैं। इस प्रकार के विशेषण उत्कर्ष बतलाने या तुलना के लिए प्रयुक्त होते है। तुलनात्मक विशेषणों की निम्न तालिका है।

तिक्ख	तिक्खअर	तिक्खअम
उज्जल	उज्जलअर	उज्जलअम
पग्गहिय	पग्गहियअर	पग्गहियअम
थोव	थोवअर	थोवअम
अप्प	अप्पअर	अप्पअम
अहिअ	अहिअअर	अहिअअम
पिअ	पिअअर	पिअअम
हसु	हसुआ	हसुअम
अप्प	कणीअस	कणिट्ठ, कणिट्ठग
बहु	भूयस	भूयिट्ठ
पावी	पावीयस	पाविट्ठ
गुरु	गरीयस	गरिट्ठ
जेट्ठ	जेट्ठयर	जेट्ठयम
विउल	विउलअर	विउलअम
धणी	धणिअर	धणिअम
महा	महाअर, महत्तर	महाअम, महत्तम
वुड्ढ	जायस	जेट्ठ, वुड्ढअम
थूल	थूलअर	थूलअम
बहुल	बंहीअस	बहिट्ठ
दीहर	दीहरअर	दीहरअम

अंतिम	नेदीयस	नेदिट्ठ
दूर	दवीअस	दविट्ठ
विउस	विउसअर	विउसअम
मिउ	मिउअर	मिउअम
धम्मी	धम्मीअस	धम्मिट्ठ
गुरु	गुरुअर	गुरुअम
महत	महीअस	महिट्ठ

प्रयोगवाक्य

मैं हिसाब में उससे ज्यादा पक्का हूँ = अहं गणियम्मि तम्हा पडुअरो अत्थि।

तुम मुझसे छोटे हो = तुम ममत्तो कणीअसो अत्थि।

यह लड़की उससे आठ वर्ष छोटी है = सा बाला तम्हा अट्ठवरिसा कणीअसी अत्थि।

छोटा लड़का सबसे ज्यादा प्यारा होता है = कणिट्ठो पुत्तो पिअअमो होइ।

नदियों में गंगा श्रेष्ठ है = नईसु गंगा सेट्ठअमा अत्थि।

पहाड़ों में हिमालय सबसे ऊँचा है=गिरीसु हिमालयो उच्चअमो अत्थि।

इस गाम में वह सबसे बूढ़ा है=अस्सिं गामम्मि सो वुड्ढअमो अत्थि।

यह बोझा दोनों में ज्यादा भारी है = अयं भारो दोसुं गुरुअरो अत्थि।

मेरा घर उस जगह से अधिक दूर है = मम गिहो तम्हा थाणत्तो दूर-अमं अत्थि।

सबसे नजदीक गाँव को चलो = नेदिट्ठं गामं चलउ।

गंगा यमुना से अधिक बड़ी है = गंगा जमुणात्तो दीहरअरा अत्थि।

उसकी लड़की सबसे दुलारी है = तस्स कण्णा किसअमा अत्थि।

अजगर सब साँपों मे बड़ा होता है = अजगरो सप्पेसु दीहरअमो अत्थि।

मोहन सोहन से पढने में तेज है = मोहनो सोहनत्तो पढणम्मि तिक्ख-अरो अत्थि।

यह रास्ता सबसे ज्यादा अच्छा है = अयं मग्गो साहिट्ठो अत्थि।

इस तालाब मे सबसे ज्यादा पानी है = अस्सिं तडायम्मि भूइट्ठं जलं अत्थि।

पशुओं में सिंह सबसे बलवान है = पसूसु सीहो बलिट्ठअमो अत्थि।
चीनी से मधु ज्यादा मीठा होता है = सक्करत्तो महु मिट्ठअरो अत्थि।
हीरा सबसे ज्यादा कीमती चीज है = हीरओ सव्वेसु मुल्लअमो अत्थि।
चाँदी से सोना भारी होता है = सुवण्णो रययत्तो भारअरो अत्थि।
सब इन्द्रियों मे आँखें कोमल होती हैं = सव्वेसु इंदियेसु नेत्रं मिउअरं अत्थि।

बिल्ली के नाखून ज्यादा तेज होते हैं = बिडालस्स णहा तिक्खअमा सन्ति।
सब जानवरों मे गधा बेवकूफ होता है = सव्वजन्तूसु गद्दभो मुक्खअरो अत्थि।

तुम सबसे ज्यादा होशियार हो = तुमं मइट्ठो अत्थि।
तुम परीक्षा मे सबसे ज्यादा अंक लाते हो = तुमं परीक्खाए अहियअमा अंका आनेसि।
पशुओं मे शृगाल सबसे ज्यादा धूर्त होता है = पसुणं सियारो धुत्तअमो होइ।
याचक रुई से भी हलका होता है = याचओ तूलत्तो वि हलुअरो होइ।
मनुष्य मे नाई धूर्त होता है = नाराणं णाविओ धुत्तो होइ।
वह मेरा छोटा भाई है = सो मम कणिट्ठो भाया अत्थि।
उसके पुत्रों में गोपाल बड़ा है = तस्स पुत्ताणं गोवालो एव जेट्ठो अत्थि।
सतियों में सीता श्रेष्ठ है = सईसु सीया सेट्ठा अत्थि।
पाप का रास्ता प्रिय होता है = पावस्स मग्गो पेयसो होइ।
पुण्य का मार्ग कल्याण का होता है = पुण्णस्स मग्गो सेयसो होइ।
कवियों में कालिदास श्रेष्ठ है = कवीसु कालिदासो सेट्ठो अत्थि।
नगरियों मे वाराणसी नगरी श्रेष्ठ है = नयरीसु वाराणसी सेट्ठा अत्थि।
जयपुर नगर सबसे श्रेष्ठ है = जयपुरो नयरो सेट्ठअमो अत्थि।
वह इस नगरी मे सबसे बड़ा विद्वान् है = सो अस्सि नयरीए विउसअमो अत्थि।

पोखरे मे बहुत मछलियाँ हैं = तडागे बहुमच्छा सन्ति।
इस गाँव मे बहुत आदमी हैं = अस्सि गामम्मि बहुजणा सन्ति।
उसके बदन पर तीन गहने हैं = तस्स सरीरे तिण्णि अहूसणानि सति।
उस थाली मे दो दो लड्डू हैं = तीए थालीए दुण्णि मोदयाणि संति।
उस मकान मे तीन नौकर हैं = तस्सि गिहे तिण्णि सेवआ सन्ति।
उस लता मे बीस फूल हैं = तीए लताए वीसा पुप्फाणि संति।

दो स्त्रियाँ नदी में नहाती हैं = नईए दुण्णि महिलाओ ण्हान्ति।
इस प्रान्त में तीन नदियाँ हैं = अस्सिं पदेसे तिण्णि नईओ सन्ति।
इस जेल में चार चोर हैं = अस्सिं कारागारे चत्तारि चोरा संति।
गोशाला में पाँच गायें हैं = गोसालम्मि पंच गावीओ संति।
इस गाड़ी में चार पहिये हैं = अस्सिं सगडम्मि चत्तारि चक्काणि संति।
पका आम मीठा होता है = पक्कं अंबं महुरं होइ।
चार वेद होते हैं = चत्तारि वेदा होन्ति।
पाँच जिन होते हैं = पंच जिणा हवन्ति।
सात द्वीप होते हैं = सत्त दीवा हवन्ति।
ग्यारह रुद्र होते हैं = एगारह रुद्दा हवन्ति।
सूर्य की बारह कलाएं होती हैं = सुज्जस्स दुवारस कला हवन्ति।
इस पंक्ति में तेरह ब्राह्मण हैं = इमीए पंतीए तेरह बंभणा सन्ति।
इस चित्र में चौदह भुवन हैं = अस्सिं चित्तम्मि चउद्दह भुवणाणि सन्ति।
एक पक्ष में पन्द्रह तिथियाँ होती हैं = एगम्मि पक्खे पण्णरह तिथीओ हवन्ति।
यह सोलह वर्ष का बालक है = अयं सोलहण्हं वरिसाण बालओ अत्थि।
यह सत्रह वर्ष की कन्या है = इमा कण्णा सत्तरहण्हं वरिसाणं अत्थि।
अठारह पुराण प्रसिद्ध हैं = अट्ठारह पुराणा पसिद्धा सन्ति।
साठ बालक प्रथमा में पढते हैं = सट्ठी बालआ पढमाए पढन्ति।
पचास व्यक्ति गाँव में रहते हैं = पण्णासा जणा गामम्मि णिवसन्ति।
पैंतालीस आदमी जा रहे हैं = पणचत्तालीसा जणा गच्छन्ता सन्ति।
कक्षा में उसका दूसरा स्थान है = कच्छाए तस्स दुइयं थाणं अत्थि।
मैंने दो बार इस काम को किया है = हं दुक्खुत्तो इदं कज्जं करीअ।
सत्तानवेवाँ आदमी कब आयेगा = सत्ताणउयो जणो कया आगमिस्सइ।
तीन तरह से मैंने उसे समझाया है = तिविहं हं तं मुणावीअ।
हजार बार कहने पर भी वह नहीं माना = सहस्सहुत्तं कहणेणावि सो ण अंगीकरीअ।
यह एकहत्तरवाँ आदमी किस काम मे आयेगा = अयं एगसत्तरो जणो कस्सि कज्जे आइस्सइ।
सौ बार मैं आपका कहना मानता हूँ = सयहुत्तं हं भवन्तस्स कहणं अंगीकरेमि।
चार दिन से वे क्या कर रहे हैं = आचत्तारि दिवसत्तो ते किं कुणन्तो सन्ति।

७६. वर्तमान कृदन्त भी विशेषण का कार्य करते हैं। संस्कृत मे जो कार्य शतृ और शानच् प्रत्यय से लिया जाता है, वही प्राकृत मे न्त और माण प्रत्यय जोड़ कर लिया जाता है। यथा—

दौड़ता हुआ बालक घर गया = धावन्तो बालओ गिहं गओ।
बोलते हुए तोता उड़ता है = बोल्लन्तो सुग्गो उड्डेइ।
पढ़ता हुआ छात्र घर गया = पढन्तो छत्तो गिहं गओ।
रोता हुआ बच्चा = रुदन्तो सिसू।
नाचते हुए दो मोर दिखलायी पड़े = णच्चन्ता दुण्णि मोरा अवलोइआ।
चलती हुई गाड़ी आवाज करती है = चलन्तो सघडो सद्द करेइ।
गिरते हुए पत्ते शब्द करते हैं = पडन्ताणि पत्ताणि सद्दं करेन्ति।
रोती हुई लडकी माँ के पास जाती है = रुव्वन्ती बालिआ मायरस्स समीवे गच्छइ।
हँसती हुई स्त्री बोलती है = हसन्ती नारी बोल्लइ।
बहती हुई नदी समुद्र में मिलती है = वहन्ती नई समुद्दे मिलइ।
भागता हुआ चोर पकड़ा गया = पालयमाणो चोरो गेण्हिज्जसो।
लजाती हुई स्त्रियाँ छिपती हैं = लज्जमाणा नारीओ तिरोहन्ति।
जाड़े से काँपता हुआ बुड्ढा आग तापता है = सीयेण कंपमाणो बुड्ढो अग्गिं सेवइ।
बाघ गरजता हुआ दौड़ता है = गज्जन्तो बाघो धावइ।
वह लजाती हुई यहाँ आती है = सा लज्जमाणा एत्थ आगच्छइ।
वह पीढ़े पर बैठा हुआ है = सो पीढे आसीणो अत्थि।
मरीज चारपाई पर सोया हुआ है = रोगी खट्टाए सयाणो अत्थि।
वह रोते-रोते पूछता है = सो रुव्वन्तो पुच्छइ।
मैंने जाते-जाते कहा = अहं गच्छन्तो कहीअ।

विभक्ति (Case-endings)

७७. अनुक्तकर्म को बतलाने के लिए कर्म कारक मे द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है। यथा—

हरि का भजन करता है = हरि भजइ
गाँव जाता है = गामं गच्छइ
वेद पढ़ता है = वेयं पढइ
पुस्तक पढ़ता है = पोत्थयं पढइ
धन इकट्ठा करता है = अत्थं चिव्वइ

७८. सप्तमी और तृतीया विभक्ति के स्थान पर क्वचित् द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

[illegible] = विज्जुज्जोयं भरइ रत्तिं।

[illegible] = चउवीसं पि जिणवरा।

७९. [illegible] में भी [illegible] धातुओं के योग में [illegible] द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

[illegible] = [illegible] पुरम्मि।

[illegible] = [illegible] कव्वाणि।

[illegible] = [illegible] धम्मं [illegible]।

८०. शी, स्था और आस् धातुओं के पूर्व यदि अधि (अहि) उपसर्ग लगा हो तो इन क्रियाओं के आधार की कर्म संज्ञा होती है। यथा—

हरि वैकुण्ठ में रहते हैं = अहिचिट्ठइ वइकुंठं हरी।

८१. अहि और नि उपसर्ग इन एक साथ विश (विस) धातु के पहले आते हैं, तो विश् के आधार को कर्म कारक होता है। यथा—

सन्मार्ग में रहता है = अहिनिविसइ सम्मग्गं।

८२. यदि वस् धातु के पूर्व उव, अनु, अहि और आ में से कोई उपसर्ग लगा हो तो क्रिया के आधार को कर्मकारक होता है। यथा—

हरि वैकुण्ठ में निवास करते हैं = हरी वइकुंठं उववसइ, अहिवसइ, आवसइ वा।

८३. अहिओ—चारों ओर, परिओ—सब ओर, समया—समीप, निकहा—निकट, हा, पडि, धिअ, सव्वओ और उवरि-उवरि शब्दों की जिनमें सन्निकटता पायी जाय, उनमें द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

कृष्ण के चारों ओर वालक हैं = अहिओ किसणं वालआ सन्ति।

कृष्ण के सब ओर ग्वाले हैं = परिओ किसणं गोवा सन्ति।

गाँव के पास नदी है = गामं समया नई अत्थि।

समुद्र के निकट लंका है = समुद्दं निकहा लंका अत्थि।

राजा के चारों ओर नौकर हैं = परिजणो रायाणं अहिओ चिट्ठइ।

८४. अणु के योग मे द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

नदी पर सेना रहती है = णइं अणुवसिआ सेणा।

मोहन के पीछे-पीछे हरि जाता है = मोहणं अणुगच्छइ हरी।

८५. जब अंगुलि निर्देश करना हो, इत्थंभूत—ये इस प्रकार के हैं—यह बतलाना हो, भाग—यह उनके हिस्से में पड़ा या पड़ता है, यह प्रकट करना हो अथवा पुनरुक्ति दिखलानी हो तो पडि, परि और अणु के योग मे द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

वृक्ष पर बिजली चमकती है = वच्छं पडि विज्जुअइ विज्जू।
विष्णु के ये भक्त हैं = भत्तो विसणुं पडि अणु वा।
लक्ष्मी विष्णु के हिस्से में पड़ी या पड़े = लच्छी हरिं पडि अणु वा।
प्रत्येक वृक्ष को सींचता है = वच्छं वच्छं पडि सिंचइ।
कृष्ण सब देवताओं की अपेक्षा पूज्य है = अइ देवा किसणो।

८६. प्रकृति—स्वभावादि अर्थों में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—
वह स्वभाव से मधुर है = सो पइए महुरो अत्थि।
राम गोत्रसे गर्ग है = रामो गोत्तेण गग्गो अत्थि।
यह मीठे रसवाला है = इदं रसेण महुरं अत्थि।
वह सुखपूर्वक जाता है = सो सुहेण गच्छइ।

८७ दिवधातु के योग मे विकल्प से द्वितीया विभक्ति भी होती है। यथा—

वह पाशों से खेलता है = सो अच्छेहिं अच्छा वा दीव्वइ।

८८ फलप्राप्ति या कार्य सिद्धि को बतलाने के लिए तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

बारह वर्षों मे व्याकरण पढ़ा जाता है = दुवालसवरसेहिं वाअरण सुणइ।

८९. सह, साअं, समं और सद्धं के योग में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

पुत्र के साथ पिता आया = पुत्तेण सहाअओ पिआ।
राम के साथ लक्ष्मण भी जाता है = लक्खणो रामेण साअं गच्छइ।
देवदत्त यज्ञदत्त के साथ नहाता है = देवदत्तो जग्यदत्तेण समं ण्हाइ।

९०. पिहं, विना, नाना शब्दों के साथ तृतीया, द्वितीया या पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

रामके विना रहना संभव नहीं है = रामं, रामेण, रामत्तो विना निवसणं ण सक्कइ।
जल से पृथक् कमल नहीं रह सकता = जलं, जलेण, जलत्तो वा पिहं कमलं चिट्ठिउं ण सक्कइ।

मोहन के बिना उसका रहना संभव नहीं = मोहणेण विना तस्स णिवसणं ण सक्कइ ।

९१. जिस विकृत अंग के द्वारा अंगी का विकार मालूम हो उस अंग में तृतीया विभक्ति होती है । यथा—

वह पैर का लंगड़ा है = सो पाएण खञ्जो अत्थि ।

वह कान का बहिरा है = सो कण्णेन बहिरो अत्थि ।

तुम आँख के काने हो = तुमं नेत्तेण काणो अत्थि ।

९२. जिस कारण या प्रयोजन से कोई कार्य किया जाता है या होता है, उसमें तृतीया विभक्ति होती है । यथा—

डण्डे से घड़ा उत्पन्न हुआ = दंडेण घडो जाओ ।

पुण्य के कारण हरि दिखलाई पड़े = पुण्णेण दिट्ठो हरी ।

अध्ययन के प्रयोजन से रहता है = अज्झयणेण वसइ ।

९३. जो जिस प्रकार से जाना जाय, उसके लक्षण में तृतीता विभक्ति होती है । यथा—

जटाओं से तपस्वी जान पड़ता है = जडाहि तावसो पडिभाइ ।

वह गमन में राम के सदृश है = गमणेण रामं अणुहरइ सो ।

९४. कार्य, अर्थ, प्रयोजन, गुण तथा इसी प्रकार उपयोग या प्रयोजन प्रकट करनेवाले शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति होती है । यथा—

उस पुत्र के उत्पन्न होने से क्या लाभ है, जो न विद्वान् है और न धर्मात्मा = को अत्थो पुत्तेण जो ण विउसो ण धम्मिओ ।

धनी लोगों का कार्य तिनके से भी हो जाता है = तिणेण कज्जं हवइ ईसराणं ।

९६. आर्ष प्रयोगों में सप्तमी के स्थान में तृतीया विभक्ति का प्रयोग पाया जाता है । यथा—

उस समय में = तेणं कालेणं, तेणं समएणं ।

९७. दा धातु के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है । यथा—

ब्राह्मणों को गाय देता है = विप्पाय या विप्पस्स गावं देइ ।

श्रमणों को भोजन देता है = समणाणं भोयणं देइ ।

अतः इसको भिक्षा देकर अपने को निष्पाप करता हूँ = ता करेमि एयस्स भिक्खादाणेण विगय-कलुसमप्पाणं ।

९८. रोअ–रुच् धातु तथा रुच् के समान अर्थवाली अन्य धातुओं के योग मे प्रसन्न होनेवाला सम्प्रदान कहलाता है और सम्प्रदान को चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

बालकको लड्डू अच्छे लगते हैं=बालअस्स मोअआ रोअन्ते।
मुझे तुम्हारा विचार अच्छा लगता है=मम तव वियारो रोयइ।
उसकी बात मुझे अच्छी नहीं लगती=तस्स वाया मज्झं न रोयइ।

९९. सलाह (श्लाघ), हुण, चिट्ठ (स्था) और सव-शप् धातुओं के योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

गोरी कामदेव के वश से श्रीकृष्ण के अर्थ अपनी श्लाघा करती है, स्थित होकर कृष्ण को अपना अभिप्राय बताती है तथा कृष्ण के लिए अपना उपालम्भ करती है=गोवी समरत्तो किसणाय किसणस्स वा सलाहइ, चिट्ठइ, सवइ वा।

१००. धर, उधार लेना—कर्ज लेना धातु के योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

हरि भक्त के लिए मोक्ष को धारण करते हैं=भत्ताय, भत्तस्स वा धरइ मोक्खं हरी।
श्याम ने अश्वपति से एक सौ कर्ज लिए=सामो अस्सपइणो सइं धरइ।

१०१. सिह–स्पृह धातु के योग मे जिसे चाहा जाय, वह सम्प्रदान संज्ञक होता है और सम्प्रदान को चतुर्थी विभक्ति में रखते हैं। यथा—

फूलों की चाहना करता है=पुप्फाणं सिहइ।

१०२. कुज्झ, दोह, ईस तथा असूअ धातुओं के योग मे तथा इन धातुओं के समान अर्थवाली धातुओं के योग मे जिनके ऊपर क्रोधादि किये जाते हैं, उनको चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

हरि के ऊपर क्रोध करते हैं, द्रोह करते हैं, ईर्ष्या करते हैं, घृणा करते हैं=हरिणो कुज्झइ, दोहइ, ईसइ, असूअइ वा।

१०३. निश्चितकाल के लिए वेतन इत्यादि पर किसी को रखा जाना परिक्रयण कहलाता है, उस परिक्रयण मे जो करण होता है, उसको विकल्प से चतुर्थी विभक्ति मे रखा जाता है। यथा—

सौ रुपये के वेतन पर रखा गया=सयेण सयस्स वा परिकीणइ।

१०४. जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाय, उस प्रयोजन में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

मुक्ति के लिए हरि को भजता है = मुत्तिणो हरिं भजइ।
भक्ति ज्ञान के लिए होती है = भत्ती णाणाय कप्पइ, संपज्जइ, जाअइ वा।

१०५. हित और सुख के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

ब्राह्मण के लिए हितकर या सुखकर = बम्हणस्स हिअं सुहं वा।

१०६. नमो, सत्थि, सहा, सुआहा और अलं के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

हरि को नमस्कार हो = हरिणो नमो।
प्रजा का कल्याण हो = पआणं सुत्थि।
पितरों को समर्पित है = पिअराण सुहा।
मल्ल दूसरे मल्ल के लिए पर्याप्त है = अलं मल्लो मल्लस्स।

१०७. जब कोई वस्तु किसी से अलग होती है, तो उसे पञ्चमी विभक्ति में रक्खा जाता है। यथा—

दौड़ते हुए घोड़े से गिरता है = धवन्तो अस्सात्तो पडइ।

१०८. दुगुञ्छ, विराम और पमाय तथा इनके समानार्थक शब्दों के साथ पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

पाप से घृणा करता है या दूर होता है = पावत्तो दुगुञ्छइ, विरमइ वा।

१०९. जिसके कारण डर मालूम हो अथवा जिसके डर के कारण रक्षा करनी हो, उस कारण को पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

राम कलह से डरता है = रामो कलहत्तो बीहइ।
वहाँ साँप का भय है = तत्थ सप्पओ भयं अत्थि।
वह चोर से डरता है = सो चोरओ बीहइ।

११०. 'भी' धातु के योग में पञ्चमी के अर्थ में चतुर्थी विभक्ति भी पायी जाती है। यथा—

दुष्टों से कौन नहीं डरता है = दुट्ठाणं को न बीहइ।

१११. पञ्चमी के अर्थ में षष्ठी विभक्ति भी देखी जाती है। यथा—

चोर से डरता है = चोरस्स बीहइ।

११२. परापूर्वक जि धातु के योग में जो असक्त होता है, उसकी अपादान संज्ञा होती है और पञ्चमी विभक्ति हो जाती है। यथा—

अध्ययन से हारता है = अज्झयणत्तो पराजयइ।

११३ जन धातु के कर्त्ता का आदि कारण अपादान होता है। यथा—

काम से क्रोध उत्पन्न होता है = कामत्तो कोहो अहिजाअइ।
क्रोध से मोह उत्पन्न होता है = कोहत्तो मोहो अहिजाअइ।
हिमालय से गंगा निकलती है = हिमवत्तो गंगा पवहइ।

११४. स्वस्वामिभावादि सम्बन्ध मे षष्ठी विभक्ति होती है। यथा—

कौए के अंगों की प्रशंसा करता है = काअस्स अंगाणि पसंसेइ।
उसे बुलाने के लिए माधवी नाम की दासी को भेजा = तस्स वाहरणत्थं माहवी अहिहाणा चेडी पेसिया।
माता को याद करता है = माआए सुमरइ।

११५. हेतु शब्द के योग में भी जो शब्द कारण या प्रयोजन रहता है, वह और हउ (हेतु) शब्द दोनों ही षष्ठी मे रखे जाते हैं। यथा—

अन्न-प्राप्ति के प्रयोजन से रहता है = अन्नस्स हेउस्स वसइ।

११६. अधिकरण तथा दूर एवं अन्तिक अर्थवाले शब्दों में सप्तमी विभक्ति होती है। यथा—

चटाई पर कौआ है = कडे आसइ कागो
गाँव से दूर अथवा निकट मे = गामस्य दूरे अन्तिए वा।

११७. सामी, ईसा, अहिवइ, दायाद, साक्खी, पडिहू और पसूअ इन सात शब्दों के योग मे षष्ठी और सप्तमो दोनों विभक्तियाँ होती है। यथा—

गायों का स्वामी = गवाणं गोसु वा सामी।
गायों से उत्पन्न = गवाणं गवासु वा पसूओ।
व्यवहार मे जामिन = ववहारस्स ववहारे वा पडिभू।

११८. यदि वस्तु का अपने समुदाय की अन्य वस्तुओं मे से किसी विशेषण द्वारा वैशिष्ट्य निर्देश किया जाय तो समुदायवाचक शब्द सप्तमी अथवा षष्ठी विभक्ति मे रखा जाता है। यथा—

कवियों मे हरिचन्द्र सबसे बड़े कवि हैं = कइसु कईणं वा हरिचन्दो सेट्ठो।
गायों मे काली गाय अधिक दूध देनेवाली है = गवाणं गवासु वा कसिणा बहुक्खीरा।
विद्यार्थियों मे गोविन्द तेज है = छत्ताणं छत्तेसु वा गोइन्दो पट्टू।

११९. समय अर्थ बतलाने के लिए सप्तमी विभक्ति होती है। यथा—

इसी बीच में वह तपोवन में पहुँचा = एअंतरम्मि पत्तो एसो तवोवणं।

दिन [illegible] वस्तु के लिए आग्रह नहीं करना चाहिए = अस्नाय [illegible] वत्थुम्मि न किज्जइ पडिबन्धो।

समास (Compound)

१२०. समास करने पर पदों की विभक्तियों का लोप हो जाता है और अन्त में एक पद रहता है, उसी में वचन के अनुसार विभक्तियाँ आती हैं। समस्यमान पदों का प्रयोग करने से रचना में सौन्दर्य आ जाता है। यथा—

राजा का पुत्र जाता है = रायपुत्तो गच्छइ।
भोजन के पश्चात् वे सब पढ़ते हैं = अणुभोयणं ते पढन्ति।
घर घर में दीपावली मनायी जा रही है = पइघरं दीवावली संपज्जइ।
छत्र सहित राजा सिंहासन पर बैठता है = छत्तं रायो सीहासने उवविसइ।
बादल के समान काले वर्ण की वस्तु दिखलाई पड़ती है = घणसामं वत्थुं पासामि ह।
पुण्य और पाप बन्धन के कारण हैं = पुण्णपावाइं बंधस्स कारणानि संति।
उत्कृष्ट पुण्यशाली व्यक्ति कहाँ जाता है = पपुण्णो जणो कत्थ गच्छइ।
पुत्र सहित वह यहाँ आया है = सपुत्तो एत्थ सो आयओ अत्थि।
रास्ते का अतिक्रमण कर रथ गिरता है = अइमग्गो रहो पडइ।

समास के मूल चार भेद हैं—अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि और द्वन्द्व।

१२१. जिसमे पूर्वपद के अर्थ की प्रधानता होती है, वही अव्ययीभाव होता है। यथा—

हरिम्मि इइ = अइहरि
सिद्धिगिरिणो समीवं = उवसिद्धगिरि
मद्दाणं समिद्धि = सुभद्दं
हिमस्स अच्चओ = अइहिमं
दिणं दिणं पइ = पइदिण
सत्ति अणइक्कमिऊण = जहासत्ति
गुरुणो समीवं = उवगुरु
भोयणस्स पच्छा = अणुभोयणं
मच्छिआणं अहाओ = णिम्मच्छिअं
नयरं नयरंति = पइनयरं
घरे घरे पइ = पइघरं
चक्केण जुगवं = सचक्कं

१२२. जिसमे उत्तरपद के अर्थ की प्रधानता होती है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। यथा—

राइणो पुरिसो = रायपुरिसो
उत्तरं गामस्स = उत्तरगामो
किसणं सिओ = किसणसिओ
जिणेण सरिसो = जिणसरिसो
आयारेण निउणो = आयारनिउणो
कलसाय सुवण्णं = कलससुवण्णं
भूयाणं बली = भूयबली
बहुजणस्स हिओ = बहुजणहिओ
दंसणाय भट्ठो = दंसणभट्ठो
थेणाओ भीओ = थेणभीओ
विज्जाए ठाणं = विज्जाठाणं
कलासु कुसलो = कलाकुसलो
इंदियं अतीतो = इंदियातीतो
सुहं पत्तो = सुहपत्तो
दिवं गओ = दिवगओ
दयाए जुत्तो = दयाजुत्तो
गुडेनमिस्सं = गुडमिस्सं
लोयाय हिओ = लोयहिओ
बंभणाय हिअं = बंभयहिअं
संसाराओ भीओ = संसारभीओ
वाघ ओभयं = वाघीभयं
देवस्स मंदिरं = देवमन्दिरं
देवस्स पुज्जओ = देवपुज्जओ
जिणेसु उत्तमो = जिणोत्तमो
नरेसु सेट्ठो = नरसेट्ठो

न लोगो = अलोगो
न देवो = अदेवो
पगतो आयरियो = पायरिओ
कुंभं करइ त्ति = कुंभआरो
रत्तो अ एसो घडो = रत्तघडो
महंतो सो वीरो = महावीरो
वीरो अ एसो जिणिन्दो=वीरजिणेन्दो
सीअं च तं उण्हं य = सीउण्हं
घणो इव सामो = घणसामो
संजमो एव धणं = संजमधणं
नवण्हं तत्ताणं समाहारो = नवतत्तं
नाणम्मि उज्जओ = नाणोज्जओ
न इट्ठं = अणिट्ठं
न सच्चं = असच्चं
उग्गओ वेलं = उव्वेलो
अइक्कंतो पल्लंकं = अइपल्लंको
सुंदरा य एसा पडिमा=सुन्दरपडिमा
कण्हो य सो पक्खो = कण्हपक्खो
कुमारी अ सा गब्भिणी = कुमार-गब्भिणी
चंदो इव मुहं = चन्दमुहं
मुहं चंदोव्व = मुहचंदो
चउण्हं कसायाण समूहो=चउक्कसायं
तिण्हं लोगाणं समूहो = तिलोयं

१२३. जब समास मे आये हुए दो या अधिक पद किसी अन्य शब्दो के विशेषण हों तो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। यथा—

पीअं अंबरं जस्स सो = पीआंबरो
आरूढो वाणरो जं रुक्खं सो=अरूढ-वाणरो रुक्खो
नट्ठो मोहो जाओ सो = नट्ठमोहो
महंता बाहुणो जस्स सो = महाबाहू

चंदो इव मुहं जाए = चंदमुहीकन्ना
नत्थि पुत्तो जस्स सो = अपुत्तो
नत्थि उज्जमो जस्स सो = अणुज्जमो पुरिसो
विगयं रूवं जत्तो सो = विरूवा जण

मिगनयणाइं इव नयणाणि जाए सा = मिगनयणा

[illegible] = [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] जस्स सो = [illegible]

[illegible]

[illegible] जस्स सो = [illegible]

[illegible] = [illegible]

भट्टो आगओ जाओ सो = भट्टागओ

आसा अंबरं जेसिं ते = आसंबरा

नीलो कंठो जस्स सो = नीलकंठो मोरो

धुअं [illegible] किलेसो जस्स सो = धुअकम्मकिलेसो जिणो

नत्थि नाहो जस्स सो = अणाहो

निग्गआ दया जस्स सो = निद्दओ जणो

निग्गओ रसो जत्तो तं = निरस भोयणं

गजाणण इव आणणो जस्स सो = अजाणणो

सीसेण सह = ससीसो आयरिओ

भज्जाए सह = सभज्जो नरो

मूलेण सह = समूलं

कलत्तेण सह = सकलत्तो नरो

निग्गया लज्जा जस्स सो = निल्लज्जो

अइक्कंतो मग्गो जेण सो = अइमग्गो रहो

परिअअ जलं जाए सा = परिजला परिहा

१२४. दो या दो से अधिक संज्ञाएँ एक साथ रखी गई हों और उन्हें य शब्द के द्वारा जोड़ा गया हो तो वह द्वन्द्व समास कहलाता है। यथा—

पुण्णं य पावं य = पुण्णपावाइं

अजिओ य संतीअ = अजियसंतिणो

उसहो य वीरो य = उसहवीरा

देवा य दाणवा य गंधव्वा य = देवदाणवगंधव्वा

वाणरो य मोरो य हंसो य = वानरमोरहंसा

देवा य देवीओ य = देवदेवीओ

सुहं य दुक्खं य = सुहदुक्खाइं

जिणो अ जिणो अ जिणो अ त्ति = जिणा

माआ य पिआ य = पिअरा

असणं य पाणं य एएसिं समाहारो = असणपाणं

तवो य संजमो य एएसिं समाहारो = तवसंजमं

नाणं य दंसणं य चरित्तं य एएसिं समाहारो = नाणदंसणचरित्तं

नेत्तं अ नेत्तं य त्ति = नेत्ताइं

सासू य ससुरो अ त्ति = ससुरा

तद्धित (Nominal Affixes)

१२५ भाववाचक अव्ययसंज्ञा एवं सामान्यवृत्ति को अभिव्यक्त करने के लिए तद्धित का व्यवहार किया जाता है। यथा—

शिव का लड़का पढ़ता है = सेवो पढइ।

वसुदेव का पुत्र पटना में रहता है=वासुदेवो पाडलिपुत्तम्मि णिवसइ।
नट का लड़का घर जाता है = नाडायणो घरं गच्छइ।
यह ग्रामीण चतुर है = गामिल्लो चउरो अत्थि।
यह वृक्ष के नीचे पैदा हुआ व्यक्ति है=एसो तरुल्लो जणो अत्थि।
जटाधारी व्यक्ति कहाँ जाता है = जडालो जणो कत्थ गच्छइ ?
चाँदनी रात अच्छी लगती है = जोण्हाली रत्ती रुचइ।
घमंडी उन्नति नहीं कर सकता है = गव्विरो उण्णत्ति ण लहइ।
धनवान् की प्रतिष्ठा सर्वत्र होती है=धणमन्तस्स सव्वत्थ पइट्ठा होइ।
मुझे कडुआ तेल अच्छा लगता है=मज्झ कडुएल्लं रोयइ।
नया आदमी कैसा काम करता है=नवल्लो जणो केरिसं कज्जं करेइ ?
वह अकेला क्या करेगा=सो एकल्लो किं करिस्सइ ?
यह अपना आदमी है = अयं अप्पणयं अत्थि।
यह दूसरे की पुस्तक है=इदं परक्कं पोत्थयं अत्थि।
यह मेरी घड़ी है=इमा मईया घडिआ अत्थि।
वह सर्वथा ऐसा करता है=सो सव्वहा एरिसं करेइ।
जितना उसने दिया है = जेत्तिलं तेण दत्तो अत्थि।
इतना अधिक संचय ठीक नहीं है = एत्तिअं अहियं संचयं वरं णत्थि।
कितने रुपयों की आवश्यकता है=केत्तिअ रूवगाणं आवस्सकया अत्थि ?
एक समय इस नगर मे श्रेणिक रहता था=एक्कसिअं असिंस णयरे सेणियो णिवसीअ।
जितना तुम्हें चाहिए, उतना मिल जायगा=जित्तिअं तुए आवस्सया-तित्तियं मिलस्सइ।
मथुरा के समान पटना मे भवन हैं=महुरव्व पाडलिपुत्ते पासाया सन्ति।
तुम्हारी स्थूलता बढ़ रही है = तुम्हाणं पीणिमा वड्ढइ।
सौवार मैंने उससे कहा है = सयहुत्तं मए तं भणियं।
ईर्ष्यालु व्यक्ति दुःख पाता है = ईसालू जणो कट्ठ अणुहवइ।
वह विचारवान् व्यक्ति है = सो वियारुल्लो जणो अत्थि।

केर

अम्ह + केर = अम्हकेरं—हमारा।
तुम्ह + केर = तुम्हकेरं, तुम्हकेरो—तुम्हारा।

पर + केर = परकेरं—दूसरे का।
राय + केर = रायकेरं—राजा का।

एच्चय

तुम्ह + एच्चय = तुम्हेच्चयं—तुम्हारा।
अम्ह + एच्चय = अम्हेच्चयं—हमारा।

अ—अपत्यार्थक

सिव + अ = सेवो—शिव का लड़का।
दसरह + अ = दासरहो—दशरथ का पुत्र।
वसुदेव + अ = वासुदेवो—वसुदेव का पुत्र।

आयण—अपत्यार्थक

नड + आयण = नाडायणो = नड का पुत्र।
नर + आयण = नारायण = नर का पुत्र

इल्ल और उल्ल—भावार्थक—

गाम + इल्ल = गामिल्लं—ग्राम में उत्पन्न हुआ, पामीण।
पुर + इल्ल = पुरिल्लं = नगर मे उत्पन्न हुआ—नागरिक।
हेट्ठ + इल्ल = हेट्ठिल्लं—नीचे उत्पन्न हुआ।
उवरि + इल्ल = उवरिल्लं—ऊपर मे उत्पन्न हुआ।
अप्प + उल्ल = अप्पुल्लं—आत्मा मे उत्पन्न हुआ।
तरु + उल्ल = तरुल्लं—वृक्ष के नीचे उत्पन्न हुआ।
नयर + उल्ल = नयरुल्लं—नगर मे उत्पन्न हुआ।

इमा—भाववाचक

पीण + इमा = पीणिमा—स्थूलता।
पुप्फ + इमा = पुप्फिया—पुष्प का भाव।

त्तण—भाववाचक

मणुअ + त्तण = मणुअत्तणं—मनुष्यता।
पीण + त्तण = पीणत्तणं—स्थूलता।

हुत्तं—बार अर्थ सूचक

एय + हुत्तं = एयहुत्त—एक बार।
दु + हुत्तं = दुहुत्तं—दो बार।

ति + हुत्तं = तिहुत्तं—तीन बार ।
सय + हुत्तं = सयहुत्तं—सौ बार ।
सहस्स + हुत्तं = सहस्सहुत्तं—हजार बार ।

आल—वाला अर्थसूचक

रस + आल = रसालो—रसवाला ।
जडा + आल = जडालो—जटावाला ।
जोण्हा + आल = जोण्हालो—चाँदनी वाला ।
सद्द + आल = सद्दालो—शब्दवाला ।

आलु—वाला अर्थसूचक

ईसा + आलु = ईसालू—ईर्ष्यावाला ।
दया + आलु = दयालू—दया करने वाला ।
नेह + आलु = नेहालू—स्नेह करनेवाला ।
लज्जा + आलु = लज्जालू—लज्जावाला ।

वाला अर्थसूचक इल्ल और उल्ल प्रत्यय

सोह + इल्ल = सोहिल्लो—शोभावाला ।
छाया + इल्ल = छाइल्लो—छायावाला ।
घाम + इल्ल = घामिल्लो—घामवाला ।
वियार + उल्ल = वियारुल्लो—विचारवाला ।
मंस + उल्ल = मंसुल्लो—दाढ़ीवाला ।
दप्प + उल्ल = दप्पुल्लो—दर्पवाला ।

वाला अर्थसूचक मण, मंत और वंत प्रत्यय

धण + मण = धणमाणो—धनवाला ।
सोहा + मण = सोहामणो—शोभावाला ।
वीहा + मण = वीहामणो—भयवाला ।
हनु + मंत = हणुमंतो—हनुवाला ।
सिरि + मंत = सिरीमंतो—श्रीवाला—धनवाला ।
पुण्ण + मंत = पुण्णमंतो—पुण्यवाला ।
धण + वंत = धणवंतो—धनवाला ।
भत्ति + वंत = भत्तिवंतो—भक्तिवाला ।

पंचमी के अर्थबोधक त्तो और दो प्रत्यय

सव्व + ओ = सव्वओ, सव्वदो, सव्वत्तो—सब प्रकार से।
एक + ओ = एकओ, एकदो, एकत्तो = एक ओर से।
अन्न + ओ = अन्नओ, अन्नदो, अन्नत्तो—अन्य ओर से।
क + ओ = कओ, कदो, कत्तो—कहाँ से, किस ओर से।
ज + ओ = जओ, जदो, जत्तो—जहाँ से, जिस ओर से।
इ + ओ = इओ, इदो, इत्तो—यहाँ से, इस ओर से।
त + ओ = तओ, तदो, तत्तो—वहाँ से, उस ओर।

सप्तमी के अर्थबोधक हि, ह और त्थ प्रत्यय

ज + हि = जहि, जह, जत्थ—जहाँ पर।
त + हि = तहि, तह, तत्थ—वहाँ पर।
क + हि = कहि, कह, कत्थ—कहाँ पर।
अन्न + हि = अन्नहि, अन्नह, अन्नत्थ—अन्य स्थान पर।

परिमाणार्थक इत्तिअ प्रत्यय

ज + इत्तिअ = जित्तिअ—जितना; जेत्तिअं।
त + इत्तिअ = तित्तिअं—तितना; तेत्तिअं।
एतद् + इ = इत्तिअ = इत्तिअ—इतना; एत्तिअं।
के + इत्तिअ = कित्तिअ—कितना; केत्तिअं

कालबोधक सि, सिअं और इआ प्रत्यय

एक्क + सि = एक्कसि—एक समय में।
एक्क + सिअं = एक्कसिअं— ,, ,,
एक्क + इआ = एक्कइआ— ,, ,,

स्वार्थिक ल, ल्लो, अ, इल्ल, उल्ल प्रत्यय

विज्जु + ल = विज्जुला।
पत्त + ल = पत्तल।
पीअ + ल = पीअलं।
अन्ध + ल = अंधलो।
नव + ल्लो = नवल्लो।
एक + ल्लो = एकल्लो।

चन्द + अ = चंदओ ।
वहुअ + अ = वहुअअं ।
पिअ + वल्ल = पिउल्लो ।
पल्लव + इल्ल = पल्लविल्लो
पुरा + इल्ल = पुरिल्लो ।

शब्दकोष (अव्यय)

अतिशय = अइ
अतीव = अईव
आगे = अग्गओ
आपस में = अण्णमण्णं
पश्चात = अणतरं
भीतर = अंतो
अन्यथा = अण्णहा
दूसरे दिन = अपरज्जु
जिस प्रकार = अहा
इस समय सम्प्रति = संपइ
किल = दूर
अन्यथा = इहरा
थोड़ा = ईसि
ऊपर = उवरि
एक प्रकार = एगज्झं
यहाँ = एत्थ
कहाँ से = कओ
कल = कल्ल
कहाँ = कहिं, कहि
निरन्तर = अभिक्खं
अवश्य = अवस्सं
अनेक बार = असइं
अथवा = अहवा, अहव
नीचे = अहे
बलात्कार = आहच्च
इस समय = इयाणि, दाणि, दाणि
यहीं = इइ
ऊँचे = उच्चअ
ऊपर = उप्पि, उवरि
इतना = एयावया
इस तरह = एवमेव
कैसे = कहं, कह
समय से = कालओ
कब = काहे
जो = जइ
जहाँ = जत्थ
जिस प्रकार से = जहेव
जब तक = जाव
जैसे-तैसे = जहतहा, जह जहा
परन्तु, केवल = णवर
तब = तए
वहाँ = तत्थ
उस तरह = तहा, तह
वहाँ = तहि
थोड़ा = दर
निश्चय = धुवं
उलटा = पच्चुअ
पीछे = पच्छा
और भी = चिअ, चेअ
क्योंकि = जओ
जो = जं
झटिति, जल्दी = झत्ति

उदाहरण, जैसे - जं जहा
इसको आदि कर = एवमाइं
[illegible] = [illegible]
[illegible] = [illegible]
समान = [illegible]
विमुख = परम्मुह
प्रातः = पाओ, पाओ
आगे, सम्मुख = पुरओ
अन्यथा = [illegible]
पीछे = मग्गओ
मूढ = मुद्ध
सोता हुआ [illegible] = [illegible]
एक बार = सइ
शीघ्र = सज्जो
सदा = सया
कथंचित = मिव
परसों = परसवं
परलोक में = पेच्च
थोड़ा = मणयं
बार-बार = मुहु
व्यर्थ = मोद्वल्ला
व्याघ्र = वीसुं
नहीं तो = णो चेअ
अपूर्व = ओसिअं
छोटा = खुड्डुअं
खेल = खेड्डं
गायिका = गत्तडी
लतागृह = कुडङ्गो
गोष्ठी = गोट्ठी, घडिओ
गायन = घाअणो
चौक = चउक्कं
चोर = छेणो

वीर = ओरस्सो
परिधान = णिअच्छणं
शय्या = तल्लं, तल्ल
कलहकारिणी = दुम्मइणी
खिड़की = पासाया
दूती = पेसणआली, मद्दोली
बैल = बइल्लो
मनस्वी – माणसी
विवाह = वारिज्जो
कुटुम्बी = वावडी
स्तन = सिहिण
इस समय, अब = अहुणा
बाहर = बहिं, बाहिर
न पुनः = नउणा
निमित्त = कए, कएण
तथापि = तहवि
कोई–केनचित = केणइ
यथाशक्ति = जहासत्ति
महावर = वहलविअ
बरामदा = वरण्डो
वनराजि = वणइ
विलासी = वेल्लहलो
केश = वेल्लरीओ
गली = वीली, संकरो
लज्जा = हीरणा
उसके बाद = तओ
अन्यत्र = अन्नहि
प्रायः = पाओ, पाएणं, पायसो
धीरे-धीरे = सणियं
पूर्ण, पर्याप्त = अलं
शीघ्र = खिप्पं
उसके समान = तारिस

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं कुणन्तु

एक किसान के तीन लड़के थे। वे रोज आपस मे लड़ते-झगड़ते रहते थे। बेचारा किसान तरह-तरह से उन्हे समझा बुझाकर हार गया; किन्तु उन्होंने नहीं समझा। तब उस किसान ने एक लकड़ी का गट्ठर मँगवाया और लड़कों के सामने ला रखा। उसने प्रत्येक लड़के से कहा, इस गट्ठर को तोड़ डालो। बारी-बारी से तीनों लड़कों ने कोशिश की, पर व्यर्थ हुई। तब बूढ़े किसान ने कहा—'अच्छा, अब एक-एक लकड़ी को अलग-अलग कर तोड़ डालो'। यह सुनते ही लड़कों ने लकड़ियों के टुकड़े-टुकड़े कर डाले। किसान ने कहा, देखो! यदि तुम लोग मिलजुल कर रहोगे तो गट्ठर की भाँति सबल बने रहोगे, पर यदि आपस मे बटे रहोगे, तो कष्ट होते देर न लगेगी।

ईश्वरचन्द्र बड़े ही दयालु प्रकृति के थे। कोई भी भिक्षुक उनके द्वार से निराश होकर नहीं लौटता था। एक दिन उन्होंने देखा, एक फटे-पुराने कपड़े पहने हुई बुढ़िया सड़क के किनारे बैठी है। भूख-प्यास के मारे उसका कंठ सूख गया है और उसमे बोलने की शक्ति भी नहीं रह गयी है। यह देखकर विद्यासागर का हृदय दया से पिघल गया और उन्होंने मिठाई खरीदकर बुढ़िया को भरपेट खिला दी। एक बार विद्यासागर रेल मे सफर कर रहे थे। एक स्टेशन पर उन्होंने देखा कि एक वृद्ध गाड़ी पर चढ़ना चाहता है, किन्तु बार-बार प्रयत्न करने पर भी उससे अपना सामान गाड़ी पर नहीं चढ़ाया जाता। इतने में घंटी बज गयी।

उदाहरण, जैसे = तं जहा
इसको आदिकर = तप्पभिइं
रात दिन = दिआरत्तं
दो प्रकार = दुहओ
समान = पडिरूवं
विमुख = परंमुहं
प्रायः = पागो, पाओ
आगे, सम्मुख = पुरत्था
अलग = पुहं, पिहं
पीछे = मग्गतो
झूठ = मुसा
बीता हुआ कल = ग्हो
एक बार = सइ
शीघ्र = सज्जो
सदा = सया
कथञ्चित् = सिय
परसों = परसवे
परलोक मे = पेच्च
थोड़ा = मणयं
बार-बार = मुहु
व्यर्थ = मोदवल्ला
व्याप्त = वीसुं
नहीं तो = णो चेअ
अपूर्व = ओसिअं
छोटा = खुड्डुओ
खेल = खेड्डं
गायिका = गत्तडी
लतागृह = कुडङ्गो
गोष्ठी = गोट्ठी, घडिओ
गायन = घाअणो
चौक = चउक्कं
चोर = छेणो
दीप = जोइक्खो
परिधान = णिअद्धणं
शय्या = तल्लं, तल
कलहकारिणी = दुम्मइणी
खिड़की = पासावा
दूती = पेसणआली, मदोली
बैल = वइल्लो
मनस्वी = माणंसी
विवाह = वारिज्जो
कुटुम्बी = वावडी
स्तन = सिहिणं
इस समय, अब = अहुणा
बाहर = बहिं, बाहिर
न पुनः = नउणा
निमित्त = कए, कएण
तथापि = तहवि
कोई–केनचित् = केणइ
यथाशक्ति = जहासत्ति
महावर = वल्लविअ
बरामदा = वरण्डो
वनराजि = वणइ
विलासी = वेल्लहल्लो
केश = वेल्लरीओ
गली = वीली, संकरो
लज्जा = हीरणा
उसके बाद = तओ
अन्यत्र = अन्नहि
प्रायः = पाओ, पाएणं, पायसो
धीरे-धीरे = सणियं
पूर्ण, पर्याप्त = अलं
शीघ्र = खिप्पं
उसके समान = तारिस

Translate into Prakrit पाइयभासाए अणुवायं कुणन्तु

एक किसान के तीन लड़के थे। वे रोज आपस मे लड़ते-झगड़ते रहते थे। बेचारा किसान तरह-तरह से उन्हे समझा बुझाकर हार गया; किन्तु उन्होंने नहीं समझा। तब उस किसान ने एक लकड़ी का गट्ठर मँगवाया और लड़कों के सामने ला रखा। उसने प्रत्येक लड़के से कहा, इस गट्ठर को तोड़ डालो। बारी-बारी से तीनों लड़कों ने कोशिश की, पर व्यर्थ हुई। तब बूढ़े किसान ने कहा—'अच्छा, अब एक-एक लकड़ी को अलग-अलग कर तोड़ डालो'। यह सुनते ही लड़कों ने लकड़ियों के टुकड़े-टुकड़े कर डाले। किसान ने कहा, देखो! यदि तुम लोग मिलजुल कर रहोगे तो गट्ठर की भाँति सबल बने रहोगे, पर यदि आपस मे बंटे रहोगे, तो कष्ट होते देर न लगेगी।

ईश्वरचन्द्र बड़े ही दयालु प्रकृति के थे। कोई भी भिक्षुक उनके द्वार से निराश होकर नहीं लौटता था। एक दिन उन्होने देखा, एक फटे-पुराने कपड़े पहने हुई बुढिया सड़क के किनारे बैठी है। भूख-प्यास के मारे उसका कंठ सूख गया है और उसमे बोलने की शक्ति भी नहीं रह गयी है। यह देखकर विद्यासागर का हृदय दया से पिघल गया और उन्होंने मिठाई खरीदकर बुढ़िया को भरपेट खिला दी। एक बार विद्यासागर रेल मे सफर कर रहे थे। एक स्टेशन पर उन्होंने देखा कि एक वृद्ध गाड़ी पर चढ़ना चाहता है, किन्तु बार-बार प्रयत्न करने पर भी उससे अपना सामान गाड़ी पर नहीं चढ़ाया जाता। इतने मे घंटी बज गयी।

Translate into Prakrit

Exercise 1

पटना नगर में एक राजा रहता था। उसकी पत्नी का नाम मायादेवी था। उनकी तीन सन्तानें थी। सबसे बड़ा लड़का कॉलेज में पढ़ता था। दूसरा लड़का नवीं श्रेणी का छात्र था। कन्या कुसुमलता मोहनी देवी स्कूल में पढ़ती थी। जब परीक्षा हुई तो सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

Or

There lived a king in Patna City. The name of his wife was Mayadevi. He had three children. The elder son was reading in the college. The second son was the student of class IX. The daughter Kusumlata read in Mohinidevi School. When the examination was held they all passed in first division.

Exercise 2

आरा छोटा-सा नगर है। यहाँ चार कॉलेज और नौ हाई स्कूल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इसका महत्त्वपूर्ण स्थान है। स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए यहाँ के छात्र गया जाते हैं। गया भी हिन्दुओं के लिए प्रमुख तीर्थस्थान है। पितृपक्ष में यहाँ मेला लगता है। दूर-दूर के यात्री यहाँ पिण्डदान के लिए आते हैं। फल्गू नदी का तट प्रातःकाल में सुन्दर मालूम पड़ता है।

Or

Arrah is a small town. There are four colleges and nine high schools. In the field of education it has got an important place. Students of this place go to Gaya for Post-Graduate studies. Gaya is also an ancient place of pilgrimage. Here a fair is held in *Pitripaksha.* Pilgrims from the different places come for *Pind-dan* (पिण्डदान). The bank of Falgu river looks very nice in dawn.

Exercise 3

राजगिर एक ऐतिहासिक नगर है। यहाँ प्राचीन समय में बिम्बिसार राज्य करता था। इस राजा का दूसरा नाम श्रेणिक भी है। श्रेणिक बहुत ही प्रतापी और प्रभावशाली राजा था। इसके पुत्र का नाम अजातशत्रु था। अजातशत्रु अपने पिता से नाराज हो गया।

यही कारण था कि उसने अपने पिता को कारागार में बन्द कर दिया था। राजगिर में गर्म पानी के झरने भी हैं।

Or

Rajgir is a historical town. In ancient time Bimbisar ruled here. His another name is Shrenika also. Shrenika was a mighty and impressive king. The name of his son was Ajatashatru Ajatashatru became displeased with his father. This was the reason why he had imprisoned his father. There are also so many geysers in Rajgir.

Exercise 4

नालन्दा के विश्वविद्यालय को हम सभी जानते हैं। यहाँ दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बिना कोई भी विद्यार्थी प्रवेश नहीं पाता था। प्रधान आचार्य को पीठाध्यक्ष भी कहा जाता था। आज भी नालन्दा में पालिशोध-संस्थान है। इस संस्थान के निर्देशक भी बहुत बड़े विद्वान् हैं। विदेश के विद्यार्थी भी यहाँ आकर पालि-त्रिपिटक का अध्ययन करते हैं।

Or

The University of Nalanda is well-known to us. About ten thousand students read here. No student was admitted without passing the examination. The Principal was called Vice-Chancellor. Even at present, there is a Pali-Research Institute. The director of this Institute is also a great scholar. The students of foreign-countries also come here to study the Pali-Tripitakas.

Exercise 5

वैशाली गणतन्त्र का सर्वप्रथम नगर है। लिच्छवि राजाओं ने यहाँ पर प्रजातन्त्र की नींव डाली थी। यहीं पर भगवान् महावीर का जन्म हुआ था। आज भी चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन मेला लगता है। इस मेले के अवसर पर लगभग एक लाख मनुष्य एकत्र होते हैं। हाल ही में बिहार सरकार ने यहाँ प्राकृत-शोध-प्रतिष्ठान की स्थापना की है।

Or

Vaishali is the first and foremost town of the republic

Lichhivi Kings had established here the democratic Government. Lord Mahabir was born here. Now-a-days a fair is also held in Chaitra Sukla Trayodasi. On the occasion of this fair about one lac people gather here. Recently the Bihar Government has established here a Prakrit Research Institute.

Exercise 6

अभी हाल में गया में मगध विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। इसके उपकुलपति डा० कालिकिकर दत्त हैं। ये इतिहास के बहुत बड़े विद्वान् हैं। इनके निर्देशन में विश्वविद्यालय में संस्कृत के अध्ययन की पूर्ण व्यवस्था है। वस्तुतः वर्तमान उपकुलपति प्राचीन पीठाध्यक्ष मालूम पड़ते हैं।

Or

Recently the University of Magadh has been founded at Gaya. The Vice-Chancellor of Magadh University is Dr. Kali Kinkar Dutta. He is a great historian. In his direction the teaching of Sanskrit literature is fully organised in this University. Of course, the present Vice-Chancellor seems to be an ancient Pithadhyaksha.

Exercise 7

एक मधुमक्खी पानी में गिर पड़ी। एक बत्तख पेड़ पर बैठा था और उसने मधुमक्खी को देखा। उसने एक पत्ता गिरा दिया। मधुमक्खी तैर कर उस पर आई और उसने अपने को बचाया। अन्य किसी समय पुनः बत्तख पेड़ पर बैठा था। एक खिलाड़ी ने बत्तख को देखा और उसे बाण का लक्ष्य बनाना चाहा। लेकिन छोटी मधुमक्खी ने उसे काट लिया और बत्तख के जीवन को बचाया।

Or

A bee had fallen into the water. A dove was sitting on a tree and saw the little bee. It threw down a leaf The bee swam on it and saved itself. Another time the dove was again sitting on the tree. A sportsman saw the dove and aimed his arrow at him. But the little bee stung the sportsman and saved the dove's life.

Exercise 8

एक बढ़ई किसी नदी के किनारे खड़ा होकर रो रहा था; क्योंकि

उसकी कुल्लाड़ी अचानक पानी में गिर गई थी। जलदेवी ने उस पर दया दिखाई और जल से एक सोने की कुल्हाड़ी लाकर उससे पूछा—'क्या यही तुम्हारी कुल्हाड़ी है ?' उसने सत्य बोलते हुए कहा—'नहीं यह हमारी नहीं है। तदुपरान्त देवी ने एक चाँदी की कुल्हाड़ी दिखाई, लेकिन उसने उसे भी अस्वीकार कर दिया। अन्त में देवी. ने उसे अन्य कुल्हाड़ियों के साथ उसकी अपनी कुल्हाड़ी भी दी। उसे लेकर वह मनुष्य प्रसन्नतापूर्वक चला गया।

Or

A woodcutter stood weaping on the bank of a river, because his axe had fallen into the water by chance. The goddess of the river took pity on him and bringing out of the water a golden axe, asked him it was his. He spoke the truth that it was not his. The goddess then showed a silver axe and again the man would not accept it. At last she gave him his own axe and also the other two. The man received them and departed happily.

Exercsie 9

रानी ने सुग्गे से पूछा—यह सर्पों को विषरहित, देवताओं को शक्तिहीन तथा सिंहों को गतिहीन बनाता है और तो भी बच्चे इसे अपने हाथों में रखते हैं। यह क्या है ? सुग्गे ने तुरत उत्तर दिया—'एक चित्रकार की तूलिका।' इस प्रकार रानी ने समझ लिया कि यह चालाक सुग्गा मेरे पति विक्रम को छोड़कर कोई दूसरा नहीं है। एक दिन विक्रम की आत्मा सुग्गे के शरीर को छोड़कर छिपकली के शरीर में प्रवेश कर गई। रानी जब सुग्गे के मृतक शरीर को देखती है तब वह विलाप करती हुई उसी के साथ जल जाना चाहती है। रानी को बचाने के लिए वह राजा पुनः सुग्गे के शरीर में प्रवेश कर जाता है। उसी समय विक्रम की आत्मा अपने शरीर में प्रवेश करती है और रानी के सम्मुख विक्रम प्रकट हो जाता है।

Or

The queen asks the parrot, "It makes snakes poisonless, the Gods powerless, lions motionless and yet children hold it in their hands What is it ?" The parrot answers at once, "A painter's brush." In this way the queen comes to know that the wise parrot is none other than real king Vikrama, her

husband. One day Vikrama's soul leaves the body of the parrot and enters into the body of a lizard. When the queen sees the dead body of the bird, she begins to lament and wishes to burn herself with it. In order to save the queen the false king enters into the body of the parrot. That very moment the soul of Vikrama enters his own body and appears before the queen.

Exercise 10

प्राचीन समय में भारत के उत्तरी भाग में महाराज शुद्धोदन अपनी पत्नी माया देवी के साथ रहते थे। उन्हें एक सुन्दर बालक हुआ जिसका नाम उन्होंने सिद्धार्थ रखा। पिता ने उसे अत्यन्त सावधानी से पाला। उन्होंने राज्य में एक ही साथ सभी बुद्धिमानों को एक युवक राजकुमार के योग्य शिक्षा देने के लिए बुलाया। राजकुमार शीघ्र ही अच्छे विद्वान् हो गये—इसलिए उनके शिक्षक उन्हें अधिक नहीं पढ़ा सके। यद्यपि वे पुस्तकी विद्या तथा बहुत प्रकार के शस्त्रों के चलाने में दक्ष थे, फिर भी उन्होने घमंड कभी नहीं किया। अपितु अपने शिक्षकों के साथ आदर का व्यवहार किया और अपने साथियों के साथ नम्रता तथा प्रेम का बर्ताव किया।

Or

Long long ago, in the north of India, there lived a king named Shuddhodana and his queen was Maya. A beautiful son was born to them; they named him Sidhartha. He was very carefully brought up by his father, who called together all the wisest men in the kingdom to teach him all that a young prince should know. Prince Sidhartha soon grew very learned, so that his teachers could teach him no more. Though he was learned in books and skilled in the use of all kinds of weapons, he never grew vain or proud, but always treated his teachers with reverence and his companions with gentleness and affection.

Exercise 11

एक कुत्ता अपने मुँह में एक मांस का टुकड़ा लिए एक झरने से होकर गुजरा। वहाँ उसने स्वच्छ जल में अपने प्रतिबिंब को देखा। उसने दूसरा कुत्ता समझकर मांस के टुकड़े को छीनना चाहा। ज्योंही

वह उसपर झपटा उसका अपना टुकड़ा भी मुँह से गिर पड़ा और जल में डूब गया। इस प्रकार कुत्ते ने अपना सब कुछ खो दिया।

Or

A dog was carrying a piece of meat in his mouth and crossed with it through a stream. There he saw his image in the clear water. He thought this was another dog and wished to snatch the piece of meat from him. As he snatched at it, his own fell out of his own mouth and sank into the water. Thus the dog lost everything.

Exercise 12

एक समय एक बहुत बड़ा विद्वान् किन्तु गरीब आदमी एक राजा के घर उसके साथ खाने के लिए गया। फटे वस्त्रों से सज्जित होने के कारण राजा ने एक भी स्वागत का शब्द नहीं कहा। पंडित ने शीघ्र ही इसे समझ लिया कि इस तरह के व्यवहार का कारण मेरे ये वस्त्र ही हैं और दूसरे दिन वह अच्छे वस्त्रों से भूषित होकर उसी सज्जन के घर गया। राजा ने उसका स्वागत किया तथा आदर किया। वह उन्हें भोजन-गृह में ले गया। भोजन करने के पहले ही, अतिथि ने अपने ऊपर के वस्त्रों को पृथ्वी पर फैला दिया और तीन मुट्ठी भात उन उन पर फेंक दिया। जब ब्राह्मण से पूछा गया कि आपने ऐसा क्यों किया तब उसने उत्तर दिया—कल मैं आपके पास गन्दे वस्त्रों मे आया था। आपने मुझे कुछ शब्दों के योग्य भी न समझा। लेकिन आज इन वस्त्रों के कारण ही आपने मुझे आदर दिया है।

Or

Once a very learned but very poor man went to the house of a lord to dine with him. As he was clad in rugged garments, the rich man did not even offer him a word of welcome. The Pandit easily guessed that his clothes were the cause of such treatment and the next day he went to the house of the same gentleman well-dressed. The lord welcomed and duly honoured him He took him to the dining hall. Before beginning to eat, however, the guest spread out his upper cloth on the ground and threw two or three handfuls or rice on the cloth. When the Brahmin was asked why he did so, he replied yesterday I came to you, clothed in dirty garments You did

not consider me worthy of even a few words. But today it is only by virtue of this cloth, that you have treated me well.

Exercise 13

एक वृद्ध मनुष्य अपने उद्यान में आम्रवृक्षों के रोपने में अत्यन्त परिश्रम कर रहा था। एक युवक मनुष्य ने उन्हें देखकर हँसी उड़ायी और कहा—"आपके ये प्रयत्न अत्यन्त निरर्थक है। आप अत्यन्त वृद्ध हैं और वस्तुतः इन वृक्षों के फलों का स्वाद लेने के लिए आप जीवित नहीं रहेंगे।" वृद्ध मनुष्य ने शान्तिपूर्वक अपनी आँखें उठायीं और युवक पुरुष की ओर देखते हुए कहा—'प्यारे बच्चे! तुमने यथोचित प्रश्न किया है। मेरे जन्म लेने के पूर्व ही किसी ने इन विशाल वृक्षों को उद्यान में रोपा था और मै उनके मधुर फलों को खा रहा हूं। अब मैं इन वृक्षों को रोपता हूं ताकि तुम्हारे जैसे नवयुवक लोग मेरी मृत्यु के बाद खा सकें।' इसे सुनकर वह लड़का लज्जित हुआ और उसने वृद्ध मनुष्य के अच्छे विचारों की प्रशंसा की।

Or

An old man was taking great efforts, in planting mango trees in his garden. A young man who saw him rediculed and said. "How vain are these efforts of yours? You are very old and certainly will not live to taste the fruits of these trees." The old man calmly raised his eyes and looking up at the young man said, "Dear lad, you have put a proper question. Some one, before I was born had planted these fruit trees in the garden and I am eating their sweet fruits I now plant these trees so that young men like you may eat my fruit, when I am dead." On hearing this the boy was ashamed of rudness and praised the good sense of the old man.

Exercise 14

एक बार एक राजा अपना कारावास देखने गया। उसने वहाँ के सभी कैदियों को देखना चाहा। कारावास का अधिकारी सभी कैदियों को एक-एक करके राजा के सामने लाया। राजा ने सबों से अपने दोष को कहने के लिए कहा, जिसके कारण उन्हें कारावास का दण्ड मिला था। सबो ने कहा कि हम निर्दोष थे। राजा ने पुनः उन लोगो को कारावास में भेज दिया। अन्त में एक योग्य मनुष्य आया और राजा के सामने खड़ा हो गया। राजा ने वही प्रश्न उससे भी किया। उसने

उत्तर दिया—मैंने अपने गाँव में एक धनी मनुष्य की कीमती अँगूठी चुरा ली है। इसलिए मैं इस दण्ड के योग्य हूँ। राजा उसकी दोष स्वीकृति पर प्रसन्न हो गया और मुक्ति के लिए आज्ञा देते हुए कहा—इसने चोरी की, इसलिये यह दण्डित हुआ। अब यह सत्य बोलता है, अतएव यह पुरस्कार के योग्य है।

Or

Once a king went to inspect his prison-house. He wished to see all the prisoners there. The guardian of the prison brought the prisoners one by one before the king He asked each one of them to narrate the crime for which he was punished with imprisonment. Everyone of them said that he was innocent The king put them back in prison. At last a young man came and stood before the king. The king put the same question to him. He replied, "I stole the valuable ring of a richman in my village. I, therefore, deserve this punishment" The king was pleased with his confession of his crime. He ordered his release saying. "He committed a theft, so he was punished. Now he speaks the truth and so deserves a reward

Exercise 15

राजा पिंगल अत्यन्त दुष्ट था। जब उसकी मृत्यु हुई तो सम्पूर्ण शहर आनन्दित हुआ। उसके द्वारपाल को छोड़कर कोई नहीं रोया। बोधिसत्व ने उससे पूछा—'तुम क्यों रोते हो?' उसने कहा—'मैं महापिंगल के मर जाने से नहीं रोता हूँ। प्रत्येक समय वह महल से आया और गया उसने मेरे माथे पर आठ बार गदा से प्रहार किया। अभी भी मैं डरता हूँ जबकि वह इस समय दूसरे संसार में है कि वह यमराज के साथ भी वैसा ही व्यवहार करेगा तो वह पुनः उसे पृथ्वी पर भेज देगा। तब पुनः मैं आठ बार मार खाऊँगा। इसीलिए मैं रो रहा हूँ।'

Or

King Mahapingal was very wicked. When he died, the whole city rejoiced. Only his doorkeeper wept. The Bodhisattva asked him, "Why do you weep?" He replied, 'I am not weeping because Mahapingal is dead. Every time he came from the palace and went in, he gave me eight blows on

the head with club. Now I fear when he is in the other world, he will do the same to Yama and Yama will send him back to earth. Then I will get my eight blows again. Therefore I am weepinr.'

Exercise 16

भद्दा एक राजकीय कोषाध्यक्ष की लड़की थी। एक दिन उसने मृत्यु के लिए ले जाये जाते हुए चोर को देखा और वह उसके प्रेम में फँस गयी। घूस के सहारे उसके पिता ने उस चोर को छुड़ा लिया और उसके साथ इसकी शादी कर दी। लेकिन वह चोर केवल उस लड़की के आभूषणों की चाह में रहता था। एक दिन वह उसके आभूषणों को चुराने के लिए उसे एकान्त स्थान में ले गया। किसी प्रकार वह उसके विचारों को जान गयी और आलिंगन के बहाने उसने उसे चोटी पर से ढकेल दिया। इस दुस्साहस के बाद वह पिता के घर नहीं लौटना चाही और भिक्षुणी बन गयी।

Or

Bhadda was the daughter of a royal Treasurer. One day she saw a robber who was being led to his death and she fell in love with him. By means of bribery, the father released the robber and married him to his daughter. But the robber cared only for the girl's jewels. He took her to a lonely spot in order to rob her. However, she perceived his intention, and pretending to embrace him, she pushed him over a cliff. After this adventure, she did not want to return to her father's house but became a nun.

Exercise 17

एक बालिका ने भगवान बुद्ध के चरणों को चन्दनतैल से अभिषिक्त किया। इसके परिणामस्वरूप सम्पूर्ण शहर चन्दन की गंध से भर गया। इस रहस्य से वह बालिका अत्यन्त खुश हुई और भगवान् बुद्ध के चरणों में गिरकर आगत जन्म में, 'प्रत्येकबुद्ध' होने के लिये प्रार्थना करने लगी। बुद्ध हँसे और उन्होंने भविष्यवाणी की—'तुम गन्धमादन नामक प्रत्येकबुद्ध होओगी।'

Or

A poor girl anointed the feet of Buddha with sandalwood oil. In consequence of this, the whole town was filled with

the perfume of sandalwood. The girl delighted with the miracle, fell at the feet of Buddha and prayed that she might become a Pratyeka-Buddha in a future birth. Buddha smiled and prophesied that she will one day be a Pratyeka-Buddha named Gandhamadana.

Exercise 18

एक सौदागर को चार पुत्रवधुएँ थीं। उन सबों को जाँचने के लिये उसने प्रत्येक को चावल के पाँच दाने दिए और सुरक्षित रखने को कहा। पहली पुत्रवधू दानों को फेंककर सोचने लगी--धान्यागार में तो बहुत से अन्न हैं ही--इसके बदले मैं उन्हें दूसरा अन्न दे दूँगी। दूसरी ने भी ऐसा ही किया। तीसरी ने उन्हें आभूषणों की छोटी पेटी में सुरक्षित रख दिया। लेकिन चौथी ने उन दानो को रोप दिया और अन्न उपजाया। पाँच वर्ष के बाद उसने चावलो का विशाल भण्डार इकट्ठा कर लिया। सौदागर जब लौटा तो उसने चौथी पुत्रवधू को गृह की स्वामिनी बना दिया।

Or

A merchant had four daughters-in-law. In order to test them, he gives each of them five grains of rice and orders them to preserve them. The first daughter-in-law throws the grains away and thinks—"There are plenty of grains in the granary. I shal give him other instead." The second thinks in the same way. The third preserves them carefully in her jewel-casket. But the fourth one plants the grains and reaps. At the end of five years she accumulates a large store of rice. The merchant returns and makes the fourth daughter-in-law the head of the household.

Exercise 19

दो गरीब भाई एक स्वर्ण-पिण्ड लेकर यात्रा से लौटे। रास्ते में दोनों ने एक दूसरे को मारकर अपने लिये सोने को रख लेने का विचार किया। वे दोनों किसी प्रकार अपने बुरे विचारों के लिए लज्जित हुए और दोनों ने अपनी गलती स्वीकार की। तब उन लोगों ने उस स्वर्ण-पिण्ड को एक नदी में फेंक दिया। उसको एक मछली निगल गयी। वह मछली दो भाइयों की बहिन के द्वारा लायी गयी और दासी ने

उसके पेट में स्वर्ण पिण्ड को देखा। दासी और उस स्त्री के बीच कलह आरम्भ हो गया और इसी सिलसिले में उस स्त्री की मृत्यु हो गयी।

Or

Two poor brothers returned from a journey with a lump of gold. On the way each of them thought of killing the other and keep the gold for himself. They however, become ashamed of their intentions and confess to each other. Then they throw the lump of gold in the river. It is swallowed by a fish. The fish is bought by the sister of the two brothers, and the maidservant finds the lump in its stomach A quarrel arises between the maidservant and the woman, in coures of which the woman loses her life.

Exercise 20

एक राजा ने एकबार स्वप्न में देखा कि मेरे सभी दाँत गिर गये हैं। इसे अपशकुन जानकर उसने एक ज्योतिषी को बुलाया और स्वप्न की व्याख्या पूछी। उसने कहा, 'इसका अर्थ बड़ा बुरा है। आपके सभी होनहार लड़के आपकी मृत्यु के पहले ही मर जायेंगे।' यह सुनकर राजा क्रुद्ध हो गया और ज्योतिषी को कैद में बन्द कर देने को कहा। उसने पुनः दूसरे ज्योतिषी को बुलाया और स्वप्न का अर्थ पूछा। वह बड़ा होशियार था। उसने बड़े आनन्द से उसका उत्तर दिया। 'महानुभाव! स्वप्न बड़ा अच्छा है! इसका अर्थ है कि आप अपने सभी सम्बन्धियों की मृत्यु के अन्तर भी जीवित रहेंगे। राजा उसके उत्तर से बहुत प्रसन्न हुआ और उसने ज्योतिषी को बहुमूल्य उपहार दिये।

Or

A king saw in a dream that all his teeth had fallen out. Thinking it to be an ill omen he called an astrologer and asked him the interpretation of his dream. He said, "The meaning is inauspicious All your majesty's children would die before you." The king was enraged and ordered the astrologer to be thrown in a cellar He then sent for another and asked him the meaning of his dream. He was clever and answered with a countenance full of joy, "My Lord, the dream is very auspicious. It means that your majesty would

survive all your relatives" The king was greatly pleased with this answer and gave the astrologer many rich presents.

Exercise 21

सभी गुणों से विभूषित सर्वशक्तिमान् राजा विक्रम ने किसी साधु से एक शरीर से दूसरे शरीर में प्रवेश करने की ऐन्द्रजालिक कला सीखी। उसी समय एक ब्राह्मण ने भी उसके साथ वह कला सीखी। विक्रम ने अपने शरीर को छोड़कर एक हाथी के शरीर में प्रवेश किया। इसी समय उस ब्राह्मण ने भी महाराज विक्रम के मृत शरीर में प्रवेश किया। जब राजा की आत्मा ने इसे जान लिया तब वह हाथी के शरीर को छोड़कर सुग्गे के शरीर में प्रवेश कर गयी। तत्पश्चात् वह सुग्गा एक शिकारी के द्वारा पकड़ा गया और एक रानी के हाथ बेच दिया गया। वह सुग्गा रानी का परम प्रिय बन गया और रानी से बातें भी करने लगा।

Or

The mighty King Vikrama, who is endowed with all the virtues, learns from a sage the magic art of penetrating into another body. At the same time with him a Brahmin learns the same art. Vikrama abandons his own body and enters the body of an elephant At that very moment the Brahmin enters the body of King Vikrama. When the soul of the King Vikrama knows this he abandons the body of the elephant and enters the body of a dead parrot. He is caught by a hunter and is sold to a queen. The parrot becomes the queen's favourite and converses with her.

Exercise 22

एक वृद्ध आदमी को छः पुत्र थे। वे हमेशा एक दूसरे से लड़ते थे। बूढ़े आदमी ने हर प्रकार उनके बीच पारस्परिक स्नेह उत्पन्न करने का प्रयत्न किया, लेकिन उसके सारे प्रयास व्यर्थ हुए। अन्ततः एक दिन उसने सबों को अपने समक्ष बुलवाया। उसने उन्हें छड़ियों का एक बंडल दिया और बारी-बारी से उसे तोड़ने का आदेश दिया। क्रमानुसार प्रत्येक ने पूरे बल के साथ प्रयत्न किया लेकिन कार्य सिद्ध न हुआ। तदन्तर पिता ने बंडल को खोल देने की आज्ञा दी। उसमें से प्रत्येक को एक छड़ी देकर उसने अपने पुत्रों को उसे

दो भागों में तोड़ने का आदेश दिया। बिना किसी प्रयास के प्रत्येक ने छड़ी तोड़ दी। तब पिता ने लड़कों को संबोधित किया—ओ, मेरे पुत्रो! एकता की शक्ति का अवलोकन करो। यदि तुम लोग मित्रता के बन्धन में एक रहोगे, तो कोई भी तुम्हें हानि पहुँचाने में समर्थ न होगा; लेकिन अगर तुम एक दूसरे से घृणा करोगे और आपस में कलह करोगे तो तुम लोग आसानी से अपने शत्रुओं के शिकार हो जाओगे।

Or

An old man had six sons. They always quarreled with one another. The old man tried by all means to create mutual affection among them; but all his efforts were in vain. At last one day, he summoned them all before him. He gave them a bundle of sticks and ordered them, one by one, to break it. Each in turn tried with his full strength but to no purpose. Then the father ordered the bundle to be disunited. Giving a single stick to each of them, he ordered his sons to break it into two. Each son broke the stick without any effort. Then the father addressed the boys, 'Oh, my sons! hold the power of unity. If you stand united by bonds of friendship, no one will be able to hurt you; but if you hate one another and are disunited you will easily become a victim to your enemies.

Exercise 23

एक कुत्ता जिसने अपने आश्रयदाता की अनेक वर्षों तक सेवा की, बूढ़ा और कृश हो गया। एक दिन कुछ चोर उस आदमी के घर में घुसे और उसकी सारी सम्पत्ति के साथ भाग निकले। कुत्ता अधिक वृद्धावस्था से तेज नहीं दौड़ सका, और चोरों को नही पकड़ सका। कृशकाय होने से वह न जोर से भूँक सका और न मालिक को जगा सका। वह आदमी प्रातः उठा और उसने अपनी सारी सम्पत्ति गायब पायी। क्रोध के आवेश में उसने कुत्ते से कहा—'दुष्ट जीव मैंने अपनी सारी सम्पत्ति खो दी, क्योंकि तुमने अपना कर्त्तव्य नहीं किया है। तुम्हें अबसे खिलाने-पिलाने का कोई लाभ नही है। मैं तत्क्षण तुम्हें इस छड़ी से पीटकर मार डालूँगा।" कुत्ते ने दयनीय होकर उत्तर दिया—"मालिक जब मैं युवक था मैंने भलीभाँति लम्बी अवधि तक

आपकी सेवा की। मै वृद्ध हो गया हूँ। कैसे इसे दूर कर सकता हू। मेरी युवावस्था के दिनों की सेवा का स्मरण कर आपको मेरी वृद्धावस्था में मेरे प्रति दयालु होना चाहिए। क्या आप अपने पुत्रों से आशा नहीं रखते कि जब आप बूढ़े होंगे और कुछ भी नही कमा सकेंगे, तब वे आपको आश्रय देंगे ?" इन शब्दों को सुनकर वह आदमी अपनी ही अकृतज्ञता पर लज्जित हुआ और तबसे कुत्ते के प्रति दयार्द्र बना रहा।

Or

A dog which served its master faithfully for many years, bacame very old and feeble. One day some thieves entered the house of the man and ran away with all his property. The dog being too old, could not run quickly and catch the thief. Being too weak, it could not bark loudly, and wake up the master. The man woke up next morning and found all his wealth lost. In a fit of anger he said to the dog, "You mean creature, I have lost all my wealth because you have not done your duty. There is no use in feeding you any longer. I will presently kill you by striking you with this stick." The dog answered piteously, "Master, I served you well and long when I was young. Now I have gone old. How can I avoid it ? Recollecting the services of my younger days, you must be kind to me in my old age. Do you not expect your sons to protect you, when you grow old and can not earn anything ?' On hearing these words the man was ashamed of his own ingratitude and was ever after kind to the dog.

Exercise 24

एक समय हस्तिनापुर में विलास नाम का धोबी रहता था। उसका गधा बड़ा कमजोर हो गया। इसे पुनः मजबूत बनाने के लिए धोबी ने गधे को बाघ की खाल से ढँककर दूसरे के खेत में छोड़ दिया। गधे ने स्वतंत्र होकर खूब खाया और मोटा हो गया। इसे वास्तविक बाघ समझकर खेत के मालिक लोग डर से भाग खड़े हुए। लेकिन इस पशु की स्वाभाविक प्रकृति के बारे में एक आदमी को संदेह हो गया। वह अपने को गधे की खाल से ढँककर अपने खेत की ओर गया। बाघ की खाल से ढँके गधे ने उसे देखकर समझा

कि यह हमारा दूसरा साथी है और रेंकना शुरू किया तथा उसके समीप गया। खेत के सभी रखवालों ने उस जानवर को गधा समझकर शीघ्र ही मार डाला।

Or

Once there lived at Hastinapur a washerman named Vilasa. His ass became very weak. To make it strong again the washerman covered the ass with a tiger's hide and let it into the corn-field of others. The ass ate freely and became fat. Taking it to be really a tiger, the owners of the field ran away in fright. But one intelligent man became doubtful about the true nature of the animal. He covered himself with an ass's hide and went about his field. The ass in the tiger's hide thinking that there was a fellow ass in the field began to bray and ran towards him. All the keepers of the field thus understood the animal to be a donkey and immediately killed it.

Exercise 25

एक किसान के पास एक मुर्गी थी जो प्रतिदिन सोने का एक अण्डा दिया करती थी। वह लालची मनुष्य इससे सन्तुष्ट नही था। एक दिन उसने सोचा "यह मुर्गी मुझे प्रतीदिन एक ही अण्डा देती है। इसके पेट में सोने के ऐसे बहुत से अण्डे होंगे। यदि मैं सबों को एक ही समय पाऊँ तो मै धनी हो सकता हूँ। अतएव उसने मुर्गी को मार कर उसके पेट को छुरी से काट दिया। लेकिन उसके पेट मे एक अण्डा भी नहीं मिला। इस प्रकार जो वह सोने का अण्डा प्रतिदिन पाता था, समाप्त हो गया। साथ ही वह मुर्गी भी समाप्त हो गई। किसान ने अपनी मूर्खता पर खेद प्रकट किया और पश्चात्ताप में डूब गया। वस्तुतः असन्तोष और लालच सब दुःखों की जड़ है।

Or

A farmer had a hen which laid a golden egg every day. The greedy man was not contented with this. One day he thought within himself—"This hen gives me only one egg every day. Surely there must be many such golden eggs in its belly. If I can get them all at one time, I can become very

rich." So he killed the hen and cut its belly with a knife; but alas ! he found no egg there. Thus the golden egg that he got every day and the hen that laid were both lost for ever. The farmer bemoaned his foolishness and was immersed in repentance. Really discontent and greed are the root of all misery.

Exercise 26

गोदावरी नदी के तट पर एक विशाल वट वृक्ष था। उसकी डालियों पर अपना-अपना घोसला बनाकर अनेक पक्षी आरामपूर्वक रहते थे। एक बार वर्षा ऋतु में एक बन्दरों का झुण्ड आया और वृक्ष के नीचे ठहरा। जोरों की वर्षा हो रही थी और शीत के मारे बन्दर लोग कॉप रहे थे। वृक्ष पर रहने वाले पक्षियों में से एक ने दया प्रकट करते हुए कहा—"भाइयो ! मैं अपने घोसले में आराम से रहता हूँ। तुम्हें मनुष्यों की तरह हाथ पैर हैं, अपने लिए तुम हम लोगों से अच्छा घर बना सकते हो। बिना घर के तुम क्यों कष्ट उठा रहे हो ?" उस पक्षी की राय सुनकर बन्दर बड़े क्रुद्ध हो गये। वृक्ष पर चढ़कर उन लोगों ने पक्षियों के घोसलों को नष्ट कर दिया।

Or

On the bank of the river Godavari there was a huge banyan tree. Several birds were living comfortably there, having built their nest on its branches Once in the rainy season a group of monkeys came and took shelter at the foot of the tree. The rains were pouring heavily and the monkeys were shivering with cold. One of the birds living in the tree took pity on them and said "Brothers ! we live comfortably in our nests. You have hands and feet like men and you can build for yourselves home better than ours. Why then do you suffer without a home ?" The monkeys grew furious at the birds on hearing their advice. They climbed the tree and destroyed the nests of the birds

Exercise 27

परशुराम को सुधा नाम की एक बहन थी। वह अपने भाई से छोटी थी, किन्तु चालाक थी। वह प्रतिदिन स्कूल जाती और अपना पाठ याद करती थी। किन्तु परशुराम आलसी और झगड़ालू था। एक

दिन उसने भूमि पर पड़े एक गेंद को देखा और लेने की इच्छा की। लेकिन सुधा ने कहा—'यदि इस गेंद को हमलोग लेंगे तो लोग हमें चोर कहेंगे।' उनके पिता ने अचानक सुधा की बात सुन ली और उसे बहुत से उपहार दिये।

Or

Parsuram had a sister called Sudha. She was younger than her brother but was cleverer. She went to school every day and learnt her lesson But Parsuram was lazy and quarrelsome. One day he saw a ball lying on the ground and wanted To Take it. But Sudha said, "If we take this ball, people will call us thieves." Their father heard these words of Sudha accidently and gave her many presents.

Exercise 28

प्राचीन काल में एक साधु अपनी पत्नी के साथ एक जगल में रहते थे। वे दोनो कालक्रम से अन्धे और कमजोर हो गये। सिन्धु नाम का एक छोटा लड़का ही उन लोगो की खुशी का एकमात्र साधन था। वह लड़का कर्तव्य-परायण, स्नेही और दयालु था। वह आवश्यकताओं को पूरा करता हुआ माता-पिता की सेवा करता था। वह फलों को लाने के लिए जगलो में घूमता था। वह पानी लाता और उनके लिए सदा भोजन बनाता था। माता-पिता अपने पुत्र को इतना प्यार करते थे कि उसका नाम सदा उनके होठों पर रहता था।

Or

